
सुप्रभात
रांची, रविवार
24.12.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | अगहन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 161 | 06 | नये साल का संदेश : बुद्ध बनो प्रबुद्ध बनो



## न्यूज डायरी

### गुमला में पूर्व पंसस के पति की गोली मार हत्या

**गुमला।** भरनो थाना क्षेत्र के सुपा वन गांव में शुक्रवार रात पूर्व पंचायत समिति सदस्य के पति विजय उरांव की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। इसके विरोध में स्थानीय ग्रामीणों ने शनिवार सुबह एनएच-23 पर जाम लगा दिया।

### जामताड़ा में युवक की गला रेतकर हत्या

**जामताड़ा।** फतेहपुर थाना क्षेत्र के आसनबेड़िया पंचायत के पथराबाद में शनिवार सुबह एक अज्ञात शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि युवक की हत्या कर शव यहां फेंक दिया गया है। उसके गले पर कटे हुए का निशान है। साथ ही उसकी एक आंख भी निकाल ली गयी है।

### आइइडी ब्लास्ट में महिला नक्सली घायल

**पश्चिमी सिंहभूम।** सोनुआ थाना क्षेत्र के पोड़ाहाट जंगल के बोयकेड़ा में पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए शुक्रवार रात आईईडी बम लगाने के दौरान एक महिला नक्सली गंभीर रूप से घायल हो गयी। कुछ लोग महिला नक्सली की मौत होने और उसे सहयोगी नक्सलियों द्वारा साथ ले जाने की बात कह रहे हैं।

### रिश्वत लेते एएसआइ रंगेहाथ गिरफ्तार

**रांची/ हजारीबाग।** एसीबी ने शनिवार को विष्णुगढ़ के एएसआई मनोज कुमार को छह हजारी रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। मनोज बिहार के जहानाबाद जिले के रहने वाले हैं। जिले की ललिता देवी ने एसीबी से शिकायत की थी।

### कोहरे की चादर में लिपटा रहा झारखंड

**रांची।** राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सुबह से शाम तक ठंडी हवाएं बह रही है, जिस कारण धूप में भी लोगों को ठंड का एहसास हो रहा है। राज्य के अधिकांश जिलों में बादल छाए हुए हैं। कई जिलों में कोहरा की स्थिति भी बनी हुई है।

### तीन साल से जमे पुलिस अधिकारियों को बदलें

**रांची।** चुनाव आयोग 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गयी है। चुनाव से पहले ईसीआई ने मुख्य सचिव एल ख्यांगते को पत्र लिखकर तीन साल से एक ही जगह जमे एडीजी से सब इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों का तबादला करने को कहा है।

### पुंछ एनकांउटर वाली जगह मिली तीन लाशें

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सेना के दो वाहनों पर आतंकियों ने जिस स्थान पर घात लगाकर हमला किया था, उसी जगह से तीन लोगों की लाश मिली है। उनकी मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। जिन लोगों की लाश मिली है, वो उन लाठ लोगों में शामिल थे, जिन्हें पूछताछ के लिए पुलिस लेकर गयी थी। इनकी मौत कैसे हुई इसको लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आयी है।

**गहना आभूषण**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 78,000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




# आज रात्रि प्रभु यीशु का जन्मोत्सव





फोटो : समीर

क्रिसमस को लेकर उत्साह चरम पर है। 24 दिसंबर को प्रभु यीशु के आगमन को लेकर देर रात तक गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना होगी, जिसके बाद रात के 12 बजे प्रभु यीशु का जन्मोत्सव मनाया जायेगा।

## आर्चबिशप हाउस पहुंच सीएम ने दी बधाई

शनिवार शाम सीएम हेमंत सोरेन पुरुलिया रोड स्थित आर्चबिशप हाउस पहुंचे। वहां उन्होंने बालक प्रभु यीशु के दर्शन किये और लोगों को क्रिसमस की बधाई दी। आर्च बिशप फेलिक्स टोप्पो के साथ केक काटा और एक दूसरे को के खिलाकर क्रिसमस की बधाई दी। सीएम ने कहा कि क्रिसमस का पर्व हम सभी के लिए बहुत उत्साह, उमंग और खुशी का पर्व होता है। उन्होंने प्रभु यीशु से राज्यवासियों के लिए अमन-चैन तथा सुख, समृद्धि की कामना की। मौके पर सहायक धर्माध्यक्ष बिशप थियोडोर मास्करेन्हास, फादर मुकुल कुल्लू, फादर असित टोप्पो, फादर अजीत कुमार खेस, फादर सहदेव प्रजापति, फादर सुशील बेक सहित अन्य लोग मौजूद थे। सीएम ने कहा कि प्रभु यीशु प्रेम और शांति के प्रतीक हैं। पूरे विश्व में अहिंसा, सत्य और सेवा का संदेश फैलाया। उन्होंने सभी राज्य वासियों को क्रिसमस एवं नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

# जहां जन्म हुआ, उसी राज्य में आरक्षण का लाभ : हाइकोर्ट




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि अगर कोई महिला बिहार में या किसी दूसरे राज्य में आरक्षित श्रेणी में आती है, लेकिन उसकी शादी झारखंड में हुई है तो उसे आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि जिस राज्य में जिस व्यक्ति का जन्म हुआ है, उसे उसी राज्य में आरक्षण का लाभ मिलेगा।

दरअसल वर्ष 2016 में जेएसएससी ने शिक्षक नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया था। इस नियुक्ति प्रक्रिया में रीना राणा भी शामिल हुई थीं। मेंस परीक्षा में सफल होने के बाद प्रार्थी को इंटरव्यू और सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया गया था। उन्होंने अपने पति के कास्ट सर्टिफिकेट के आधार पर झारखंड में आरक्षण का दावा किया था। लेकिन जेएसएससी ने रीना राणा को आरक्षण का लाभ देने से इनकार कर दिया। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर आरक्षण की मांग की थी। सभी पक्षों को सुनने के बाद न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए रीना राणा की याचिका खारिज कर दी। प्रार्थी रीना कुमारी राणा की ओर से अधिवक्ता अभिषेक श्रीवास्तव ने बहस की। वहीं राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता श्वेता शुक्ला ने अपना पक्ष रखा। जबकि जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल ने बहस की।

### रामगढ़ में बोले सीएम- डबल इंजन की सरकार ने गांवों की समस्याएं बढ़ा दी

# झारखंड में गाजर मूली की नहीं है सरकार: हेमंत सोरेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़, रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को अपने गृह जिला रामगढ़ में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होकर जनता को करोड़ों की सौगात दी। जनता को संबोधित करते हुए सीएम ने भाजपा और केंद्र सरकार को खुली चुनौती दी। उन्होंने कहा कि झारखंड में गाजर मूली की सरकार नहीं है। यहां जनता ने गरीबों और आदिवासियों की सरकार बनायी है। इसे हिलाना नामुमकिन है। वे लोग दिवा स्वपन देखना छोड़ दें। केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे लोग दिन में इस सरकार को गिराने का सपना देख रहे हैं। इसकी एकमात्र वजह यह है कि यहां की जनता ने डबल इंजन की सरकार को मखमल से हटकर पत्थर पर सुला दिया है।

- गरीबों, आदिवासियों की सरकार को हिलाना-डुलाना असंभव है
- भाजपा और केंद्र की दिन में सपना देखना छोड़ दे



#### गोला को डिग्री कॉलेज का उपहार शीघ्र मिलेगा

कार्यक्रम में सीएम ने गोला को डिग्री कॉलेज का उपहार जल्द मिलेगा। आपकी सरकार ने इसके लिए स्वीकृति दे दी है। आनेवाले कुछ ही दिनों में कॉलेज की आधारशिला रखी जायेगी। रामगढ़ जिला में आवागमन को बेहतर करने के उदेश्य से 250 करोड़ रुपये की लागत से 400 किमी ग्रामीण सड़क एवं 450 करोड़ रुपये की लागत से 250 किमी उच्च स्तरीय सड़क का निर्माण किया जा रहा है। जल्द ये सड़कें रामगढ़ वासियों के सुगम आवागमन में सहायक होगा।

**सभी को दे रहे योजनाओं का लाभ :** कार्यक्रम का आयोजन गोला प्रखंड स्थित चाड़ी पंचायत के तिरला मैदान में किया गया था। सीएम ने कहा कि आपकी सरकार ने अधिकारियों को योजना की गठरी बनाकर हर गांव में भेजा है। यही वजह है कि सभी को योजनाओं का लाभ उनके घर पर मिल रहा है। झारखंड गरीब प्रदेश है और यहां की जनता योजनाओं को लेकर उतनी जागरूक नहीं है।

(शेष पेज 11 पर)

### 22 को पीएम मोदी के हाथों गर्भगृह में विराजेंगे रामलला

# प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त 84 सेकंड का

**एजेंसी**

**अयोध्या/वाराणसी।** अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को पीएम मोदी के हाथों होगी। प्राण प्रतिष्ठा के लिए शुभ मुहूर्त का क्षण 84 सेकंड का मात्र होगा। काशी के पंडितों ने यह मुहूर्त तय किया है। द्रविड़ बंधु पं गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ और पं विश्वेश्वर शास्त्री ने बताया कि 22 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकेंड से मूल मुहूर्त होगा, जो 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकेंड तक चलेगा। यानी कुल 1 मिनट 24 सेकेंड का ही प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त होगा। मुहूर्त शुद्धि के लिए सोना दान किया जायेगा।

नवनिर्मित राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 84 सेकंड का अति सूक्ष्म मुहूर्त होगा। (शेष पेज 11 पर)



**ट्रस्ट ने दिये थे कई विकल्प :** दरअसल यूं तो श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रामलला की स्थापना के लिए कई तारीखों के विकल्प दिये थे जिसमें 17 जनवरी से 25 जनवरी तक के 5 तारीख थे, लेकिन काशी के ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ में 22 जनवरी तारीख और एक मुहूर्त चुना। इन विद्वान ज्योतिषाचार्य के मुताबिक, 22 जनवरी मुहूर्त के लिहाज से कई वाणों से दोष मुक्त है। यह तारीख और यह मुहूर्त अग्निबाण मृत्युबाण, चोरवाण, नृपवाण और रोगवान से मुक्त है।

### गुलाम अहमद मीर बने झारखंड कांग्रेस प्रभारी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को 12 महासचिवों और 12 प्रदेश प्रभारियों की नियुक्ति की है। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग के गुलाम अहमद मीर (62) को झारखंड प्रभारी नियुक्त किया है। उन्हें पश्चिम बंगाल का भी अतिरिक्त प्रभार है। अविनाश पांडेय को उत्तर प्रदेश का कांग्रेस प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### हैदराबाद : अस्पताल में आग, कई मरीज फंसे

**हैदराबाद।** अंकुरा अस्पताल में शनिवार को भीषण आग लग जाने से कई गर्भवती महिलाओं के फंसे होने की आशंका है। आग बुझाने में दमकल की गाड़ियां जुटी हैं। अस्पताल में बच्चों और गर्भवती महिलाओं का इलाज होता है।

# अब झारखंड से भी मिलेगा चिप आधारित ई-पासपोर्ट

- केंद्र सरकार के निर्देश पर तैयारी शुरू, कवर में जुड़ा होगा चिप

**सुधीर**

**रांची।** झारखंड में जल्द ही ई-पासपोर्ट सेवा शुरू होने जा रहा है। केंद्र के निर्देश पर झारखंड में इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है। जल्द ही झारखंड स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय से चिप आधारित पासपोर्ट जारी किया जायेगा। ऐसा होने से पासपोर्ट और संबंधित व्यक्ति की जांच आसानी से की जा सकेगी। मैन्यूअली पासपोर्ट के कारण इसका मिलान करने में काफी परेशानी होती है। यही कारण है कि केंद्र सरकार ने झारखंड में भी अन्य राज्यों की तरह ई-पासपोर्ट सेवा शुरू करने की योजना बनायी है। (शेष पेज 11 पर)

#### क्या ई-पासपोर्ट

केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन का कहना है कि ई-पासपोर्ट कागज और इलेक्ट्रॉनिक पासपोर्ट का एक संयुक्त रूप है। इसमें एंबेडेड रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफ आइडी) चिप और एंबेडेड एंटिना बैक कवर में जुड़ा हुआ होता है। पासपोर्ट की महत्वपूर्ण जानकारी उसके डेटा पेज पर मुद्रित होने के साथ-साथ चिप में भी संग्रहित होगी। दस्तावेज और चिप की विशेषताएं अंतर्राष्ट्रीय नागरिक विमानन संगठन (आईसीएओ) दस्तावेज 9303 में निर्दिष्ट हैं।

### उत्तर भारतीयों पर फिर मारन का विवादित बोल


**तमिलनाडू।** डीएमके ने एक बार फिर उत्तर भारतीयों को लेकर ववादित बयान दिया है। डीएमके नेता दयानिधि मारन ने कहा है कि यूपी-बिहार के लोग 'तमिलनाडु में साफ करते हैं टॉयलेट। उनका यह अमर्यादति बयान एक बार फिर बहस का मुद्दा बन गया है। डीएमके सांसद डीएनवी सेंथिलकुमार ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान उत्तर भारत के राज्यों को गौमूत्र राज्य बताया था। बाद में उन्हें माफी मांगनी पड़ी थी। वहीं अब उत्तर भारतीयों को लेकर डीएमके के एक और नेता दयानिधि मारन के भी बोल बिगड़ते हुए नजर आ रहे हैं। डीएमके सुप्रीमो एमके स्टालिन ने पार्टी नेताओं को हिदायत भी दी थी कि इस तरह के बयान से बचें। इससे दूरी बढ़ती है।

# भारत अब गाल नहीं बढ़ाता, ईंट से ईंट बजाता है

## आतंकवाद के बहाने विदेश मंत्री जयशंकर का दुनिया को कड़ा संदेश

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत अब थप्पड़ खाकर किसी के आगे अपना दूसरा गाल नहीं बढ़ायेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने साफ कहा कि भारत पिछले 10 वर्षों में बदल चुका है और अब यह ईंट का जवाब पत्थर से देने की नीति पर बढ़ चला है। उन्होंने आतंकवाद पर अपना विचार खुलकर रखते हुए कहा कि भारत को इसका सामना पहले दिन से ही करना पड़ा है। उन्होंने कहा, 'दुनिया में पिछले 80 सालों में आतंकवाद को जिस तीव्रता और लंबे समय तक हमने सहा है, शायद किसी और देश ने सहा हो। यह मत समझिए कि आतंकवाद कल शुरू हुआ या सिर्फ कश्मीर या पंजाब की बात है। ये तो आजादी के साथ ही शुरू हुआ था, जब तथाकथित 'कबायली' पाकिस्तान से आये थे। ये लोग जिन्होंने बाद में ये सब चलाया, उन्होंने अपने संस्मरणों में इसे गौरवपूर्ण उपलब्धि बतायी है।' विदेश मंत्री ने कहा कि चूंकि हमने पहले दिन से आतंक का सामना किया है और इस बारे में हमें पूरी तरह स्पष्ट होना चाहिए क्योंकि जिस चीज को आप समझते नहीं, उसका जवाब नहीं दे सकते। (शेष पेज 11 पर)



#### पुरानी नीति अब नहीं चलेगी

विदेश मंत्री ने कहा कि मुंबई पर खौफनाक आतंकी हमले से पहले तो लोग आंतवकाद को लेकर उलझन में थे। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि आज इस देश में जो बदला है, खासकर मुंबई 26/11 मेरे लिए एक टर्निंग पॉइंट था। 26/11 के नंगे सच, उसके खौफनाक प्रभाव को देखने से पहले बहुत लोग भ्रम में थे। उन्होंने कहा कि कोई एक गाल पर थप्पड़ मारे तो दूसरा गाल भी बढ़ा दो की नीति अब नहीं चलने वाली। 'अब हमें सबसे पहले उसका जवाब देना चाहिए क्योंकि कुछ लोग कहते हैं कि थप्पड़ लगने पर हमारी 'दूसरा गाल बढ़ाने' की रणनीति बहुत शानदार थी। मुझे नहीं लगता कि यह देश का मिजाज है। यह समझदारी भी नहीं है। अगर कोई सीमा पार आतंकवाद कर रहा है तो जवाब देना ही होगा, उस पर लागत लगानी ही होगी।

# घुसपैठ कर रहा आतंकी सीमा पर ही मारा गया

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** जम्मू के अखनूर सेक्टर में सेना ने घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश नाकाम कर दी। भारतीय जवानों को पाकिस्तान की तरफ से अंतरराष्ट्रीय सीमा पर की तरफ से चार घुसपैठिये तार की तरफ आते दिखे। चेतावनी दिये जाने पर गोलाबारी करने लगे। जवाबी फायरिंग एक घुसपैठिया वहीं ढेर भी हो गय। उसकी लाश को आतंकियों को घसीटकर ले भागे।

**पाक सैनिक कर रहे थे मदद :** जानकारी के मुताबिक, इन घुसपैठियों को पाकिस्तान की तरफ से पूरा सपोर्ट मिल रहा था। जिस वक्त ये घुसपैठिये अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भारत में दाखिल होने की कोशिश कर रहे थे, उसी वक्त पाकिस्तान की सेना ने भारतीय जवानों का ध्यान भटकाने के लिए अपनी एक पोस्ट में आग भी लगा दी। हालांकि, पाकिस्तान की ये चाल कामयाब नहीं हो पायी और सैनिकों ने तुरंत घुसपैठियों पर गोलियां बरसानी शुरू कर दी। अधिकारियों का कहना है कि मारे गये आतंकी के शव को उसके साथी घसीटकर अंतरराष्ट्रीय सीमा के दूसरी ओर लेकर चले गये। सर्विलांस डिवाइस के जरिये ये घुसपैठ कर रहे थे।

# 29 दिसंबर को मोरहाबादी मैदान में उपलब्धियों का जारी होगा रिपोर्ट कार्ड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठित गठबंधन की सरकार अपने कार्यकाल के 4 वर्ष पूरा होने पर 29 दिसंबर को राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी में जुट गयी है। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए राज्य सरकार के आला अधिकारी जुट गए हैं। मुख्य सचिव एल खियांग्ते के निर्देश पर कार्यक्रम की सफलता के लिए भू राजस्व सचिव अमिताभ कौशल, महिला बाल विकास विभाग के सचिव कृपानंद झा और पीआरडी के निदेशक राजीव लोचन बक्शी को अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दौरान आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण के तहत चलाए जा रहे अभियान का जहां समापन होगा। वहीं इस मौके पर अबुआ आवास योजना के लिए प्राप्त आवेदन के तहत आवास स्वीकृत किया जाएगा।



**4 साल हेमंत सरकार के हो रहे पूरे**

## नई दिल्ली स्थित झारखंड भवन सहित कई सौगात देने की तैयारी

जानकारी के मुताबिक अपने कार्यकाल के 4 वर्ष पूरे करने के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा राज्य की जनता को कई सौगात देने की तैयारी की गई है। इसके तहत गठबंधन सरकार द्वारा नई दिल्ली स्थित नवनिर्मित झारखंड भवन का जहां उद्घाटन होगा। वहीं करीब 10000 युवाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपा जाएगा। इसके अलावे सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य बनाने में जुटे रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने कहा है कि गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, किशोरी समृद्धि योजना, फुलो झानो आशीर्वाद अभियान, सर्वजन पेंशन योजना जैसी सरकार की कल्याणकारी योजना के तहत लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरित करने की तैयारी की जा रही है। इस मौके पर सरकार अपने चार साल के कार्यकाल के उपलब्धियों का रिपोर्ट कार्ड भी जारी करेगी। जिसमें चार साल में जनता के हित में किये गये कार्यो का विवरण होगा। वहीं इसके विपरीत राज्य की प्रमुख विपक्षी दल भाजपा द्वारा सरकार के कामकाज की अलोचना करने की भी तैयारी भी है।

**साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग मामले में एफएसएल ने हाईकोर्ट को दी जानकारी**

# बरामद लड़के का डीएनए मैच नहीं हुआ पीड़ित पिता का बायोलॉजिकल पुत्र नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपी कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील मामले में विधि विज्ञान निदेशालय एवं प्रयोगशाला, रांची ने हाइकोर्ट में जवाब दाखिल किया गया है। यह रिपोर्ट विधि विज्ञान निदेशालय के डिप्टी डायरेक्टर बृज कुमार ठाकुर ने दायर किया है। जिसमें उसने बताया है कि कोर्ट ने 8 नवंबर 2023 को विधि विज्ञान निदेशालय से बरामद बच्चे एवं उसके पिता की डीएनए रिपोर्ट मांगी थी। डीएनए रिपोर्ट में बरामद बच्चे और उसके तथा पिता की डीएनए मैच नहीं हुआ है। जिससे यह निष्कर्ष निकलता है कि वह बरामद लड़का पीड़ित पिता का बायोलॉजिकल पुत्र नहीं है।

बता दें कि पिछले सुनवाई में साहिबगंज एसपी नौशाद आलम ने हाईकोर्ट में शपथ पत्र दाखिल कर डीएनए टेस्ट को एक जटिल प्रक्रिया बताते हुए कोर्ट से समय की मांगा था। मामले की सुनवाई जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ कर रही है। खंडपीठ ने पिछले सुनवाई में दो गुमशुदा बच्चों में से बरामद किए गए एक बच्चे के डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट डायरेक्टर फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री, रांची मांगी थी।

**गुमशुदा दो में से बरामद हो चुका एक लड़का :** मामले में राज्य सरकार की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि गुमशुदा बच्चों में से एक लड़के का पता लगा लिया गया है, लेकिन उसके पिता और अन्य रिश्तेदारों द्वारा उसकी पहचान को लेकर कुछ भ्रम की स्थिति है, इसलिए सरकार ने पिता और लड़के का नमूना लेकर डीएनए टेस्ट के लिए फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला रांची भेज दिया गया है। अब डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

**क्या है मामला :** दरअसल, कुलदेव साह और वीरेन साह के खिलाफ परिवादी एम हेंब्रम ने साहिबगंज कोर्ट में अपने बेटे की चाइल्ड ट्रैफिकिंग करने को लेकर कंप्लेंन केस संख्या 148/ 2022 दर्ज कराई थी। उनका बच्चा वर्ष 2018 से लापता है। वहीं बोरियो थाना में कुलदेव साह एवं पप्पू साह के खिलाफ दर्ज कांड संख्या 2020/ 2022 में बी हंसदा ने अपने छोटे भाई की वर्ष 2014 में लापता होने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

**पहली से आठवीं तक 34,93,402 बच्चों को दी जानी थी ड्रेस या ड्रेस की राशि**

# झारखंड में सरकारी स्कूलों के 636785 छात्र-छात्राओं को अबतक नहीं मिली ड्रेस

**2023-24 शैक्षणिक सत्र के सिर्फ 28,56,617 बच्चों को मिली पोशाक**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई कर रहे शैक्षणिक सत्र 2023-24 के 6,36,785 बच्चों को ड्रेस अब तक नहीं मिली है। क्लास एक से 8 तक के कुल 34,93,402 बच्चों को ड्रेस या ड्रेस की राशि उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने जुलाई 2023 में ही राशि उपलब्ध करा दी थी, लेकिन स्कूलों की लापरवाही से अबतक सिर्फ 28,56,617 बच्चों को ही स्कूल ड्रेस मिल पाई है। अब इस शैक्षणिक सत्र के सिर्फ तीन महीने ही बचे हुए हैं।

इधर स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने दावा किया है कि मार्च 2024 तक बचे हुए बच्चों को ड्रेस उपलब्ध करा दी जाएगी। यानि सत्र खत्म होने के बाद बच्चों को पहनने को नयी ड्रेस दी जायेगी।

## ड्रेस के लिए दिये जाते हैं ₹600 और 750

क्लास 1 से 8 तक के बच्चों को स्वयं सहायता समूह, सखी मंडल और डीबीटी के माध्यम से स्कूल ड्रेस या ड्रेस की राशि दी जाती है। क्लास 1 और 2 के बच्चों का बैंक अकाउंट नहीं होने के कारण उन्हें विद्यालय प्रबंधन समिति के माध्यम से ड्रेस की राशि दी जाती है, जबकि क्लास 3 से 8 के बच्चों को डीबीटी के माध्यम से ड्रेस की राशि उनके खाते में दी जाती है। क्लास 1 से 5 तक के बच्चों को दो सेट स्कूल ड्रेस, एक स्वेटर और एक सेट जूता-मोजा के लिए 600 और क्लास 6 से 8 के बच्चों को 760 रुपये दी जाती है।



## लापरवाह पदाधिकारियों का रोका जा रहा वेतन

बचे हुए बच्चों को जल्द से जल्द स्कूल ड्रेस दिलवाने के लिए शिक्षा विभाग सक्रिय हो गया है। लापरवाही करने वाले पदाधिकारियों और हेडमास्टरों पर कार्रवाई की जा रही है। सितंबर से ही शिक्षा विभाग सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों को इस संबंध में कई बार रिमाइंडर भेज चुका है, लेकिन फिर भी इतनी बड़ी संख्या में बच्चों को ड्रेस नहीं मिली है। कई जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों ने हेडमास्टरों के वेतन पर रोक भी लगा दी है।

**सत्र खत्म होने के बाद बच्चे पहन पायेंगे नई स्कूल ड्रेस**

**चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव को दिया निर्देश**

# एक ही स्थान पर 3 साल से जमे पुलिस अधिकारियों को बदलें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गयी है। चुनाव से पहले ईसीआई ने राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते को पत्र लिखकर तीन साल से एक ही जगह जमे एडीजी से सब इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों का तबादला करने को कहा है। इलेक्शन कमीशन ने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा है कि वैसे अधिकारी जिनका कार्यकाल 30 जून 2023 तक किसी भी जिले में तीन साल की अवधि का हो गया है, तो उनको हटाया जाये। आयोग ने जिन अधिकारीयों के तबादले का निर्देश दिया है, उसमें एडीजी, आईजी, जैप, आईआरबी और एसआईआरबी के कमांडेंट, अलग-अलग जिलों में तैनात एसपी, एसएसपी, एएसपी, डीएसपी, इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, सार्जेंट मेजर, इस रैंक के समकक्ष पदाधिकारी और स्पेशल ब्रांच में तैनात अधिकारी शामिल हैं। आयोग के इस पत्र के बाद राज्य में बड़े पैमाने पर पुलिस अफसर समेत अन्य पदाधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग होने की उम्मीद की जा रही है।

# तारा शाहदेव प्रकरण : रंजीत सिंह कोहली और कौशल रानी ने हाईकोर्ट में की अपील, सीबीआई कोर्ट के फैसले को दी चुनौति

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न और दहेज प्रताड़ना से संबंधित मामले में सजायाफ्ता रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल एवं उसकी मां कौशल रानी ने सीबीआई कोर्ट द्वारा सुनाए गए सजा को हाई कोर्ट में अपील दायर कर चुनौती दी है।

सीबीआई कोर्ट ने रंजीत कोहली को उम्र कैद की सजा के साथ-साथ अंतिम सांस तक जेल में रहने की सजा दी है। वहीं उसकी मां कौशल रानी को 10 साल की सजा सुनाई थी। सीबीआई की के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने यह फैसला सुनाया था।

सजा के खिलाफ अपील में रंजीत कोहली की ओर से कहा गया है कि वह शादीशुदा थे एवं लड़की पक्ष एवं सभी सम्मानित लोगों के समक्ष उनकी शादी हुई थी। वे शादीशुदा जोड़े के रूप में रह रहे थे। ऐसे में उन पर आईपीसी की धारा 376 (2एन) नहीं लग सकता है। वहीं कोहली की मां कौशल रानी की ओर से अपील में कहा गया है कि उन्हें आईपीसी की धारा 120-बी सह पठित धारा-376 (2एन) में सजा दी गई है। जब उनपर धारा 376 (2एन) का मुख्य मामला ही नहीं बनता है तो 120-बी यानी षड्यंत्र का मामला भी नहीं बन सकता है। इन दोनों ने अपील दायर कर खुद को सजा मुक्त करने का आग्रह हाईकोर्ट से किया है।

बता दें कि इस हाई प्रोफाइल मामले में सीबीआई कोर्ट ने मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल, उसकी मां कौशल रानी एवं मुश्ताक अहमद को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई थी। मामले में सीबीआई की ओर से 26 गवाह प्रस्तुत किया गया था, वहीं बचाव पक्ष की ओर से 4 गवाह प्रस्तुत किया गया था।

**भाजपा नेता अरुण उरांव ने दायर की जनहित याचिका**

# राज्य सरकार को आरोपी अफसरों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दे अदालत

**हाईकोर्ट से आग्रह**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय नेता और पूर्व आइपीएस अरुण उरांव ने झारखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। उन्होंने अपने अधिवक्ता अभय मिश्रा के माध्यम से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि झारखंड में पिछले कुछ समय से केंद्रीय एजेंसी इडी ने कई बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में मनी लॉन्ड्रिंग के कई मामले सामने आए हैं। इडी ने अपनी जांच के दौरान राज्य सरकार के कई अफसरों के ऊपर कार्रवाई की भी अनुशंसा की, लेकिन सरकार की ओर से कोई कठोर कार्रवाई नहीं की गई इसलिए मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपियों के खिलाफ राज्य सरकार को भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाना चाहिए। जनहित याचिका में कहा गया है कि इडी की ओर से दी गई जानकारी के बाद अरुण उरांव ने राज्य के वरीय अधिकारीयों को आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आवेदन दिया था, लेकिन कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई।

# झारखंड कांग्रेस के नये प्रभारी बने गुलाम अहमद मीर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष मल्लिकाजुर्न खड़गे अनुमोदन के बाद महासचिव केसी वेणुगोपाल झारखंउड के प्रदेश प्रभारी रहे अविनाश पांडे को नई जिम्मेदारी देते हुए देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस का प्रदेश प्रभारी बनाया है। वहीं झारखंड के प्रदेश प्रभारी रहे अविनाश पांडे की जगह झारखंड के नये प्रदेश प्रभारी के रूप में जम्मू काश्मीर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे गुलाम अहमद मीर को जिम्मेदारी दी है। इधर झारखंड कांग्रेस कमिटि के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने झारखंड के प्रभारी अविनाश पांडे को उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य का दायित्व सौंपने पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रति आभार जताते हुए उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि श्री पांडे एक कुशल संगठनकर्ता के रूप में झारखंड कांग्रेस को पंचायत स्तर तक पहुँचाने का काम किया है। यह उसी का परिणाम है कि उनकी संगठनिक क्षमता को देखते हुए कांग्रेस नेतृत्व में उन्हें बड़े राज्य की जिम्मेवारी सौंपी है। वहीं झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के रूप में गुलाम अहमद मीर के मनोनयन पर भी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने हर्ष व्यक्त किया और कहा कि इनके संगठनात्मक क्षमता का लाभ झारखंड कांग्रेस को मिलेगा। श्री मीर एक कुशल नेतृत्वकर्ता के रूप में जाने जाते हैं। जम्मू काश्मीर के प्रदेश अध्यक्ष के रहते उन्होंने संगठन को गांव तक ले जाने का काम किया। इनकी कार्य कुशलता झारखंड में भी देखने को मिलेगी। इसके साथ ही साथ झारखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार को तीन राज्यों के प्रभारी बनाने पर भी हर्ष व्यक्त किया है और कहा कि डॉ. अजय कुमार भी अनुभवी नेता है, इनके अनुभवों का लाभ कांग्रेस को मिलेगा।

## गुलाम अहमद मीर के नेतृत्व में झारखंड कांग्रेस होगा मजबूत : कांग्रेस नेता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने नवनियुक्त झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर को शुभकानाएं दी हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा है कि आने वाला वर्ष 2024 झारखण्ड की राजनीति में काफी महत्वपूर्ण है। एक तरफ लोकसभा चुनाव है तो वहीं दूसरी तरफ झारखण्ड में विधानसभा के चुनाव के चुनौतियां का भी सामना करना है। हमें पूर्ण विश्वास है कि नये प्रभारी के कुशल नेतृत्व में पार्टी बेहतर कार्य करेगी एवं संगठन मजबूत होगा। कांग्रेस नेताओं ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड सहित पूरे देश में संगठन की मजबूती के लिए किए गए व्यापक फेरबदल के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को धन्यवाद दिया है।

# 26 दिसम्बर को टेट पास सहायक अध्यापक सीएम आवास का करेंगे घेराव: प्रमोद कुमार


खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** टेट सफल सहायक अध्यापक 26 दिसंबर को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। यह जानकारी टेट सफल सहायक अध्यापक समन्वय समिति के प्रमोद कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि समिंति के सदस्य राजभवन के समीप 124 दिनों से अनिश्चित कालीन धरना सह प्रदर्शन कर रहे हैं परंतु सरकार उनकी एक नहीं सुन रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को बनाने में हमारा अहम योगदान रहा है। साथ ही यहां के झारखंडियों टेट पास पारा शिक्षकों का कल्याण इस सरकार से होगा और हमसभी को वेतनमान मिलेगा। सरकार के मुखिया सह शिक्षा मंत्री हेमंत सोरेन बीते 2019 के विधानसभा चुनाव में विभिन्न मंचों से घोषणा की थी कि उनकी सरकार राज्य में बनती है तो तीन माह के अंदर में पारा शिक्षकों को वेतनमान दिया जायेगा।

फिलहाल झारखंड के सतापक्ष में शामिल तीनो पार्टियो के मंत्री, विधायकों ने हमारी एक मांग वेतनमान के लिए समर्थन दिया है। इसलिए हमलोग इन्तजार कर रहे है कि सरकार वेतनमान की घोषणा करेगी। उन्होंने राज्य के सभी जिलों के टेट पास शिक्षकों से अपील है कि 26 दिसम्बर को 100% उपस्थिति राजधानी रांची में दर्ज करें।

उन्होंने कहा कि 26 दिसम्बर को मुख्यमंत्री आवास घेराव का नेतृत्व दशरथ ठाकुर, मिथलेश उपाध्याय, मोहन मंडल, झरीलाल महतो, संजय मेहता, सीमांत घोषाल, मीना कुमारी, मनोज शर्मा, महेश मेहता, मिथलेश यादव, नफीस अंसारी, मुख्तार अंसारी, विपुल दुबे, सज्जाद अंसारी, रंजनीकांत पाण्डे और सरफराज अहमद मुख्य रूप से करेंगे।

## स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना को लेकर जारी किया सामान्य अलर्ट



**रांची।** देश में कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर राज्य में स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना के प्रसार को रोकने के लिए सामान्य अलर्ट जारी किया है। हालांकि, रांची नगर निगम को अभी भी दिशा-निर्देशों का इंतजार है। निगम सामान्य निगरानी और स्वच्छता के माध्यम से कोरोना के प्रसार रोकेगा। वायरस के प्रसार से निपटने के लिए किसी भी तरह के विशेष उपायों को लागू नहीं किया गया है। इस बाबत नगर प्रशासक अमित कुमार ने बताया कि शहर में लोगों के बीच जागरुकता फैलायी जाएगी। जैसे-जैसे मामले बढ़ते हैं उस आधार पर आगे के उपाय किये जाएंगे।

**बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना**

# शत प्रतिशत लाभुकों को आवास स्वीकृति का निर्देश



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना से शत-प्रतिशत आवास की स्वीकृति देने का निर्देश जिले के अधिकारियों को दिया है। इस योजना से राज्य में अभी भी 144 लाभुकों के आवास की स्वीकृति नहीं मिल पायी है। इसमें साहेबगंज में 66, बोकारो में 30, पलामू में 21 एवं गढ़वा जिला में 11 लाभुकों की आवास योजना की स्वीकृति अभी तक नहीं दी गयी है। इस संबंध में ग्रामीण विकास सचिव ने एक सप्ताह के अंदर लक्ष्य तय कर जिलों में शत-प्रतिशत लाभुकों को आवास की स्वीकृति प्रदान करने को कहा है। आवास योजना की मंजूरी मिलने के साथ ही अविलंब इसके निर्माण कार्य को भी शुरू करने को कहा गया है, ताकि लाभुकों को समय पर आवास मिल सके।

**लघु मध्यम उद्योग को बढ़ावा देने को बनी झारखंड की नयी एमएसएमई नीति 2023**

# नगर विकास विभाग ने नगर निकायों को प्रोत्साहन नीति 2023 के अनुरूप कार्य करने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नगर विकास विभाग ने सभी नगर निकायों को झारखंड सूक्ष्म, लधु एवं मध्यम उद्यम एमएसएमई प्रोत्साहन नीति 2023 के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया है। उद्योग विभाग ने नयी नीति बनायी है, जिसे अगले पांच वर्ष तक के लिए अधिसूचित किया गया है। इसका मुख्य उदेश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग अनुकुल वातावरण, नीति समर्थन, बुनियादी ढांचा, वित्त, प्रौद्योगिकी और बाजार लिंकेज, वित्तीय और गैर वित्तीय सहायता एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान करके एमएसएमई के लिए झारखंड को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी और अभि नव औद्योगिक पंसदीदा गंतव्य बनाना है।

## नीति की जरूरत क्यों पड़ी

झारखंड, पूर्वी भारत में प्राकृतिक संसाधन राज्य है। प्रचूर मात्रा में खनिज भंडार, वन और जल निकाय आदि के बावजूद राज्य अपनी पूर्ण आर्थिक क्षमता हासिल करने के लिए संघर्षरत है। एमएसएमई क्षेत्र अर्थव्यवस्था की रीढ़ है जो रोजगार सृजन, निर्यात, औद्योगिक,आर्थिक एवं सामाजिक विकास के माध्यम से समग्र विकास को पोषित कर सकता है। यही वजह है इस इंडस्ट्री के लिए विस्तृत नीति बनायी गयी है।

## बेहतर बुनियादी ढांचा और अन्य संसाधनों तक पहुंच को सुगम बनाना उद्देश्य

एमएसएमई को वित्तीय सहायता, सब्सिडी, प्रोत्साहन, अनुदान और अन्य सहायता प्रदान करना। एमएसएमई के लिए क्रेडिट सुविधा, प्रौद्योगिकी उन्नयन,विपणन सहायता, कौशल विकास, विस्तृत बाजार, बेहतर बुनियादी ढांचा और अन्य संसाधनों तक पहुंच को सुगम बनाना। एमएसएमई को प्रशिक्षण, परामर्श, सलाह, निवारण तंत्र और अन्य आवश्यक सेवाएं प्रदान करना। एमएसएमई उत्पादों ओर सेवाओं के लिए निर्यात,विपणन और ब्रांडिग को बढ़ावा देने, उपलब्धियों को प्रदर्शित करने और जागरूकता पैदा करने के लिए व्यापार मेलों, प्रदर्शनियों, क्रेता-विक्रेता मीट, ई-कॉमर्स प्लेटफार्म आदि में भागीदारी, सेमिनारों, कार्यशाला और अन्य कार्यक्रम का आयोजन करना। एमएसएमई के लिए विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रदर्शन और प्रभाव की निगरानी और मूल्यांकन करना। एमएसएमई के लिए सिंगल विंडो सेवा प्रदान करना एवं ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देना। एमएसएमई के बीच नवाचार, उद्यमिता और कौशल विकास को बढ़ावा देना। एमएसएमई के लिए इंडस्ट्रियल एस्टेट, इंडस्ट्रियल पार्क, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, इंडस्ट्रियल एरिया आदि का विकास करना था ग्रामीण औद्योगिकीकरण यथा रेशम कीटपालन ,खादी, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण, बांस ,चर्म एवं लाह उद्योग को बढ़ावा देना है।

### राज्य में मौसम ने फिर बदला रूख

## 27 तक छाये रहेंगे बादल कोहरा भी रहेगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य के मौसम में एक बार फिर से बदलाव देखा जा रहा है। जहां शुक्रवार तक हल्की धूप लोगों को ठंड से राहत दे रही थी, वहीं शनिवार सुबह कोहरे के बाद आसमान में बादल छाये हुए हैं। वहीं, दिन के समय में भी राजधानी समेत आस पास के इलाकों में कुहासा देखा जा रहा है। हालांकि बादल छाये रहने के कारण न्यूनतम तापमान में दो डिग्री की वृद्धि हुई है। जिससे लोगों को थोड़ी राहत है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो राजधानी समेत आस पास जिलों में बादल छाये हुए हैं। वहीं अन्य जिलों में आंशिक बादल छाये रहने की संभावना है। जबकि राज्य भर में 27 दिसंबर तक बादल छाये रहने की जानकारी दी गयी है। मौसम केंद्र की मानें तो बादल छाये रहने के कारण तापमान में वृद्धि दर्ज की गयी है। जहां राजधानी रांची का तापमान शुक्रवार तक 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वहीं, शनिवार को राजधानी का तापमान 12 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं अन्य जिलों की बात करें तो सबसे कम तापमान पश्चिमी सिंहभूम का 8.9 डिग्री दर्ज किया गया।

इसी तरह खूंटी का 9.1 डिग्री, लोहरदगा का 11.8 डिग्री, गुमला 10.1 डिग्री रहा। वहीं, चतरा, गढ़वा, हजारीबाग, लातेहार, पलामू का तापमान 12.1 से 12.8 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। धनबाद, किरीबुरू, साहेबगंज का तापमान 13.1 डिग्री तक दर्ज किया गया। देवघर और गोड्डा का तापमान 14.5 डिग्री तक रहा। गिरिडीह और पाकुड़ का तापमान 15.5 डिग्री तक रहा।

विभाग की मानें तो 27 दिंसबर तक राज्य वासियों को ठंड से थोड़ी राहत मिल सकती है। आंशिक बादल का असर रांची, खूंटी, गुमला, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो जिला में भी देखा जायेग। सुबह और शाम कोहरे का असर राज्य भर में देखा जायेगा। हालांकि 27 दिसंबर के बाद भी राज्य के तापमान में गिरावट नहीं होने की जानकारी दी गयी है।

### आर्च बिशप फेलिक्स टोप्पो से मिला पासवा का डेलिगेशन, दी बधाई

# उत्साह के साथ एक-दूसरे के बीच खुशियां बांटने का त्योहार है क्रिसमस : आर्च बिशप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** क्रिसमस की पूर्व संध्या पर पासवा का डेलिगेशन शनिवार को आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो से मुलाकात कर क्रिसमस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में महानगर पासवा अध्यक्ष डॉ सुषमा केरकेट्टा, पासवा वोलेंटियर्स रूपा राव, श्रुति तिवारी, अनिकेत कुमार, अमन यादव, आशुतोष कुमार, मेहुल दुबे ने आर्च विशप को केक खिलाया एवं अंग वस्त्र दिया तथा पुष्प गुच्छा भेंट किया।



इस मौके पर अपने संदेश में आर्च बिशप ने कहा कि क्रिसमस खुशियां बांटने वाला त्योहार है, इस दिन को उत्साह उमंग और खुशी के साथ मनाया जाना चाहिए। प्रभु ईसा मसीह ने प्रेम, करुणा, सत्य, क्षमा, दया, भाईचारा, सद्भावना का जो संदेश दिया है, हमें उसी रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। आर्च विशप ने क्रिसमस के मौके पर पासवा के अनुरोध पर प्रार्थना भी किया एवं आशीर्वाद दिया।

आर्च विशप ने कहा हम सभी एक ही ईश्वर की संतान हैं। हमसब के बीच एक आध्यात्मिक रिश्ता है और बहुत ही गहरा रिश्ता है, खून के रिश्ते से भी गहरा रिश्ता है क्योंकि हम एक ही ईश्वर की संतान हैं। उन्होंने कहा आपस में किसी प्रकार का भेद्भाव, तनाव नहीं होना चाहिए। अहंकार एवं स्वार्थ को निकाल कर हम सबको प्रेम से मिलकर रहने की जरूरत है। क्रिसमस अध्यात्मिक संदेश देता है कि ईश्वर ईश्वर हैं, वास्तव में वह पिता भी हैं जो अपनी संतान को प्यार करता है और अपनी संतान को शक्ति देने के लिए, वरदान देने के लिए, कृपा देने के लिए, प्रज्ञा देने के लिए उसने अपने पुत्र को धरती पर भेजा और उसके पुत्र ने ईश्वर तक पहुंचने का हमें मार्ग बताया।

फेलिक्स टोप्पो ने कहा ईश्वर की करुणा, क्षमा, दया के बारे में संदेश दिया कि ईश्वर पर आस्था, विश्वास, आशा रखो तभी तुम्हारा कल्याण होगा। इस तरह अगर हम जिएंगे तो हमारे अंदर प्रेम बढ़ेगा, शांति रहेगी और हम सबके साथ न्याय कर सकेंगे।

झारखंड के युवाओं के संदर्भ में उन्होंने कहा युवाओं के लिए नौकरी की कमी है, युवा भटक रहे हैं, उन्हें अपने जीवन और भविष्य पर गहराई से सोचने और ईश्वर पर आस्था रखते हुए लगनपूर्वक पढ़ाई करने की जरूरत है। मैं यही संदेश दूंगा कि अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें।

मौके पर बिशप थियोडोर मास्करेहंस ने कहा क्रिसमस का एक ही संदेश है प्रेम और सेवा की भावना। प्रभु यीशु इस दुनिया में आए थे एक छोटे बालक की तरह, शांति का राजा, प्रेम का राजा, सेवा का राजा बनकर। प्रभु यीशु शांति लाना चाहते हैं। हमारा यही मिशन है लोगों में प्रेम बनाए रखना शांति बनाए रखना।

प्रदेश कांग्रेस नेता सह पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा प्रभु ईसा मसीह आज पूरे राज्य और देश में करुणा और प्रेम का संदेश वाहक बन रहे हैं। आलोक दूबे ने कहा अगर एक तरह से कहें कि आर्च बिशप प्रभु यीशु के दूत हैं तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। राज्य की तरक्की, खुशहाली, सदभावना, प्रेम, शांति भाईचारे के लिए ये ईश्वर से प्रार्थना करते हैं और हम सब इस प्रार्थना को आत्मसात करते हुए प्रभु यीशु के बताएं मार्ग पर चलने का कोशिश करते हैं।

## हत्या करने वाले आरोपियों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**16 वर्षीय लड़के का अपहरण कर उसकी कर दी थी हत्या**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पंडरा ओपी की पुलिस टीम ने 16 वर्षीय लड़के का अपहरण कर हत्या के आरोपी राहुल दयाल और बिन्नी दयाल के टेंडर ग्राम स्थित घर पर इश्तेहार चिपकाया। गौरतलब है कि बीते एक मई 2018 को पंडरा ओपी क्षेत्र के हेसल जतरा टांड़ से रोशन नाम के लड़के का अपहरण किया गया था। इसके बाद झिरी टेंडर ग्राम ले जाकर उसकी गोली मार हत्या कर दी गयी थी। फिर आरोपियों ने उसके शव को चौपारण के जंगल में ले जाकर पेट्रोल डालकर जला दिया गया था। काफी जांच-पड़ताल के बाद पुलिस ने शव बरामद किया था। अनुसंधान के दौरान पाया गया था कि घटनास्थल पर कुछ ही लोगों को देखा गया था। सीसीटीवी फुटेज में तस्वीरें भी धुंधली थी। एक ही प्रत्यक्षदर्शी ने चार अभियुक्तों की पहचान की थी।

**क्या है मामला :** पंडरा ओपी क्षेत्र के रहने वाले फागू कुजूर का 16 वर्षीय पुत्र रोशन कुजूर 25 अप्रैल 2018 को रहस्मय ढंग से गायब हो गया था। परिजनों ने पुलिस को गायब होने की सूचना दी थी। लेकिन पुलिस ने गंभीरता नहीं दिखायी। इसके बाद एक मई 2018 को पता चला कि आरोपितों ने उसे गोली मारकर हत्या कर दी है। इसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और छानबीन करते हुए शव को जंगल से बरामद किया। इस मामले में पंडरा ओपी में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

### 29 को मोरहाबादी में होने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम की तैयारी को लेकर डीसी की बैठक

# कार्यक्रम में परिसंपत्तियों का होगा वितरण लाभुकों की फाइनल सूची तैयार करें: डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के मोरहाबादी मैदान में 29 दिसंबर को आयोजित होनेवाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम की तैयारी जारी है। इसे लेकर शनिवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बैठक की। कार्यक्रम को लेकर अब तक गयी तैयारी की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि इस बार मोरहाबादी मैदान में खुले आसमान के नीचे भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हजारों की संख्या में लोग पहुंचेंगे। उपायुक्त ने लोगों के बैठने की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम स्थल में लोगों के लिए पीने का पानी, शौचालय और साफ-सफाई को लेकर उपायुक्त ने नगर निगम के पदाधिकारी को निर्देश दिया। कार्यक्रम में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया जायेगा। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को विभिन्न योजनाओं के लाभुकों की सूची फाइनल करने को कहा। विभिन्न प्रखण्डों से आनेवाले लाभुकों के आवागमन और खाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।



उपायुक्त ने कार्यक्रम के लाइव टेलीकास्ट के लिए पर्याप्त संख्या में एलईडी की व्यवस्था करने, सुरक्षा व्यवस्था, वाहन पार्किंग, विभागों द्वारा झांकी प्रदर्शन आदि को लेकर भी संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, डीडीसी दिनेश यादव, अनुमण्डल दंडाधिकारी रांची सदर दीपक दुबे, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक, पुलिस अधीक्षक नगर राजकुमार मेहता, निदेशक आईटीडीए सुधीर बाड़ा, निदेशक डीआरडीए रामवृक्ष महतो, जिला नजारत उपसमाहर्त्ता केवल कृष्ण अग्रवाल, जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. प्रभात शंकर, जिला खेल पदाधिकारी शिवेन्द्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत, एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## चोरी के पैसे से हाइटेक बनकर रहते थे चोर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची पुलिस ने एक ऐसे चोर गिरोह का खुलासा किया है, जो चोरी के पैसे से हाईटेक जीवन जीने की कोशिश कर रहे थे। चोरी के पैसे से इनलोगों ने आईटेन कार, लैपटॉप, दो लाख रुपये नकद, हाईटेक मोबाइल आदि खरीद लिया था। कुछ दिनों पूर्व रांची के ग्रामीण इलाकों में हो रही बड़ी चोरियों के मददनेजर एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में एक टीम गठित की। गठित टीम ने इन आरोपियों को दबोच लिया।

पकड़े गये आरोपियों में एक कोलकाता शेख अनवर, वर्तमान में हिंदपीढ़ी का रहनेवाला है। इसके अतिरिक्त पंकज इंदुआर, मोहित कुमार राम, मो साद सभी गुमला के निवासी और मो फैजान आलम है, जो इस टीम को लीड करता था।

**कई जगहों पर चोरी की बात स्वीकारी :** आरोपियों ने कहा कि उनलोगों के द्वारा बीआइटी, सदर, जगन्नाथपुर, लोअर बाजार, अनगड़ा, एयरपोर्ट थाना एरिया में भी चोरी को अंजाम दिया है।

## कांग्रेस भवन में स्व. कन्हैयालाल जैन गंगवाल की पुण्य स्मृति में कंबल का किया गया वितरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को कांग्रेस नेता सह समाजसेवी अजय जैन गंगवाल द्वारा अपने पिता स्व. कन्हैयालाल जैन गंगवाल की पुण्य स्मृति में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर हाथों से गरीब-जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर प्रदेश संगठन महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सूर्यकांत शुक्ला, अजय सिंह, छोटू सिंह, नरेन्द्र लाल गोपी, अजय चौधरी, रामानंद केशरी मौजूद थे।



इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस हाथ गरीबों के साथ हमेशा रहा है। महागठबंधन सरकार भी आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार, कार्यक्रम के तहत राज्य के गरीब जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटती रही है और कांग्रेस पार्टी के नेता भी ठंड को देखते हुए लोगों के बीच कंबल बांटते रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता अजय जैन द्वारा अपने पिताजी की पुण्य स्मृति पर गरीब जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया है जो काफी सराहनीय कार्य है। कांग्रेस नेता सह समाजसेवी अजय जैन गंगवाल ने कहा कि हमारे पूण्जनीय पिताजी कन्हैया लाल जैन गंगवाल का आज पुण्यस्मृति दिवस है वे हमेशा पार्टी के तहत गरीब जरूरतमंदों को मदद करते थे। उन्हीं के सपनों और सोच को हमने आगे बढ़ाने का कोशिश की है।

# सामाजिक कार्यकर्ता और जन संगठनों ने सरकार से आज होनेवाली जनजाति सुरक्षा मंच की रैली पर कड़ी नजर रखने का किया आग्रह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जनजाति सुरक्षा मंच ईसाई व इस्लाम धर्म को अपनाने वाले आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति की सूची से हटाने की मांग को लेकर रविवार 24 दिसंबर को रैली निकालेगा। इससे पहले सामाजिक कार्यकर्ताओं व जन संगठनों ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव, गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक, रांची डीसी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर रैली पर कड़ी निगरानी रखने की मांग की है। साथ ही उन्होंने रैली में नफरती, सांप्रदायिक व भड़काऊ भाषण देने पर विधिसम्मत कार्रवाई करने की मांग की है।

### धर्म के नाम पर सांप्रदायिकता फैलाने की कोशिश

पत्र में लिखा है कि आदिवासियों को सरना-ईसाई के नाम पर आपस में लड़ाना, उनके जमीन को लूटना, आदिवासियों के स्वतंत्र अस्तित्व को खत्म करना और देश को हिंदू राष्ट्र बनाना ही जनजाति सुरक्षा मंच का उद्देश्य है। ईसाई व इस्लाम धर्म को अपनाने वाले आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति की सूची से हटाने की मांग तथ्यों से परे है। पत्र में लिखा कि संविधान की धारा 366 और 342 के मध्यम से ही किसी भी आदिवासी समूह को अनुसूचित जनजाति माने जाने का स्पष्ट प्रावधान है। इन धाराओं में धर्म का कहीं कोई जिक्र नहीं है। झारखंड समेत देश के अधिकांश सरकारी उपक्रमों में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटे आधा से ज्यादा खाली है। लेकिन जनजाति सुरक्षा मंच सोशल मीडिया व कार्यक्रमों में भ्रामक खबरों के जरिये आदिवासी समाज में धर्म के नाम व आरक्षण संबंधित तथ्यहीन बातों पर सांप्रदायिक विभाजन करने की कोशिश कर रहा है। लेकिन इनको रोकने के लिए प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। क्रिसमस से एक दिन पहले जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा डीलिस्टिंग की मांग पर रैली का आयोजन करना आदिवासियों के बीच धर्म के नाम पर सांप्रदायिकता फैलाने की कोशिश है। बता दें कि जनजाति सुरक्षा मंच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े वनवासी कल्याण आश्रम की पहल है।

### भड़काऊ भाषण देने पर कार्रवाई करने की मांग

सामाजिक कार्यकर्ताओं व जन संगठनों ने पत्र में लिखा है कि अगर किसी भी परिस्थिति में रैली में नफरती, सांप्रदायिक व भड़काऊ भाषण दिया जाता है, तो अश्विनी कुमार उपाध्याय बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एंड ओआरएस (पिटिशन नंबर 943/2021) मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशनुसार दोषियों व आयोजकों के खिलाफ आईपीसी की धारा 153 ए, 153 बी, 295 ए, 505(1) समेत अन्य संबंधित धाराओं के तहत बिना शिकायत के स्वतः प्राथमिकी दर्ज कर न्यायसंगत कार्रवाई करने की गुहार लगायी है।

# अब रोबोटिक बाईपास सर्जरी से होगा हृदय रोग का इलाज ऑपरेशन के अगले दिन से ही चलने-फिरने लगेगा मरीज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भारत दुनिया के उन देशों में से एक है जहां हृदय रोग के मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा है। देश में हृदय रोग से पीड़ित लोगों में सबसे ज्यादा संख्या कोरोनरी हृदय रोग के मरीजों की है। सरल भाषा में कहें तो हृदय तक रक्त पहुंचाने वाला मार्ग अवरुद्ध हो जाता है। ऐसी स्थिति में सीटीवीएस डॉक्टर बाईपास सर्जरी को अपनाते हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में हर दिन हो रहे विकास और शोध के बाद अब डॉक्टर रोबोटिक बाईपास सर्जरी को बाईपास सर्जरी में एक नए युग की शुरूआत कहने लगे हैं। मेडिकल भाषा में इस सर्जरी को कोरोनरी आर्टरी बायपास ग्राफ्ट कहा जाता है।



**रोबोटिक सीएबीजी एक नए युग की शुरूआत :** हृदय समागम के लिए रांची आये देश के प्रसिद्ध कार्डियो थोरेसिक सर्जन डॉ. ललित कपूर ने अपने वैज्ञानिक सत्र में रोबोटिक सीएबीजी को एक नये युग की शुरूआत बताया और कहा कि जैसे-जैसे विज्ञान आगे बढ़ा है, जटिलताएं कम हुई हैं। रोबोटिक सर्जरी के साथ बाईपास सर्जरी से कोरोनरी हृदय रोग (सीएचडी) का इलाज काफी आसान हो जाएगा। उन्होंने अपने वैज्ञानिक सत्र में कहा कि रोबोटिक सर्जरी से सीएबीजी के परिणाम काफी बेहतर आते हैं और यह इतना आसान है कि सीएबीजी को शरीर में सिर्फ 3 छोटे-छोटे छेदों के माध्यम से किया जाता है।

### मेड इन इंडिया रोबोट से सस्ती होगी सीएबीजी सर्जरी

डॉ. ललित कपूर ने कहा कि वर्तमान में रोबोटिक सीएबीजी सर्जरी में मुख्य समस्या इसकी महंगी रोबोट मशीन है। जिसकी कीमत लगभग 20 करोड़ रुपये है और छोटे चिकित्सा संस्थान इस राशि को वहन नहीं कर पाएंगे।

### बाईपास सर्जरी से बचायी जाती है मरीज की जान

**अब केवल 3 छोटे छेद के माध्यम से यह सर्जरी संभव**

हृदय समागम में अपने वैज्ञानिक सत्र के बाद नारायण हृदयालय के प्रसिद्ध सीटीवीएस सर्जन डॉ. ललित कपूर ने कहा कि जब रोगी की कोरोनरी धमनी में रुकावट बहुत गंभीर हो जाती है या किसी कारण से एंजियोप्लास्टी नहीं की जा सकती है। फिर बाई पास सर्जरी की जाती है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर हमेशा चाहते हैं कि मरीज की तकलीफ कम हो, ऑपरेशन छोटे हों ताकि खतरा भी कम हो। पहले हार्ट लंग मशीन लगाकर बाइपास सर्जरी की जाती थी। डॉ. ललित कपूर ने कहा कि अब बात रोबोट पर आ गई है। जहां पहले बायपास सर्जरी छाती को काटकर की जाती थी, अब केवल 3 छोटे छेदों के माध्यम से ही यह संभव है। उन्होंने बताया कि रोबोटिक सीएबीजी सर्जरी के अगले दिन से ही मरीज चलना शुरू कर देता है। अगर कोई कट न लगे तो मरीज का डर भी दूर हो जाता है।

## न्यू इंडियन पब्लिक स्कूल सोसो का वार्षिकोत्सव मना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** न्यू इंडियन पब्लिक स्कूल सोसो कमड़े रातू का वार्षिक उत्सव मनाया गया। स्कूल के डायरेक्टर अरविंद उरांव ने कहा कि न्यू इंडियन पब्लिक स्कूल की स्थापना 2005 में 5 बच्चों के साथ की गई थी और आज इस विद्यालय में 500 बच्चे पढ़ रहे हैं। यह स्कूल ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का प्रचार कर विकास का एक नया द्वार खोल रहा है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का दीप जलाकर न्यू इंडियन पब्लिक स्कूल एक नई मिसाल के रूप में उभर कर सामने आया है।



विशिष्ट अतिथि डॉक्टर जंग बहादुर पांडे ने कहा कि आज शिक्षा मनुष्य की मूलभूत आवश्यकता बन गई है। शिक्षा वह कुंजी है जो जीवन की सभी समस्याओं का समाधान कर सकती है।

विशिष्ट अतिथि डॉ कोरनेलियुस मिंज ने कहा कि आज बच्चों का सर्वांगीण विकास करना बहुत जरूरी है। बच्चों को हिंदी अंग्रेजी के साथ-साथ अपनी मातृभाषा की शिक्षा भी देने की आवश्यकता है।

स्कूल की प्राचार्य निर्मला गुप्ता ने कहा कि आज कॅरियर हर सेक्टर में है। बच्चे हर क्षेत्र में अपना जीवन बना सकते हैं। एनुअल डे कार्यक्रम में बच्चों ने कई सुंदर गीत और नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डॉ बिंदेश्वर बेक, लक्ष्मी महतो, आकाश उरांव, देवेंद्र सिंह साहित्य बच्चों के अभिभावक बच्चों और स्कूल के स्टाफ शामिल हुए।

### शराब घोटाला मामले में इडी की चार्जशीट पर कोर्ट ने लिया संज्ञान

**रांची।** झारखंड शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शनिवार को सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया। अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि आठ जनवरी, 2024 निर्धारित की है।

### वरीय अधिवक्ता एल एन मिश्रा को मातृ शोक

**रांची।** डोरंडा तुलसी चौक निवासी वरीय अधिवक्ता लक्ष्मी नारायण मिश्रा की माता 89 वर्षीय पान मुखी देवी (पति स्वर्गीय सत्यदेव मिश्रा) का निधन हो गया। वह धर्म परायण महिला थी। अपने पीछे दो पुत्र व छह पुत्रियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार हरमू मुक्तिधाम में किया गया। बड़ी संख्या में अधिवक्ता व विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठन के लोग मौजूद थे।

## आज का राशिफल 24-12-2023

मेष : कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंग।

वृष : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

मिथुन : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे।

कर्क : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

सिंह : मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा।

कन्या : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

तुला : रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यो की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

वृश्चिक : कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

धनु : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यो का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी।

कुंभ : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

मीन : शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# धर्मांतरित लोगों को अनुसूचित जनजाति के आरक्षण की सुविधा नहीं मिले : गणेशराम

## डीलिस्टिंग को लेकर मोरहाबादी में रैली आज

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** धर्मान्तरित व्यक्तियों को अनुसूचित जनजाति का आरक्षण की सुविधा नहीं मिलनी चाहिए। ये बातें मोरहाबादी मैदान में आज होने वाली उलगुलान डीलिस्टिंग रैली को लेकर शनिवार को संवाददाताओं से बातचीत के दौरान जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक व छतीसगढ़ के पूर्व मंत्री गणेशराम भगत ने कहीं। उन्होंने कहा कि मोरहाबादी मैदान में उलगुलान आदिवासी डीलिस्टिंग महारैली में हजारों-हजार की संख्या में जनजाति समाज के लोग झारखण्ड के जिलों से उपस्थित होंगे और अपने मांगों को सरकार के समक्ष रखेंगे। आगे उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को स्व. कार्तिक उराँव ने संयुक्त संसदीय समिति के समक्ष रखा था ताकि जो व्यक्ति जिसने जनजाति आदि मत तथा विश्वासों का परित्याग कर दिया है और ईसाई या इस्लाम धर्म अपना लिया है। उसे अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं समझा जायेगा और उसे अनुसूचित जनजाति का आरक्षण नहीं मिले। इस मौके पर पूर्व न्यायाधीश प्रकाश सिंह उईके ने कहा कि देश के 700 से अधिक जनजातियों के विकास एवं उन्नति के लिये संविधान निर्माताओं ने आरक्षण एवं अन्य सुविधाओं का प्रावधान किया है। लेकिन इन सुविधाओं का लाभ अधिकतर वे लोग उठा रहे हैं,जो अपनी रूढ़ि प्रथा छोड़कर ईसाई या मुस्लिम बन गए हैं। इस मौके पर राजकिशोर हांसदा,संदीप उरांव,हिन्दुवा उरांव,मेघा उरांव,सामा उरांव मौजूद थे।

## झारखंड क्रिस्चियन यूथ एसोसिएशन संग सीएम ने काटा क्रिसमस केक



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड क्रिस्चियन यूथ एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर क्रिसमस की बधाई दी। इस मौके पर सीएम ने राज्य की उन्नीत एवं खुशहाली के लिए प्राथना की एवं क्रिसमस केक काटा। क्रिस्चियन यूथ के टीम के द्वारा क्रिसमस कैरोल गीत गाया गया। इस मौके पर पर सजित टोप्पो,रेव निरल बागे,अल्बिन लकड़ा,विकास तिर्की, आकाश तिर्की, गोबिंद टोप्पो अनिल उराँव,आकाश बड़ा, शमूएल कच्छप, प. सांगा, एवं अन्य उपस्थित लोग मौजूद थे।

## आर्य समाज का 129वां वार्षिकोत्सव मना

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** आर्यसमाज मन्दिर, श्रद्धानंद पथ, अपर बाजार, में शनिवार को त्रिदिवसीय 129 वें वार्षिकोत्सव का प्रारंभ हवन-यज्ञ के साथ हुआ। इस मौके पर राजेन्द्र आर्य, प्रधान, आर्य समाज, प्रेम प्रकाश आर्य, प्रधान झारखण्ड राज्य आर्य प्रतिनिधि सभा,अजय आर्य, कोषाध्यक्ष संजय पोद्दार ने ओम ध्वज की पताका फहराया। विभिन्न डीएवी विद्यालयों एवं गुरुकुल, हजारीबाग से आयी ब्रम्हचारणियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समाज के गणमान्य सदस्यों ने विशाल शोभायात्रा निकाली,जिसमें लगभग 700 विद्यार्थी,शिक्षक-शिक्षिकाओं व आर्य समाज के अधिकारियों ने भाग लिया। यह शोभा यात्रा आर्यसमाज मंदिर से विश्वविद्यालय द्वार, फिरायालाल, मेन रोड, हनुमान मंदिर से मुड़कर शहीद चौक,महावीर चौक होते हुए पुनःआर्य समाज मंदिर लौटी। प्रेम प्रकाश आर्य ने स्वामी श्रद्धानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे महान स्वतंत्रता सेनानी,अमर बलिदानी, वैदिक गुरुकुल शिक्षा प्रणाली के पुरोधा थे। उन्होंने ही दलितों पिछड़ों को पुनः शुद्धि आन्दोलन से जोड़ा था और हजारों लोगों की वापसी हिंदु धर्म में कराई थी। इस अवसर पर राजेंद्र आर्य, अजय आर्य, संजय पोद्दार, सुनील गुप्ता, रवि प्रकाश तिवारी,अशोक पाठक, डॉ प्रद्युमन शास्त्री, विमलेंद्र शास्त्री, पवन मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## आरबी स्प्रिंगडेल स्कूल का वार्षिकोत्सव सह पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** पिस्का मोड़ के गंगा मोटर्स कंपाउंड स्थित आरबी स्प्रिंगडेल स्कूल में शनिवार को वार्षिकोत्सव सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय सांसद संजय सेठ मौजूद थे। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि के साथ मिलकर स्कूल के प्रबंध निदेशक ऋषिनाथ शाहदेव ने किया। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत दुर्गा वंदना से हुई। इसके बाद राम आयेंगे गीत प्रस्तुत किया गया। यह गीत मुख्य अतिथि को इतना भाया कि उन्होंने बच्चों को विवेकानंद समारोह में गीत प्रस्तुत करने को आमंत्रित कर दिया। साथ ही कान्हा,सो जा जरा, लाडो, अनपढ़ नेता, संस्कृत श्लोक और नागपुरी गीत पर नृत्य तथा नाटक प्रस्तुत किये गये। मंच संचालन देवांशी प्रिया और मेनका समद ने किया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में ममता मुखर्जी, खुशबू बलभद्र, शकुंतला कुमारी, निशा कुमारी, रजनी कुमारी, बेदिका यादव, अंजनी विश्वास और मुकेश कुमार समेत अन्य शिक्षकों ने भी सराहनीय भूमिका निभायी।

## स्क्रब टाइफस व जानलेवा ज्वर से ग्रसित मरीज का पारस एचईसी अस्पताल में सफल इलाज

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** एक 32 वर्ष का नवयुवक पारस एचईसी अस्पताल के आकस्मिक चिकित्सा कक्ष में चेतना में कमी एवं 65 प्रतिशत ऑक्सीजन की मात्रा के साथ लाया गया। मरीज के परिजनों ने बताया कि मरीज को पिछले दो दिनों से उल्टी, ज्वर एवं सांस लेने में परेशानी हो रही थी। पारस एचईसी अस्पताल में लाए जाने के बाद मरीज की जाँच की गई। जाँच में मरीज को स्क्रब टाइफस से ग्रसित पाया गया। जिसके कारण मरीज को चलने में भी परेशानी हो रही थी। मरीज का इलाज शुरू हुआ और अब मरीज की स्थिति में सुधार आने के बाद उसे वेंटीलेटर से हटाकर सामान्य वार्ड में भेज दिया गया। अब मरीज पूरी तरह से ठीक है और उसे अस्पताल से आवश्यक सलाह के साथ छुट्टी दे दी गई। पारस एचईसी अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि हमें गर्व है की पारस परिवार अपने अत्याधुनिक संसाधनों के साथ मरीजों को उत्कृष्ट और सर्वोत्तम इलाज की सुविधा देने में हर दिन नई ऊँचाइयों को पा रहा है।

## श्याम मंदिर में मोक्षदा एकादशी पर्व मनाया

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्याम मन्दिर में शनिवार को शुक्ल पक्ष की मोक्षदा एकादशी पर्व अत्यंत श्रद्धा भाव व भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया । प्रात: श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर लाल गुलाब, जूही, बेला,रजनीगंधा के ताजे और खूबूदार फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया। साथ ही मंदिर में विराजमान शिव परिवार एवं हनुमान जी का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया ।

## खाटू नरेश का किया गया मनोरम श्रृंगार

खबर मन्त्र के नाम से



**रांची।** खाटू नरेश का शनिवार को विशेष दिव्या मनोरम श्रृंगार किया गया। गढ़वा निवासी नंदलाल प्रसाद गुप्ता ,शोभा देवी ने नवीन पोशाक श्रृंगार सेवा एवं पंचमेवा भोग प्रसाद की सेवा निवेदित की। दोपहर विश्राम आरती के बाद पट लगने के बाद बाबा को विश्राम कराया गया। दोपहर के बाद बाबा श्याम को नवीन बागा एवं फूलों की मोटी मोटी मालाओं से सिंगार किया गया। कोलकाता से मंगाए गए लाल गुलाब पीला गुलाब लाल गेंदा पीला गेंदा रजनीगंधा तुलसी दल की मोटी मोटी माला से बाबा को सजाया गया।

**92 वा श्री श्याम भंडारा :** इस भोग के अतिप्रिय भजन से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 92 वें श्री श्याम भंडारे के प्रसाद का भोग अर्पित करने का। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमान नंदलाल प्रसाद गुप्ता शोभा देवी जयंत लाल गुप्ता अंजू देवी हेमंत लाल गुप्ता सुजाता साहू आर्यन साक्षी यशांश अविराज एवं गुप्ता परिवार ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश लड्डू गोपाल, शालिग्राम ,शिव परिवार, हनुमान जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। यह जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## क्रिसमस को लेकर क्यूरेस्टा हॉस्पिटल का रंगारंग कार्यक्रम

**रांची।** दी क्युरेसटा हॉस्पिटल दीपाटोली और क्युरेसटा ग्लोबल एसीएमएस सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल इरबा के डॉक्टर्स, मेडिकल स्टाफ और नर्सेज द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर क्रिसमस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित असेंबली ऑफ गॉड चर्च के चेयरमैन फादर जॉन टोप्पो ने कैंडल जला कर उपस्थित अस्पताल के लोगों के लिये प्रार्थना की और सबको अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा से बड़ा कोई और सेवा नहीं है और उन्होंने इसके लिये अस्पताल प्रबंधन की सराहना की। अस्पताल के चेयरमैन अविनाश कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और उपस्थित सभी डॉक्टर्स, मेडिकल स्टाफ एवं नर्सेज को क्रिसमस की बधाई देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। वही अस्पताल के वाईस चेयरमैन एवं मेडिकल डायरेक्टर डॉ घनश्याम सिंह ने उपस्थित सभी को और बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की प्रेरणा दी। इस दौरान डॉक्टर्स ने गीत गाया और नर्सिंग टीम द्वारा प्रस्तुत किया गया ग्रुप डांस ने सबका मन जीत लिया। अनेकता मे एकता के थीम को फैशन शो के रूप मे प्रस्तुत किया गया जिसे सब ने काफी सराहा। संता क्लाउज ने भी सबका मनोरंजन किया और सबको मिठाई बाटी।इस अवसर पर ग्रुप के डायरेक्टर सावन सिवेश एवं एसोसिएट डायरेक्ट ड्रविन सिंह भी उपस्थित थे।

## वी पहली बार लाया 3199 का सालाना प्रीपेड री-चार्ज पैक

**रांची।** दूरसंचार सेवा प्रदाता वी अपने प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए पहली बार 3199 रुपये का सालाना प्रीपेड रीचार्ज पैक लाया है। इस पैक से उपभोक्ता एमजॉन प्राइम वीडियो सब्सक्रिप्शन का लाभ उठा सकते हैं। यह पेशकश वी के प्रीपेड उपभोक्ताओं को कनेक्टिविटी और एंटरटेनमेन्ट का बेजोड़ संयोजन उपलब्ध कराने के लिए डिजाइन की गई है। वी इस श्रेणी में सबसे कम 3199 रुपये के टैरिफ पर सालाना प्लान में यह ऑफर लाने वाला एकमात्र टेलीकॉम प्लेयर है। टाज की डिजिटल जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए लाया गया वी का 3199 रुपये का रीचार्ज पैक अनलिमिटेड कॉल्स, 2 जीबी डेटा रोजाना और एक साल के लिए एमजॉन प्राइम वीडियो मोबाइल एडीशन का सब्सक्रिप्शन देता है।

## खबर एक नजर में

### डीएवी नीरजा सहाय में याद किये गये स्वामी श्रद्धानंद



**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी में श्रद्धानंद बलिदान दिवस के अवसर पर शनिवार को इक्यावन कुंडीय हवन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम दिन की शुरूआत में राँची के आर्य समाज द्वारा आयोजित प्रभात फेरी में विद्यालय के लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसके बाद विद्यालय के मैदान में विस्तृत हवन कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह से भाग लिया। हवन कार्यक्रम के पश्चात श्रद्धानंद जी के योगदान को रेखांकित करते हुए प्राचार्या किरण यादव ने कहा कि वैदिक धर्म एवं आर्य समाज के उत्थान में इनका योगदान अविस्मरणीय है। भजन एवं अभिभाषण के माध्यम से हवन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक- शिक्षिकाएं, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं अति उत्साही छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के संस्कृत शिक्षक अखण्ड नारायण मिश्र एवं मनोज कुमार मिश्र ने किया।

### सौरेंद्र मोहिनी पब्लिक स्कूल में बच्चों ने मनाया क्रिसमस



**रांची।** सौरेंद्र मोहिनी पब्लिक स्कूल में शनिवार को बच्चों ने क्रिसमस मनाया। इस मौके पर बच्चों ने बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ विद्यालय परिसर में क्रिसमस मनाया। छोटे-छोटे बच्चों ने सांता क्लॉस बनकर विद्यालय प्रांगण में पहुचें थे,जो कि विद्यालय परिसर को एक अलग परिवेश प्रदान कर रहा था। इस मौके पर बच्चों ने यीशु के जन्म की कहानी का मंचन किया। इस अवसर पर निर्देशक सौमेन दत्ता ने बच्चो को क्रिसमस और नई साल की बधाई संदेश के साथ उनके उज्जवल भविष्य के मूल मंत्र बताए। मौके पर स्कूल की प्रधानाध्यापिका जुथिका सान्याल ने बच्चो के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रति प्रोत्साहित करते हुए उनके मनोबल को बढाया ।

### दिव्यांग भाई-बहनों के लिए क्रिसमस गैदरिंग



**रांची।** गोस्नर मिडिल स्कूल बहुबाजार में शनिवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। यीशु मसीह के गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि फादर बिशप सिमान तिर्की, इबरार अहमद, शिवा कच्छप, सुजित कुजूर, प्रकाश सोराई, डेली मार्केट थाना प्रभारी प्रदीप मिंझ, अनिल उराँव, आदि अतिथियों ने इस कार्यक्रम में पहुंच कर विकलांग बच्चों के बीच गिफ्ट का वितरण किया। क्रिसमस गैदरिंग के दौरान विकलांग छात्रों ने क्रिसमस गीत गाया। मौके पर विकास तिर्की ने सभी भाइयों और बहनों से कहा कि समाज की सेवा के लिए अपने आपको ईश्वर को समर्पित करना जरूरी है। इस दौरान क्रिसमस पर आधारित क्रिसमस कैरोल, झांकी और नृत्य किए गए।

### जवाहर विद्या मंदिर श्यामली का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**रांची।** आज के दौर में ना जीतना जरूरी है और ना हारना जरूरी है। हर खेल लाजवाब होता है, बस खेलना जरूरी है। इस खेल-भावना को समर्पित जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 'परवाज - 2023' का समापन शनिवार को हुआ। विद्यालय की सफलता और उपलब्धियों को साझा करने का सर्वोत्तम मंच बताते हुए प्राचार्य समरजीत जाना ने विद्यालय का वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा तथा प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं की राजकीय, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए ज्ञान के इस मंदिर को सह शैक्षिक क्रियाकलापों के साथ मूल्यपरक, गुणात्मक व रचनात्मक शिक्षण के लिए कृतसंकल्प बताया। मुख्य अतिथि कृपानंद झा ने जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली को शिक्षा, संस्कार और खेल-कूद के साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास करने वाला श्रेष्ठ शिक्षा संस्थान बताया। विद्यालय में निरंतर खेलों के आयोजन से भविष्य के चैंपियन मिलते हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने ने कहा कि खेल दिवस मुझे हमेशा से ही आकर्षित करता रहा है। खेल खेलने से केवल शरीर की कसरत ही नहीं होती बल्कि हार-जीत का सही सामर्थ्य भी उत्पन्न होता है।

### न्यूटन ट्यूटोरियल्स का आईआईटी और मेडिकल की तैयारी पर सेमिनार



**रांची।** पतरातु शहर के डीएवी पब्लिक स्कूल और केंद्रीय विद्यालय में शनिवार को न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्रा लि द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय था, आगामी आईआईटी (जेईई) एवं मेडिकल के परीक्षा में कैसे ज्यादा से ज्यादा अंक और अच्छा रैंक प्राप्त किया जाय और परीक्षाओं के लिए बच्चे कैसे योजनापूर्ण ढंग से तैयारी करें ताकि सफलता मिले। मुरलीधर ने बताया कि पैरेंटस को अपने व्यवहार में बदलाव कर बच्चों को प्रोत्साहित करना चाहिए। मदन मोहन ने बताया कि बच्चों को किन बिन्दुओं पर ध्यान देना चाहिए। रसायन विज्ञान के शिक्षक पंकज कुमार ने बताया कि लगातार प्रयास का जरूरत है। भौतकी के शिक्षक प्रणव कुमार ने भौतकी की तैयारी की जानकारी दी और समारोह के अन्त में संस्थान के डाइरेक्टर इमरान अली ने बोर्ड और प्रतियोगिता परीक्षा के अन्तर को स्पष्ट किया। इमरान अली के अनुसार जेईई एवं मेडिकल की तैयारी के लिए सबसे उपयुक्त समय है। न्यूटन ट्यूटोरियल्स में नये बैच के लिए एडमिशन टेस्ट प्रत्येक रविवार को आयोजित किये जा रहे हैं। विस्तृत जानकारी ऑफिस से ली जा सकती है।

## निर्मला कॉन्वेंट का 19वां वार्षिक खेलकूद दिवस आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल का 19वां वार्षिक खेलकूद दिवस शनिवार को मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति की सचिव सीमा शर्मा और विद्यालय प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। स्टूडेंट्स ने मार्च पास्ट एवं फ्लैग होस्टिंग प्रस्तुत कर अपनी एकाग्रता, अनुशासन और संतुलन का परिचय दिया। वहीं, जूनियर विंग के छात्रों द्वारा शास्त्रीय अंदाज में स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। उसके बाद कक्षा तृतीय और कक्षा चतुर्थ की बालिकाओं ने इंस्ट्रुमेंटल बॉल ड्रिल प्रस्तुत किया। वहीं विभिन्न राज्यों के राजकीय नृत्य प्रस्तुत कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का खुल कर प्रदर्शन किया। योग एवं कराटे के कठिन से कठिन आसान ने दर्शकों अचंभित व रोमांचित कर दिया। मौके पर सीमा शर्मा ने बच्चों की उत्कृष्ट प्रस्तुति की सराहना की एवं बच्चों का सर्वांगीण विकास करने के लिए विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। अतिथियों ने भी विद्यालय की मेहनत, कार्यकुशलता, बच्चों के प्रति समर्पण की भावना का प्रशंसा की। मौके पर जूनियर तथा सीनियर विंग के बच्चों ने स्पोर्ट्स में भाग लिया। स्टूडेंट्स के साथ ही उनके पेरेंट्स ने भी पूरे जोश और जूनून के साथ बच्चों का हौसला बढ़ाया। विजेता छात्रों को मेडल पहनाकर और इनाम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल शिल्पी रानी ने अभिभावकों को धन्यवाद दिया। मौके पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं शिवानी कुमारी, सुरेश कुमार, पंकज कुमार, किरण कुमारी, निधि कुमारी, अभिभावक तथा सभी स्टूडेंट्स उपस्थित थे।

## गुरुद्वारा गुरुसिंघ सभा ने मनाया शहीदी दिवस

खबर मन्त्र संवददाता



**रांची।** गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा के तत्वावधान में शनिवार को चार साहिबजादों को समर्पित शहीदी दिवस मनाया गया। हर वर्ष सफर ऐ शहादत सप्ताह मनाया जाता है। संध्याकालीन विशेष दीवान में हुजूरी रागी भाई भरपूर सिंह ने कबीर द्वारा रचित वाणी का गायन करके चेतना एवं उमंग भर दी। दरबार साहिब अमृतसर के भाई इंद्रजीत सिंह ने गुरबाणी गायन करते हुए साहिबजादों की शहादत का विवरण प्रस्तुत किया। गुरु रामदास द्वारा रचित राणी प्रर का गायन किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा की ओर से बच्चों के लिए सिख पहिरावा पर आधारित प्रतियोगता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता दो वर्गों में विभक्त की गई ग्रुप-अ में 6 साल तक के बच्चे एवं ग्रुप इ में 7 साल से 12 साल के बच्चों ने भाग लिया। कुल 60 प्रतिभागियो ने भाग लिया। निर्णायक मंडली में प्रो. हरमिंदर बीर सिंह, डा. सुरेन्द्र कौर नीलम एव खेम कौर शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव गगनदीप सिंह सेठी, सुरजीव सिंह सलूजा, त्रिलोचन सिंह, रणप्रीत सिंह, हरप्रीत सिंह का उल्लेखनीय योगदान रहा। इस अवसर पर अध्यक्ष गुरमीत सिंह, ध्यान सिंह, मिलकियत सिंह , हरदीप सिंह, गुरदीप सिंह टिवाना, गुरविंदर सिंह सेठी, हरजीत सिंह स्वीनकी, महेन्द्र सिंह, प्रीतम सिंह मौजूद थे।

## समय संवाद

यह दुख को अपने भीतर समेटने की प्रक्रिया का प्रतीक है। लेकिन इस क्रम में कई बार व्यक्ति अपने भावनात्मक दबाव के चक्रव्यूह में घिर जाता है और दूसरों की गलती के लिए खुद को ही सजा देने के रास्ते पर बढ़ जाता है।

इससे कभी यह भी हो सकता है कि गलती या अन्याय करने वाला निर्दोष के रूप में स्थापित रह जाए और पीड़ित को ही सारे दुख और अन्याय झेलना पड़े। इसलिए यह हमेशा सही नहीं होता है। लेकिन आज की हड़बड़ी से भरती जा रही दुनिया में ऐसा कई बार ऐसा जरूरी हो जाता है। हर बात हर किसी को नहीं बताई जा सकती।

# नये साल का संदेश: बुद्ध बनो प्रबुद्ध बनो

**एनके मुरलीधर**



**भगवान** महात्मा बुद्ध के विचार हमेशा सार्थक दिशा की ओर ले जाते हैं। बुद्ध ने कहा था कि परिवर्तन ही एकमात्र स्थायी सत्ता है। मनुष्य का जीवन प्रति पल बदलता रहता है और इस प्रक्रिया में वातावरण और उससे जुड़े व्यक्तियों की अनुकूलता और प्रतिकूलता भी परिवर्तित होती रहती है। बदलाव से भागना असंभव है। सामाजिक प्राणी के तौर पर मनुष्य द्वारा बनाए गए रिश्ते-नाते भी इसी प्रक्रिया में आते हैं। यह सच है कि रिश्ते जितनी सहजता से बनते हैं, उतनी सहजता उनके टूटने में नहीं होती। वे मानवीय भरोसे के धरातल को बिल्कुल हिला कर ही विदा होते हैं। मनुष्य खुद को समर्पित करके ही यकीन पाता है। उस यकीन का टूटना बेहद पीड़ादायक होता है। क्या कोरोना के दुख से बहुत कुछ नहीं बदल रहा है? सिर्फ जीवन की कल्पना मृत्यु जैसे सत्व का नकारना कितना सही है?

लोग आपस में मिलते-जुलते थे। एक दूसरे को समझते थे और रिश्तों को एक मजबूत जमीन देते थे। एक बार आपस में तालमेल बन जाने, मन में एक दूसरे के लिए जगह बन जाने के बाद उन्हें हिला पाना इतना आसान नहीं होता था। कभी किसी मौके पर किसी बात पर अगर मनमुटाव होता भी था, तो अपने भीतर के अहं को किनारे रख कर उस रिश्ते को आमतौर पर संभाल लिया जाता था।

यह कहा जा सकता है कि वे रिश्ते चूंकि आभासी नहीं होते थे, यथार्थ की जमीन पर बनते और पलते थे, इसलिए उनमें उतार-चढ़ाव की खूबसूरती बनी रहती थी। लेकिन आज रिश्तों के बनने-बिगड़ने में सोशल मीडिया जिस तरह की भूमिका निभा रहा है, वह शोचनीय है। कुछ भी अव्यवस्थित होने पर लोग उसे समझने और संभालने के बजाय कई स्तर पर बेलगाम सार्वजनिक मंच पर यह जाहिर करना अधिक जरूरी समझते हैं कि वे धोखा खा रहे हैं और उनकी जिंदगी उस मोड़ पर है, जहां से कुछ भी नहीं किया जा सकता।

यह एक नया चलन है, जिसके माध्यम से लोग रिश्तों की बुनियाद की परख तो नहीं ही कर पाते हैं, वे न केवल अपने साथी की भावनाओं का अपमान करना सीख गए हैं, बल्कि यह अहसास दिलाना भी कि गलती सदैव एक ही पक्ष की होती है। सोशल मीडिया पर ह्यलाइकह्ण और टिप्पणियां अर्जित करने और आभासी सहानुभूति पाने के लिए लोग बार-बार यह दिखाने को उतावले रहते हैं कि वे बहुत कमजोर पड़ रहे हैं। इस तरह से सोचने का मूल्य कुछ भी नहीं हो सकता।

रिश्तों की कई बातें बेहद संवेदनशील होती हैं और उनकी अपनी गरिमा होती है। इसलिए इन बातों पर चर्चा करने के लिए जिस व्यक्ति को चुना जाए, उसके भीतर संवेदना की गरिमा की समझ होनी चाहिए। हर संबंध की अपनी गरिमा और निजता होती है। और जो लोग दोनों पक्षों के बारे में कुछ भी नहीं जानते, उनके लिए आपकी भावनाओं का कोई मूल्य नहीं है।


अति भावुकता या गुस्से में की गई हमारी कोई भी टिप्पणी अन्य लोगों के लिए महज एक खबर होती है। ठीक उसी तरह, जैसे समाचार माध्यमों की खबरें होती हैं। व्यक्ति को अपनी समस्याओं से आखिरकार अकेले और केवल अकेले ही लड़ना होता है। फिर सहानुभूति पाने की लालसा से होना क्या है? रही बात लोकप्रियता की, तो लोग केवल दूसरों की जिंदगी में तभी तक रुचि रखते हैं, जब तक कोई आलोचना का विषय हो। सच यह है कि बेचारा बनने पर अपने कहे जाने वाले लोग भी भागने लगते हैं। इस आभासी दुनिया में कवि बनने की महत्त्वाकांक्षा में उन रिश्तों के बारे में, जिनको सींचने में दो पक्ष अपना व्यक्तित्व और जीवन लगाते हैं, कुछ भी लिख कर उन लोगों से टिप्पणियां पाकर जो हमें एक फीसदी नहीं जानते, आखिर हम क्या हासिल कर लेंगे?

व्यक्ति को चाहिए कि समस्या आने पर समाधान वहीं से तलाशे, जहां समाधान संभव है। दूसरी जगह न आंसू बहाने से कुछ मिलने वाला है, न किसी की आलोचना से व्यक्ति की अपनी जिंदगी में सुधार संभव है। जहां से मुश्किलें पैदा होती हैं, हल भी आखिर वहीं से मिलेंगे। न फालतू के भटकाव में कुछ रखा है, न बात का बतंगड़ बना कर हंसी का पात्र बनने में।

**(लेखक खबर मन्त्र के चीफ सब एडिटर हैं।)**

# गुरु भक्ति से पूर्णता की प्राप्ति

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**




**जीवन** मृत्यु का सत्य गुरू वचन से जुड़ा होता है। इसको जानने समझने के लिये हमारी पौराणिक भक्ति कथाओं को गंभीरता से जानना समझना चाहिए। श्रीकृष्ण के जीवन में जो भी घटनायें घटी थी उनका सीधा संबंध गुरु आज्ञा से था, वे न तो अर्जुन के समर्थन में थे और न ही दुर्योधन के विरोध में। श्रीकृष्ण सृष्टि के सृजनहार के रुप में अपने गुरु की आज्ञा के अनुसार ही वे कार्य करते रहे लेकिन कथाओं के अनुसार एक बार जब गुरु ने उन्हें अपने पूरे शरीर में खीर लपेट कर सामने उपस्थित होने को कहा तब उन्होंने आज्ञा का उल्लंघन करते हुये अपने तलवे में खीर का लेप नहीं किया। इसी कारण उनका अंत भी तलवे में तीर लगने के कारण ही हुआ।

सर्वविदित कथा है कि भील की तीर से ही उनकी जान चली गई। गुरु की आज्ञा की अवहेलना का दण्ड श्रीकृष्ण को जान देकर चुकानी पड़ी। भक्ति परंपरा में भीरतीय संस्कृति ने गुरु को ईश्वर के उपर रखा है यही कारण है कि पश्चिमी देशों से हमारे देश में आज भी आधुनिकता के दौर में भी काफी कुछ संस्कार बचे हुये है। जैसा की सामान्य जीवन का नियम है कि जो चीज लुप्त होने लगता है हम उसकी परवाह करने लगते हैं।

हमारे गुरु परंपरा में भी जो छपरा से चली और टेरी पाकिस्तान तक पहुंची, फिर कालांतर में वही भाक्ति परंपरा काशी, राजपुर होते हुये छपरा लौटी। भक्ति जीवन के सर्वोच्च ऊँचाई तक पहुंचकर जीवन मृत्यु के बंधन से मुक्त होने की बात बताती है। यह सच है कि जन्म-जन्मांतरों के बंधन से हम जकड़े हुये होते हैं और उसी के अनुसार अपनी विचार धारा और ज्ञान का विकास भी करते हैं। हम भक्ति को समझना ही नहीं चाहते और कर्म की बात करते हैं। कभी भी कर्म को भक्ति के बिना समझा नहीं जा सकता और भक्ति बगैर गुरू के मार्गदर्शन के बिना संभव नहीं है। वर्तमान समय में गुरु से प्रेम ही भक्ति का सबसे बड़ा स्वरूप है। लेकिन हमारे मानसिक बांन हमें इस क्रियाकलाप में आने ही नहीं देते। त्याग और समर्पण की हमारी परंपरा हमें एक दिन में सिखाया नहीं जा सकता। हमारा अभिमान और अहंकार को कम करने का, समाप्त करने का, कोई आधुनिक स्कूल नहीं है। भक्ति स्थापित होने में समय लगता है।

**(ब्रह्म विधालय सह आश्रम**

# एक अनोखा क्रिसमस



**सरस्वती रमेश**

**क्रिसमस** का त्योहार आंरभ हो चुका है। हर साल सोसाइटी के मैदान में क्रिसमस मनाया जाता था। लेकिन कोरोना के कारण इस बार किसी की हिम्मत नहीं पड़ रही थी। इसलिए क्रिसमस पार्टी कैंसल कर दी गई। यह जानकर बंटी को अच्छा नहीं लगा। कई दिन से वह उदास था। हमेशा क्रिसमस को लेकर सोचता रहता। रोज की तरह एक शाम वह अपने दादा जी के साथ पार्क गया। उसे वहां गोलू मिला। क्रिसमस के बारे में वह गोलू से बात करने लगा। उनकी बातचीत दादाजी भी सुन रहे थे। बच्चों को उदास देख उन्हें अच्छा नहीं लगा। वे उनकी उदासी दूर करने के बारे में सोचने लगे। कुछ देर बाद उन्होंने बच्चों से कहा, ह्यपार्टी कैंसल हो गई है फिर भी क्रिसमस मनाया जा सकता है। दादा जी की बात सुनकर दोनों बच्चे चौंके। बंटी ने आश्चर्य से पूछा, ह्यदादाजी कैसे? सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करके। दादाजी ने कहा। गोलू ने भोला सा चेहरा बना कहा, इसके लिए क्या करना होगा दादा जी। दादाजी ने समझाते हुए कहा, ह्यहम घर पर ही एक बड़ा सा क्रिसमस ट्री बनाएंगे। फिर उसे सोसाइटी के बीचों-बीच रख देंगे। शाम को हर जगह बत्तियां जल जाने के बाद सोसाइटी के सारे बच्चे मैदान में इकट्ठे होकर क्रिसमस ट्री के चारों ओर घूमते हुए गाने गायेंगे और एक दूसरे को विश करेंगे। यह तो अच्छा आइडिया है। गोलू उछलते हुए बोला। लेकिन ऐसा करते हुए हर बच्चे एक दूसरे से थोड़ा दूर रहेंगे। मास्क पहनेंगे और बीच-बीच में हाथ सेनेटाइज करते रहेंगे। दादा जी ने समझाते हुए कहा। गोलू ने कहा, ठीक है दादाजी। हम ऐसा ही करेंगे। सोसाइटी के बच्चों को समझाने की जिम्मेदारी मैं लेता हूं। और क्रिसमस ट्री तैयार करने की जिम्मेदारी मैं लेता हूं, बंटी ने मायूसी दूर करते हुए कहा।

अगले दिन से बंटी क्रिसमस ट्री बनाने में जुट गया और गोलू अपने दोस्तों को फोन कर समझाने में। आखिर क्रिसमस की शाम आ गयी। बंटी और दादाजी ने मिलकर क्रिसमस ट्री को बहुत सुंदर तरीके से सजाया। दोपहर में ही ट्री को सोसाइटी के मैदान में रखवा दिया गया। शाम को प्लान के मुताबिक सारे बच्चे मैदान में गोल घेरे में लाइन से आ गए। एक म्यूजिक सिस्टम लगाकर क्रिसमस के गीत बजाये जाने लगे। बच्चे घूम-घूमकर गाने लगे। तभी सांता की ड्रेस पहने दादाजी मैदान में आये। उन्होंने अपने कंधे पर एक झोला टांग रखा था। सांता को देखकर सारे बच्चे खुश हो गए। पहले सब देर तक गाते रहे। फिर एक दूसरे को दूर से ही क्रिसमस की बधाई दी। तब सांता ने एक मेज पर उपहार रख दिये। बच्चों ने बारी-बारी से जाकर उपहार ले लिए।

# हानिकारक सोडा



**अन्नू रंजन**

**हर** दिन एक से दो कप डाइट सोडा का सेवन करना ह्रदय संबंधित रोग को बढ़ता है। इसके अलावा इससे किडनी पर भी असर पड़ता है। ये किडनी के कार्यों में गिरावट और सेहत संबंधित समस्याओं को बढ़ा सकता है। ऐसा भी कहा जाता है कि डाइट सोडा से किडनी की कोशिकाओं में फ्री-रैडिकल के उत्पादन बढ़ता है।

दुनियाभर में सबसे ज्यादा डाइट सोडा का पिया जाता है। अक्सर लोग खाना या फास्ट फूड का सेवन करने के बाद इसे पीते हैं। कई लोगों का मानना है कि डाइट सोडा हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद है और इससे किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हो सकता है। अधिक्तर लोगों के बीच में ये काफी लोकप्रिय भी है। हालांकि, इसमें कई मात्रा में कैमिकल पाया जाता है, जो शरीर के लिए फायदेमंद नहीं बल्कि नुकसानदायक साबित हो सकता है। आज हम आपको डाइट सोडा क्या होता है? इससे क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं? कैसे ये मोटापे और टाइप-2 डायबिटीज का खतरा बढ़ाता है? इन सबके बारे में बताने जा रहे हैं।

**क्या होता है डाइट सोडा**

विशेषज्ञों के अनुसार डाइट सोडा एक तरह का सॉफ्ट ड्रिंक्स होता है। इसमें चीनी की मात्रा काफी कम होती है और इसका स्वाद सोडे के जैसा ही होता है। अपनी सेहत का काफी ध्यान रखने वाले अधिक्तर लोग इसका सेवन करते हैं। इसे उत्पादन करने वाली कंपनियों का भी मुख्य विक्रय बिंदु होता है कि इसमें जीरो कैलोरी और शक्कर की मात्रा भी काफी कम होती है।

**डाइट सोडा है नुकसानदायक**

अगर आप डाइट सोडा का सेवन यह सोचकर करते हैं कि उसमें जीरो कैलरी या चीनी नहीं होती है, तो ये आपकी गलतफहमी है। क्योंकि इसमें तरह-तरह के कैमिकल्स और मिठास के लिए आर्टिफिशियल स्वीटनर का भी इस्तेमाल किया जाता है। ये मोटापे और टाइप-2 डायबिटीज के खतरे को भी बढ़ाता है।

# सुनहरी -बूंदें

**डॉ.प्रियंका कुमारी**



कुंहासे की कीमत कोई कम नहीं,  
प्रकृति की याद दिलाता कोई गम नहीं।

सुनहरी मुस्कान से सबका दिन बनाई है,  
स्फूर्ति की वेग-सी ये किरणें आयी हैं।  
आलस को जैसे छू-मंतर कर जाती है ,  
प्रेमी-मन को ये गुलाबी ठंडी भाती है।

आसमान की अश्रु शायद ओस है  
जिससे ढकी समस्त सृष्टि-लोक है।  
खग- वृंद करते कलरव आकाश में,  
सब प्रकाश और पनाहो की आश में।

आलसियों ने शुभ समय है पा लिया,  
बेगारों ने जैसे सब कमा लिया ।  
समय एक है, नजरिया है दूसरा,  
मनीषियों ने पल ये पाया सुनहरा।

**एसओपीडोरंडा**

# अपनी योग्यता को पहचानें और सही दिशा में मेहनत करें







**सफलता** के लिये सही दिशा में सही मार्गदर्शन में महनत करना आवश्यक है। इसके लिये आपकी एकाग्रता सबसे बड़ा व्यवहार है।

न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्रालि हरिओम टॉवर रांची और खबर मन्त्र हिंदी दैनिक द्वारा करियर काउंसलिंग और साइंज क्विज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बोलते हुए मदन सर ने कहा कि आज की मेहनत आपको थोड़ें ही दिन उन सभी सुविधाओं से लैस कर देती है जिसके लिये हो सकता है आज आप सोच भीनहीं पा रहें हैं। अपने आप पर विश्वास और स्वाभिमान करना आवश्कय है। उन्होंने कहा कि माता-पिता और शिक्षकों की डांट से बड़ी कोई और चीज नहीं होती है। शिक्षक जिस छात्र से प्यार करता है उसे ही डांटता और फटकारता है। आइआइटी में आज भी सफल होना करियर की गांरटी है। पूरी दुनिया में इसकी जबरदस्त मांग है और इसका पैकैज में बेहतरीन है। मदन सर ने जोर देकर कहा कि अभिभावक और माता-पिता को भी सफलता के लिये अपनी आदत सुधारना चाहिए। बच्चों को मोटिवेट करना और भावनात्मक बातें उनकी सफलता की संभावना को बढ़ा देती है।

बच्चों को विषय वस्तु के कॉन्सेप्ट को लेकर प्रणय सर ने कहा कि जब बच्चा सोच लेता है कि मुझे यह करना है उस दिन उसका आधा काम हो जाता है। किसी सवाल का जबाव अगर पूरी तरह समझ में आयेगा तक भ्रम की स्थिति ही नहीं रहेगी और सफलता निश्चित होती। कभी भी सवाल का जबाव रट कर नहीं देना चाहिए बल्कि उसे समझ जाना चाहिए। इमरान सर ने बच्चों को कहा जितना देर पढ़ों मन लगाकर पढ़ों सिर्फ दिखावा नहीं करना है। स्कूली शिक्षा में प्रतिशत देखा जाता है जबकि आइआइटी में आपकी योग्यता की परीक्षा होती है। मोटिवेटर मुरलीधर ने कहा कि शिक्षक का सम्मान और लगाव से आप विषयों को पूरी तरह से समझ पाते हो। 2007 से संस्थान से हजारो छात्र सफल हुए है यह एक बेहतर सेवा ही है।

कार्यक्रम के अंत में साइंस क्विज का आयोजन किया गया। विजेताओं को प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किया गया। साथ ही डीएवी पतरातू, केन्द्रीय विद्यालय पतरातू सहित कई स्कूल के छात्रों को पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन बरूज आबिद ने किया। उपस्थित छात्र-छात्राओं ने भी कई सवालों का तुरंत जबाव देकर ईनाम प्राप्त किया। छात्रों के हित में संस्थान आज सिमडेगा और लातेहार में यह कार्यक्रम करने जा रहा है।

# गार्ड से कटेगा नहीं-रवि किशन

जिलेट की ब्रैंड फिल्म में लोकप्रिय भोजपुरी अभिनेता रवि किशन अभिनय कर रहे हैं। यह फिल्म शेविंग करते समय खरोंच और कट्स को रोकने के लिए सेफ्टी कॉम्ब के साथ जिलेट गार्ड के सिंगल-ब्लेड सिस्टम को प्रदर्शित करती है।

जिलेट इंडिया की नवीनतम कैंपेन फिल्म मशहूर भोजपुरी अभिनेता रवि किशन द्वारा अभिनीत है। फिल्म में देखा जा सकता है कि वे शेविंग करते समय अपने नियमित रेजर से काफी निराश हैं, क्योंकि इसकी वजह से शूटिंग से ठीक पहले उनके चेहरे पर एक कट लग जाता है। उनके साथ यह घटना तब होती है, जब वे एक महत्वपूर्ण सीन के लिए तैयार हो रहे होते हैं। यह कट न सिर्फ उनकी दिनचर्या में खलल डाल देता है, बल्कि उनके मेक ओवर को बाधित करने के साथ ही फिल्म की शूटिंग में भी रुकावट बन जाता है।

इसके बाद रवि किशन को उनके एक स्टाफ से जिलेट गार्ड का इस्तेमाल करने की सलाह मिलती है। यह ट्रायल न सिर्फ उनकी फिल्म के शेड्यूल को बिगाड़ने से रोक लेता है, बल्कि अभिनेता को खुद की तरफ शानदार रूप से आकर्षित भी कर लेता है। इसके परिणाम से वे बेहद खुश हो जाते हैं, और उनके पेशे के लिए सबसे उपयुक्त शेविंग सॉल्यूशन को खुशी-खुशी अपना लेते हैं। मुसीबत के समय में जिलेट गार्ड से हुआ उनका परिचय, उन्हें इस रेजर का हमेशा ही उपयोग करने के लिए प्रेरित करता है।

यह अवधारणा जिलेट गार्ड की ब्रैंड फिल्म में एक नया आयाम जोड़ती है, जो यह बताती है कि यह गार्ड सिर्फ शेविंग के शानदार अनुभव का प्रतीक ही नहीं है, बल्कि बॉलीवुड के चहेते अभिनेता रवि किशन की दिनचर्या के महत्वपूर्ण क्षण में एक रक्षक भी है।

शेविंग करते समय लगने वाला कट एक व्यक्ति के सौंदर्य को कुछ समय के लिए बिगड़ देता है, और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोग भी इसके घेरे में आ जाते हैं। रवि किशन द्वारा अभिनीत जिलेट गार्ड की ब्रैंड फिल्म, न सिर्फ पुरुषों की सौंदर्य दिनचर्या में ब्रैंड की भूमिका पर प्रकाश डालती है, बल्कि कटने और छिलने के अप्रत्याशित क्षणों के लिए समाधान की पेशकश की।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# नये साल 2024 में उत्सव और स्वास्थ्य की चुनौती



**अभिषेक कुमार**

**नए** साल का मजा और भी दोगुना हो जाता है जब आप उसे अपने परिवार के साथ मनाते हैं। बच्चों और अभिभावक के साथ मिलकर नए साल का स्वागत पूरे साल हर किसी को नई उम्मीदों और उमंग से भर देगा। ऐसे में इस पल को यादगार बनाने के लिए जरूरी है कि परिवार को कुछ सरप्राईज दिया जाए।

**मिठास का तोहफा**

अपने माता-पिता को अगर आप तोहफा देने की सोच रहे हैं और कुछ भी समझ नहीं आ रहा तो बाजार में कई सारे मिठाई के गिफ्ट हैंपर आते हैं। जिनमे रसगुल्ला से लेकर बेसन के लड्डू तक शामिल होते हैं। ये गिफ्ट जरूर आपकी मां को पसंद आएगा।

**नए साल का केक**

पार्टी में और दोस्तों के साथ तो हर कोई केक काटता है। इस बार केवल घर में ही अपने परिवार के साथ मिलकर उनके पसंदीदा फ्लेवर का केक काटे। ये गिफ्ट जरूर हर किसी को पसंद आएगा।

**फूलों का तोहफा**

नए साल के मौके पर पत्नी के साथ ही मां को उनके पसंदीदा फूलों का एक बंच लेकर आएं। ये तोहफा जरूर पसंद आएगा। साथ ही आपके जेब पर भी ज्यादा बोझ नही होगा।

**खूबसूरत सा मग**

वैसे ये गिफ्ट बहुत ही कॉमन है और आपने जरूर ही अपने दोस्तों को दिया होगा। लेकिन इस बार पर्सनलाइज मग अपने घर में बेटी या बहन को गिफ्ट करें। नए साल का ये तोहफा जरूर उन्हें पसंद आएगा।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सेहतमंद रहने के लिए ट्रेंड में रहे फिटनेस मेंटेनेंस के तरीके लोगों को स्वास्थ्य के लिए विशेष फायदेमंद हो सकते हैं। आइए आगे की स्लाइडों में जानते हैं, लोगों ने सेहत को बेहतर बनाए रखने के लिए किन उपायों को इस साल अपनी जीवनशैली में शामिल किया।


**सेहत को लेकर दिखी जागरूकता**

साल 2024 में कोरोना के इस दौर में स्मार्टवॉच से लेकर हेल्थकेयर ऐप तक, पर्सनल हेल्थ ट्रैकर्स लोगों की जीवनशैली का एक अनिवार्य हिस्सा बन जायेंगे। ब्लड ऑक्सीजन से लेकर हार्ट रेट की निगरानी तक के लिए लोगों ने इस साल तमाम तरह के गैजेट्स का प्रयोग किया। इस साल लोगों के बीच सेहत की निगरानी को लेकर जारूकता बढ़ाये रखना होगा।

कोरोना से प्रभावित रहे साल 2024 में लोगों ने सेहत को बेहतर बनाए रखने के लिए स्वस्थ और पौष्टिक आहार की तरफ ध्यान दिया। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं आहार में फलों-सब्जियों की मात्रा को बढ़ाकर न सिर्फ रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाया जा सकता है, साथ ही यह समग्र स्वास्थ्य के लिए भी विशेष लाभदायक हो सकती हैं। इस साल लोगों ने फास्ट और जंक फूड की जगह स्वस्थ आहार के सेवन पर अधिक ध्यान दिया। **योग और व्यायाम जीवन का हिस्सा**

कोरोना के इस दौर में लोगों ने सेहत को फिट बनाए रखने के लिए तमाम तरह के योग और व्यायाम को जीवनशैली का हिस्सा बनाया। ऑनलाइन योग क्लास, मॉर्निंग वॉक, वर्कआउट और मेडिटेशन जैसे अभ्यास ज्यादातर लोगों के जीवन का अभिन्न अंग बन गए। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, योग-व्यायाम कई तरह की गंभीर बीमारियों के जोखिम को कम करने के साथ शरीर के स्वास्थ्य को बेहतर रखने में सहायक होते हैं।

**(योगदा कॉलेज धुर्वा, रांची)**



स्पीड न्यूज

## वार्ड नंबर 3 में पीसीसी रोड का सांसद और विधायक ने किया शिलान्यास



**रामगढ़।** छावनी परिषद वार्ड नंबर 3 अंतर्गत राजस्थान कलेवालय से कुंवर टोला मोड़ तक 3171941 रूपए की लागत से बनने वाले आधा किलोमीटर पीसीसी पथ का शनिवार को सांसद जयंत सिन्हा, विधायक सुनीता चौधरी, छावनी परिषद रामगढ़ के अध्यक्ष ब्रिगेडियर संजय चंद्र कंडपाल , अधिशासी अधिकारी अनंत आकाश ने नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर किया। जयंत सिन्हा ने कहा कि शहर के लोगों को किसी भी तरह की परेशानी नही हो इस बात का मैं हमेशा ख्याल रखता हूं। कहा की मैंने रामगढ़ वासियों की हमेशा सेवा की है और जहां भी लोगों को मेरी जरूरत हुई मैं वहां मौजूद रहा हूं और आनेवाले समय में भी शहर वासियों के हित में कार्य करता रहूंगा। मौके पर राजेश ठाकुर, शिव कुमार महतो, मनोज महतो, पंकज दांगी, सत्यजीत सिंह, आनंद जायसवाल, नीरज मंडल, रविंद्र शर्मा, रूपेश कुमार, अभिमन्यू कुशवाहा, अशेश्वर महतो, रूपेश महतो, मुन्ना खटिक आदि उपस्थित थे।

## मांडू : शिविर में कई मामले निष्पादित



**मांडू।** मांडू डी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन पंचायत भवन भुईयां टोली कॉलोनी में शनिवार को हुआ बीडीओ संजय कुमार कोंगाडी, मांडू डी पंचायत मुखिया बैजनाथ राम,मांडू पंचायत उप मुखिया सीता देवी,पंचायत समिति सदस्य किरण देवी, नवरत्न कुमार ने शिविर का किया उद्घाटन। शिविर में कई मामले निष्पादित किए गए। मांडू डी पंचायत के हजारों की संख्या में महिला पुरुष व छात्र-छात्राएं को योजनाओं का लाभ उठाएं,आयोजित कार्यक्रम में कल्याण विभाग के द्वारा समृद्धि योजना में छात्र-छात्राओं को 4500 रुपया का रेंजर साइकिल दिया गया । शिविर में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विजय राम,चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर रश्मि संगा,किरण शर्मा,अमीषा कुमारी,सुनीता कुमारी, सेविका रेखा,उर्मिला देवी, सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

## जिप सदस्य ने गरीबों को दिया कंबल



**कुजू।** मांडू भाग संख्या 3 के जिप सदस्य दयामंति देवी ने शनिवार को कई गरीब-असहाय लोगों के बीच ठंड से राहत पहुंचाने के लिए कंबल का वितरण किया। उन्होंने करीब 80 कंबलों को बड़का चुंबा, बेहराटांड़, बुमरी, ठाकुर गोड़ा, तोपा, हेसागढ़ा पंचायत के करीब 80 बुर्जुग, बेसहारा, वृद्ध जनों के बीच वितरण किया। उन्होंने कहा कि लगातार क्षेत्र में बढ़ते ठंड को देखते हुए ऐसे लोगों के बीच कंबल वितरण करना पुण्य की बात है। इस अवसर पर जिप प्रतिनिधि ज्योतिंद्र प्रसाद साहू सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## अनमोल प्ले स्कूल में मना क्रिसमस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अनमोल बचपन प्ले स्कूल में शनिवार को धूमधाम से क्रिसमस डे मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की सुशीला एंथोनी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिक्षकों ने केक काटकर क्रिसमस मनाया। कार्यक्रम में सांता क्लॉज का रूप धरे नन्हे-मुनने बच्चों ने डीजे के धुन पर आकर्षक नृत्य व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। जिंगल बेल जिंगल बेल गाने पर बच्चों ने जमकर नृत्य व मस्ती किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के शिक्षक संतोष कुमार, शिक्षिका उर्मिला कुमारी, भूमि कुमारी, नमिता मिश्रा, मानसी कुमारी, सुशीला एंथोनी, पूर्णिमा कुमारी आदि का विशेष योगदान रहा।

## परवरिश स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग



**कुजू।** शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रतीक, परवरिश एडुकेयर स्कूल कुजू द्वारा शनिवार को क्रिसमस मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या नेहा राज बनर्जी के उद्घाटन भाषण से हुआ। शाम का मुख्य आकर्षण छात्रा अनुराधा, शिवानी, सिमरन, जोहरा, परी, खुशी, साक्षी और अन्य द्वारा किया गया। आराध्या चटर्जी, प्रियांशी, परी मुंडा, अर्नव सिंह, उमेश कुमार, आर्य राज पटेल, आतिफा, तनीषा और आकृति सहित प्री-प्राइमरी छात्रों ने उत्साह और संक्रामक ऊर्जा फैलाते हुए एक आकर्षक नृत्य प्रदर्शन के साथ शो को लूट लिया। मौके पर रश्मि कुजूर, संगीता, सोमा, कंचन, नंदिनी, रजनी और अर्चना शामिल थीं।

## डीएवी रजरप्पा में मना बलिदान दिवस



**रजरप्पा।** आर्य समाज के महान सपूत और स्वामी दयानंद सरस्वती के अनुयायी स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान को श्रद्धानंद बलिदान दिवस और वीर बाल दिवस के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल, रजरप्पा प्रोजेक्ट सीसीएल ने स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान और गुरु गोबिंद सिंह के चार वीर सुपुत्रों के बलिदान को याद करने हेतु सुबह की प्रार्थना सभा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में देशभक्ति की भावना पैदा करना और इन प्रसिद्ध हस्तियों के महान योगदान को सम्मान देना था।

## नशेड़ी ड्राइवर से बाल-बाल बचे लोग

**बरही।** बरसोत में कस्तूरबा बालिका आवसीय विद्यालय के सामने एनएच 2 जीटी रोड में गाड़ी न0 जी जे 05 बी एक्स 8411के ड्राइवर धनबाद निवासी श्री यादव ने नशे की हालत में सड़क के डिवाइडर पर गाड़ी चढ़ा दिया ।ड्राइवर श्री यादव से पूछे जाने पर नशे की हालत में बताया कि गाड़ी को जिधर जाना चाहिए, चला जाता है ।उन्होंने बताया कि गाड़ी औरंगाबाद से सीमेंट खाली करके बोकारो जा रही थी ।इसी दौरान गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर में चढ़ गई ।इसमें मेरी कोई गलती नही है ।जबकि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गाड़ी की गति बहुत तेज थी।

मुख्यमंत्री ने रामगढ़ में कई करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, कहा

# गोला में जल्द खुलेगा डिग्री कॉलेज

## हेमंत सोरेन ने 92 युवाओं को दिया नियुक्ति पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़/गोला।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि गोला में जल्द खुलेगा डिग्री कॉलेज। इसके लिए सरकार ने स्वीकृति दे दी है। कॉलेज के निर्माण हेतु आने वाले दिनों में आधारशिला रखी जाएगी। रामगढ़ जिला में आवागमन को बेहतर करने के उदेश्य से 250 करोड़ रुपए की लागत से 400 किमी ग्रामीण सड़क एवं 450 करोड़ रुपए की लागत से 250 किमी उच्च स्तरीय सड़क का निर्माण किया जा रहा है। जल्द ये सड़कें रामगढ़ वासियों के सुगम आवागमन में सहायक होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को गोला प्रखंड स्थित चाड़ी पंचायत के तिरला मैदान में आयोजित ष्आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे।

**नौकरी, रोजगार और स्वरोजगार के लिए पहलः** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सरकारी, गैर सरकारी एवं स्वरोजगार हेतु कार्य किया जा रहा है। लगातार नियुक्ति निकाली जा रही है। यहां के युवाओं को सरकारी और गैर सरकारी नौकरी से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। रामगढ़ जिला का पतरातु प्रखंड पर्यटन स्थल है। यहां के युवा दर्शनीय स्थल में स्वरोजगार के लिए रोजगार सृजन योजना का लाभ लेकर आर्थिक स्वावलंबन की ओर अग्रसर हो सकते हैं। इस कार्य में सरकार आपकी मदद करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव-गांव पंचायत पंचायत शिविर का आयोजन हो रहा है। इन शिविरों में लोग राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहें हैं। यह अभियान बेहतर ढंग से संचालित हो रहा है या नहीं इसका आकलन करने आपके बीच आता हूं। वर्ष 2021और 2022 से ऐसे शिविर का आयोजन कर सरकार आपके दरवाजे को खटखटा रही थी। इन शिविरों से प्राप्त आवेदन से ज्ञात हुआ कि आखिर पूर्व में कुछ अच्छा कार्य हुआ होता तो इतने सारे आवेदन कैसे प्राप्त हुए। 2019 से पूर्व सामान्य जीवन रहने के बाद भी कार्य नहीं किया गया। जबकि वर्तमान सरकार गठन के उपरांत कोरोना संक्रमण ने झारखण्ड समेत पूरी दुनिया को अपने चपेट में ले लिया। इस महामारी की धुंध छटने के बाद सरकार ने आपके दरवाजे तक पदाधिकारियों को भेजना शुरू किया ताकि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आप तक पहुंच सके।

**गांव की मजबूती और बेहतर शिक्षा प्रदान करने का प्रयास :** मुख्यमंत्री ने कहा यहां के किसान, श्रमिक, महिला, नौजवान सशक्त होगा तो राज्य मजबूत होगा। आज आपका अधिकारी आपके दरवाजे को खटखटा कर आप तक पहुंचा जा रहा है। आने वाली पीढ़ी को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के उदेश्य से 80 उत्कृष्ट विद्यालय का संचालन प्रारंभिक चरण में हो चुका है। आने वाले वर्षों में राज्य भर में पांच हजार उत्कृष्ट विद्यालय प्रारंभ करने की योजना है। मुख्यमंत्री जब जाने लगे तब उनकी नजर गोला के यूएसएच बरियातु स्कूल में पढ़ाई कर रही अफसाना एवं राखी पर पड़ी, दोनों मुख्यमंत्री की तस्वीर को थामे थी। मुख्यमंत्री सीधे उन बच्चियों के पास गए और उसके साथ तस्वीर ली। मुख्यमंत्री ने इन बच्चियों की उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। वहीं पतरातु प्रखंड के जयनगर पंचायत में आयोजित शिविर में पदाधिकारियों से कहा कोई भी जरूरतमंद पेंशन के लाभ से वंचित ना रहे। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक अम्बा प्रसाद, पूर्व विधायक योगेन्द्र महतो, फागू बेसरा, पूर्व विधायक ममता देवी, मुख्यमंत्री के सचिव विनय चौबे, उपायुक्त , एसपी और अधिकारी उपस्थित थे।

# हजारीबाग : बर्थडे पार्टी में नाबालिक ने तलवार से दोस्त को मार डाला

खबर मन्त्र संवाददाता

हत्या का मामला दर्ज,आरोपी की तलाश जारी : थाना प्रभारी



**हजारीबाग।** लोहसिहना थाना क्षेत्र अंतर्गत झील पर शुक्रवार को शाम सात बजे बर्थडे पार्टी मना रहे एक नाबालिक को उसके दो नाबालिग दोस्तों ने तलवार गोदकर हत्या कर दी। फिर वारदात को अंजाम देकर पांचों दोस्त फरार हो गए। बर्थडे पार्टी में शामिल चचेरे भाई सलमान किसी तरह घायल सकीबुल पिता मो इजहार साकिन कोलघट्टी को ई रिक्शा में लेकर हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए रांची या किसी बड़े अस्पताल में ले जाने की सलाह दी। परिजन आनन-फानन में उसे आरोग्यं अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने सकीबुल को मृत घोषित कर दिया। लोहसिहना थाना प्रभारी विपिन कुमार यादव ने बताया कि पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। इस घटना को अंजाम देने वाले नाबालिकों की तलाश की जा रही है। पार्टी में शामिल सलमान ने बताया कि बचपन के सात दोस्त बर्थडे सेलिब्रेट करने झील पर गए थे। वहां तलवार से केक काटा गया। फिर खाने-पीने की पार्टी चली। सभी दोस्त साउंड पर नाच रहे थे। इस दौरान देखा कि सकीबुल की छाती में तलवार से गोद रहे हैं और मजाक कर रहे हैं। उसके बाद वह घबरा गया। जबकि सभी दोस्त फरार हो गए। इसकी सूचना उसने पहले अपने पिता एवं घर में दी। फिर सड़क पर आकर टोटो को पकड़ा और घायल अवस्था में किसी तरह शकीबुल को लेकर अस्पताल पहुंचा। पिता इजहार कहते हैं कि इस घटना की जानकारी उन्हें बड़े भाई ने दी। जब तक वह अस्पताल पहुंचे तब तक उनका घर उजड़ चुका था।

## विष्णुगढ़ में एएसआइ छह हजार घूस लेते गिरफ्तार

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ थाना में तैनात एएसआई मनोज कुमार सिंह को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने शनिवार को 6000 हजार घूस लेते गिरफ्तार किया। मामला केस नंबर 246/023 उषा देवी बनाम बद्री यादव के मामले से जुड़ा है। हजारीबाग न्यायालय में बद्री यादव द्वारा मुकदमे में बेल लेना था जिसके लिए कोर्ट द्वारा केस डायरी की मांग की जा रही थी। केस आईओ मनोज कुमार ने कोर्ट में केस डायरी भेजने के एवज में 10,000 रुपये मांग की थी। बद्री यादव ने इसकी शिकायत एसीबी से की थी। बद्री यादव और आईओ के बीच 10000 के जगह 6000 पर बात बनी। निर्धारित समय के अनुसार बद्री यादव की पत्नी ललिता देवी ने रिश्वत के पैसे एएसआई मनोज कुमार को दिया, 6000 के साथ एसबी ने दबोच लिया।

## बरही : श्रीदस इंटरनेशनल में वार्षिक खेलकूद संपन्न, बच्चे हुये सम्मानित



**बरही।** श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में पांच दिनों से चल रहे वार्षिक खेलकूद संपन्न हुआ। करीब 317 एथलीटों को पदक देकर नवाजा गया। जिसमें 141 गोल्ड मेडल, 141 सिल्वर और 25 काश्य पदक से बच्चों को नवाजा गया। इस वर्ष का ओवर ऑल चैंपियन गोल्डन हाउस रहा। एथलीट ऑफ द ईयर से हिमांशु कुमार कक्षा 9 के छात्र को नवाजा गया। कार्यक्रम में डॉ अहसान उल हक सीबीएसई सीटी कॉर्डिनेटर हजारीबाग मौजूद रहें। प्राचार्य रोहित सिंह, उप प्राचार्य विकाश श्रीदस चंद्रवंशी व अतिथियों ने स्कूल के आदर्श स्वर्गीय दशरथ सिंह के तस्वीर पर पुष्प माला अर्पित कर द्वीप प्रज्वलित कर समापन कार्यक्रम की शुरूआत की। डॉ अहसान उल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल हरेक डिपार्टमेंट में उम्दा प्रदर्शन कर रहा है। स्कूल बहुत तेजी से विकास पथ पर अग्रसर है। प्राचार्य रोहित सिंह ने शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि श्रीदस परिवार आज जिस मुकाम पर है, कहीं न कहीं इन सभी शिक्षकों का योगदान है।

## ए ला एंगलाइज स्कूल में खेलकूद संपन्न



**भदानीनगर (रामगढ़)।** ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में शनिवार को विद्यालय का 42वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का उदघाटन पतरातू एसडीपीओ डॉ. बीरेन्द्र कुमार चौधरी, बीरबल महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित व केक काटकर किया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा अतिथियों को झारखंडी पारंपरिक नृत्य-गीत व ढोल-नगाड़ों के बीच स्वागत करते हुए मंच तक लाया गया। समारोह में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक नृत्य और गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मेडल, ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। एसडीपीओ ने कहा कि यह विद्यालय पिछले 42 वर्षों से क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगा रहा है। समारोह देखकर यह कहा जा सकता है कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में बेहतर संस्कार भी दे रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं, ऐसे कार्यक्रमों से इनकी प्रतिभा और निखरेगी। श्री चौधरी ने विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा ग्रहण कर देश के अच्छे नागरिक बनने और समाज व देश का नाम रौशन करने की बात कही। प्राचार्य बिजयंत कुमार ने कहा कि विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। ताकि बच्चों की छुपी प्रतिभा निखर सके। और वे हर क्षेत्र में अव्वल बन सकें। समारोह के दौरान स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम में शामिल केंवराक गमक नामक खोरठा पुस्तक का एसडीपीओ डॉ. बीरेंद्र कुमार चौधरी द्वारा विमोचन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन स्कूल के अध्यक्ष शिवचरण महतो ने प्रस्तुत किया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए सदर विधायक

**बड़कागांव।** विधायक मनीष जायसवाल विकसित भारत संकल्प रथ के साथ बतौर कार्यक्रम प्रभारी के रूप में शनिवार को कांडतरी पंचायत भवन व आंगो पंचायत भवन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब, लाचार, किसान व महिलाओं के उत्थान और विकास के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई है। जायसवाल ने जरूरतमंद महिलाओं को गैस चूल्हा व सिलेंडर भी वितरित किया। मौके पर विधायक ने ड्रोन उपकरण के तहत कांडतरी गांव के खेतों में यूरिया का छिड़काव कार्य का भी शुभारंभ किया। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा,भाजपा नेता जयनारायण मेहता, मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, सांसद प्रतिनिधि बेचन साव,श्रीकांत निराला,उपाध्यक्ष अशोक साव सहित अन्य गणमान्य सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## दारू में चला चेकिंग अभियान

**दारु।** जिला परिवहन पदाधिकारी ने शनिवार को दारु थाना के सामने विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। दो पहिया, तीन पहिया और चारपाहिया वाहन के कागजातों और दोपहिया वाहन चलाने वालों का हेलमेट की जांच की । दर्जनों वाहन से करीब 76 हजार जुर्माना लगाया गया। सभी पेट्रोल पेप के मालिकों को निर्देश दिया कि बिना हेलमेट पहने अपनी बाइक मे तेल लेने वालों को तेल नहीं दिया जाय।

# योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ उठायें ग्रामीण : जयंत सिन्हा

सौंदा डी पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा डी पंचायत के लेनिन चौक में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष झारखंड सरकार राकेश प्रसाद व हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा विभिन्न योजनाओ व प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से डॉक्टर द्वारा दर्जनों लोगों का स्वास्थ्य जांच कर उचित परामर्श भी दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद जयंत सिन्हा ने गोद भराई व मुहजुठ्ठी की रस्म पूरी की। इस दौरान मेरी कहानी मेरी जुबानी, पीएम आवास, हर घर जल योजना, पीएम कुसुम, पीएम मुद्रा, केसीसी योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, जेएसएलपीएस, स्वास्थ्य योजना का ऑन द स्पॉट लाभ दिया गया। मौके पर सांसद जयंत सिन्हा ने कहा की जब तक सही से योजनाओं का क्रियान्वन नही होगा हम विकसित नहीं हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगो में जागरूकता लाना है। साथ ही वंचित, शोषित, गरीब, दलित वर्ग जो छूट गए हैं, उनतक बिना भेदभाव, जाति-धर्म से अलग उठकर प्रधानमंत्री के योजनाओ का लाभ पहुंचाना है। सांसद श्री सिन्हा ने ग्रामीणों को विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए इसका लाभ उठाने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में संकल्प लिया गया की 2047 तक भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाने की दिशा में हमसभी अपना बहुमूल्य योगदान देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया उपेंद्र शर्मा संचालन पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय ने किया। मौके पर कुमकुम देवी, प्रकाश मिश्रा, रंजीत पांडेय, सुमन सिंह, जगतार सिंह, सुखदेव प्रसाद, डॉ. संजय सिंह, अखिलेश प्रसाद, रंजन सिंह फौजी, संतोष कुमार शर्मा, संतन सिंह, प्रवीण कुमार सोनू, दशरथ कुर्मी, अशोक शर्मा, दिलीप गुप्ता, रुदल कुमार, राजाराम सिंह, संजय सिंह, अजीत जायसवाल, मनीष राज पांडेय, सुबोध रजक, पंचायत सेवक नरेश हजाम, खुशबू रानी, संतोष रजक, व संजय कुमार उपस्थित थे।

एक नजर में

## बरही में एक कमरा व शेड का उद्घाटन



**बरही।** धनवार पंचायत भवन के सामने फेबर ब्लॉक, एक कमरा एवं शेड का उद्घाटन बरही बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, अंचलाधिकारी राम नारायण खलखो, धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि ममता देवी, पंचायत समिति सदस्या संतोषी कुमारी सहित पंचायत के वार्ड सदस्यो ने संयुक्त रूप से किया गया। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि पंचायत में विकास कार्य को धरातल पर उतारने को लेकर दृढसंकल्पित हूं, सरकार द्वारा पंचायत वासियों के लिए जो भी योजना आएगा, उसका लाभ पंचायत के शत प्रतिशत लोगो को कैसे मिले, इसके लिए वह सदैव प्रयत्नशील है ।उन्होंने बताया कि पंचायत वासियों की हित ही मेरे जीवन का मुख्य उद्देश्य है ।कहा कि पंचायत में सभी लोगों को विभिन्न समस्याओं से निजात दिलाना मेरी प्राथमिकताओं में एक है।

## आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



**पदमा।** रोमी पंचायत भवन के प्रांगण में शनिवार को सरकार द्वारा आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का पंचायत स्तरीय शिविर लगा। शिविर का उद्घाटन बरही के वर्तमान विधायक सह सभापति निवेदन समिति उमाशंकर अकेला, पदमा प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, अंचल अधिकारी मोतीलाल हेंब्रम, रोमी पंचायत के मुखिया गुड़िया मेहता, पंचायत समिति सदस्य शारदा देवी, प्रमुख वीणा देवी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष संजय कुमार यादव , पदमा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता ने दीप जलाकर किया। विधायक उमाशंकर अकेला कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह हेमंत सरकार गरीबों की सरकार है, सरकार प्रयासरत है कि सभी योजनाओं का लाभ आम आदमी एवं अंतिम गांव तक पहुंचे। मौके पर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार मेहता, राजेश मेहता, सत्नारायण प्रसाद मेहता, नीतू कुमारी एवं संजय मेहता सहित कई लोग उपस्थित थे।

## भारत संकल्प यात्रा पहुंचा झरपो और खैरा

**टाटीझरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को टाटीझरिया के झरपो और खैरा पंचायत पहुंचा। जहां केंद्र सरकार की संचालित विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। डिजिटल वाहन से उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया। जेएसएलपीएस और बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा कई कार्यक्रम करवाए गए। उज्जवला गैस योजना और स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपस्थित लोगों को लाभ दिया गया और उपस्थित ग्रामीणों के बीच कैलेंडर वितरित की गई। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल,विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय,मुखिया कुमारी माधुरी,उपप्रमुख रवि वर्णवाल, झरपो मुखिया शिबु प्रसाद सोनी,सुरेंद्र राणा,ज्योतिष पंडा,सुरेंद्र राणा,रोजगार सेवक संतोष राम,नेमचंद कुमार,अर्जुन प्रसाद समेत दोनों पंचायत के महिला मंडल के अन्य शामिल थे।

## कांग्रेस का पंचायत कोर कमेटी का गठन

**केरेडारी।** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती पंचायत पाताल में पंचायत में कांग्रेस पार्टी का पंचायत कोर कमेटी का गठन किया गया। पाताल में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता व संचालन केरेडारी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता ने किया। इंटक प्रदेश सचिव सह विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज की मौजूदगी में संपन्न हुआ। इस दौरान फुलेश्वर महतो को पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष करण मुंडा, सचिव बाबूलाल कुमार महतो, कोषाध्यक्ष संजय ठाकुर, मीडिया प्रभारी दिलीप महतो वही संरक्षक सागर केसरी को बनाया गया। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता , संतोष यादव , मनोज कुमार मुंडा, नरेश गोप,दीपक मुंडा, राजू मुंडा सहित कई महिला पुरुष मौजूद थे।

## 20 सूत्री की बैठक में योजनाओं की समीक्षा

**बरकट्ठा।** प्रखंड में 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद मंडल के अध्यक्षता में हुई। संचालन बीडीओ रोशमा डुंगडुंग ने की। बैठक में सभी विभागों के योजना और कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक में जिन विभाग के पदाधिकारी उपस्थित नहीं हुए। उनसे स्पष्टीकरण पूछने का निर्णय लिया गया। बैठक में इसमें आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य, शिक्षा, जेएसलपीएस, मनरेगा योजना पर चर्चा की गई। बैठक के बाद अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद ने बताया कि वन विभाग, बिजली, आपूर्ति, कृषि एवं पशुपालन विभाग के पदाधिकारी अनुपस्थित रहे। उनसे स्पष्टीकरण लिया जाएगा। बैठक में 20 सूत्री उपाध्यक्ष कुदुस अंसारी, प्रखंड कार्यालय के प्रधान लिपिक सीके चौधरी, सीओ श्रीकांत लाल मांझी, बीडीओ रोशमा डूंगडूंग, शिक्षा विभाग से संजय प्रसाद, मुनिया खातून आदि उपस्थित थे।

## बिरसा मिशन कॉलेज में क्रिसमस गैदरिंग

**कटकमसांडी।** शनिवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित बिरसा मिशन कॉलेज, कटकमसांडी में धूमधाम से क्रिसमस गैदरिंग मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ. अजीत कुमार दास ने कैंडल जलाकर एवं केक काटकर किया। इसके बाद कॉलेज की छात्राओं द्वारा प्रभु ईशू की प्रार्थना-विनती की गई। डॉ दास ने कहा कि प्रभु यीशू सभी पर समान रूप से बगैर भेद भाव किए अपना आशीष बरसातें हैं। उन्होंने सत्य-अहिंसा, करुणा-प्रेम, दया व सेवा को ही जीवन का सर्वश्रेष्ठ रास्ता बताया। इस मौके पर अंजली धान, विनिता लकड़ा, बसंती कुमारी, व पूजा कुमारी द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर प्राचार्य डॉ. अजीत कुमार दास, दिनेश दास, मो. शाहिद हुसैन, कविता मूर्ति, सद्दाम हुसैन, उत्तम कुमार दास, बजरंगी त्यागी आदि शिक्षकों सहित अंजली धान आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**दारू।** ईरगा पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान 20 सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि वैसे लाभुक जो अबूआ आवास योग्य है वे किसी भी हाल में वंचित ना हों ।शिविर में 3018 आवेदन प्राप्त हुआ,2263 ऑन स्पॉट निष्पादित किया गया। अबूआ आवास को लेकर 655 आवेदन मिला। शिविर में सखी मंडल को 10 लाख 50000 का चेक दिया। आठवी कक्षा के 60 विद्यार्थियों को साइकिल के लिए 4500 रुपया का डेमो चेक मिला। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख कुमारी श्वेता, 20 सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह, उपाधयक्ष कैलाश पति देव, बीडीओ मनीष कुमार, सीओ अदिति गुप्ता, बीपीओ स्वाति वर्मा,मुखिया अनिता देवी,कलावती देवी, कांग्रेस ओबीसी मोर्चा का अध्यक्ष रिंकू कुमार सहित पंचायत के सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण

**टाटीझरिया ।** टाटीझरिया प्रखंड कार्यालय में टाटीझरिया पंचायत का आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को शिविर लगा। कार्यक्रम की शुरूआत प्रमुख संतोष मंडल, बीस सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह, बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज, मुखिया सुरेश यादव, पंसस पिंगला देवी, सांसद प्रतिनिधि एमके पाठक, कैलाशपति सिंह, राजू यादव व अन्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में लोगों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मौके पर कृषि पदाधिकारी सुधीर राय, बीपीओ अफरोज अख्तर, पंचायत सचिव विश्वजीत दूबे व अन्य उपस्थित थे।

## उमेश दांगी ने थामा आजसू का दामन

**बड़कागांव ।**बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से आजसू पार्टी के विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी के नेतृत्व में सुदेश महतो के समक्ष रांची आवास सह आजसू कार्यालय पर जगदेव विचार मंच बड़कागांव अध्यक्ष उमेश दांगी ने आजसू का दामन थामा जिसे आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने पट्टा पहनाकर सदस्यता ग्रहण करवाया। दांगी ने कहा कि झारखंड में राजनीतिक दुर्दशा है सिर्फ एनडीए गठबंधन ही दूर करने में सक्षम है ।

# सांता आये उपहार लाये




स्वप्ना कुमार हो..हो..हो.. कहते हुए लाल-सफेद कपड़ों में बड़ी-सी श्वेत दाढी और बालों वाले, कंधे पर गिफ्ट्स से भरा बड़ा-सा बैग लटकाए, हाथों में क्रिसमस बेल लिए सांता को तो आप जरूर जानते होंगे। क्रिसमस पर आप इनसे मिलें भी होंगे या फिर टीवी अखबारों में इन्हें देखा होगा। बच्चों के प्यारे सांता जिन्हें क्रिसमस फादर भी कहा जाता है हर क्रिसमस पर बच्चों को चॉकलेट्स, गिफ्ट्स देकर बच्चों की मुस्कुराहट का कारण बन जाते हैं। तभी तो हर क्रिसमस बच्चे अपने सांता अंकल का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

माना जाता है कि सांता का घर उत्तरी ध्रुव में है और वे उड़ने वाले रेनडियर्स की गाड़ी पर चलते हैं। सांता का यह आधुनिक रूप 19वीं सदी से अस्तित्व में आया उसके पहले ये ऐसे नहीं थे। आज से डेढ. हजार साल पहले जन्मे संत निकोलस को असली सांता और सांता का जनक माना जाता है। हालांकि संत निकोलस और जीसस के जन्म का सीधा संबंध नहीं रहा है फिर भी आज के समय में सांता क्लॉज क्रिसमस का अहम हिस्सा हैं। उनके बिना क्रिसमस अधूरा सा लगता है। संत निकोलस का जन्म तीसरी सदी में जीसस की मौत के 280 साल बाद मायरा में हुआ। वे एक रईस परिवार से थे। उन्होंने बचपन में ही अपने माता-पिता को खो दिया। बचपन से ही उनकी प्रभु यीशु में बहुत आस्था थी। वे बड़े होकर ईसाई धर्म के पादरी (पुजारी) और बाद में बिशप बने। उन्हें जरूरतमंदों और बच्चों को गिफ्ट्स देना बहुत अच्छा लगता था। वे अक्सर जरूरतमंदों और बच्चों को गिफ्ट्स देते थे।

संत निकोलस अपने उपहार आधी रात को ही देते थे क्योंकि उन्हें उपहार देते हुए नजर आना पसंद नहीं था। वे अपनी पहचान लोगों के सामने नहीं लाना चाहते थे। इसी कारण बच्चों को जल्दी सुला दिया जाता। आज भी कई जगह ऐसा ही होता है अगर बच्चे जल्दी नहीं सोते तो उनके सांता अंकल उन्हें उपहार देने नहीं आते हैं। संत निकोलस की दरियादिली की एक मशहूर कहानी है कि उन्होंने एक गरीब की मदद की। जिसके पास अपनी तीन बेटियों की शादी के लिए पैसे नहीं थे और मजबूरन वह उन्हें देह व्यापार के दलदल में भेज रहा था। तब निकोलस ने चुपके से उसकी तीनों बेटियों की सूख रही जुराबों में सोने के सिक्कों की थैलियां रख दी और लाचारी की जिंदगी से मुक्ति दिलाई। बस तभी से क्रिसमस

कई स्थानों पर सांता के पोस्टल वॉलेन्टियर रहते हैं जो सांता के नाम आए खतों का जवाब देते हैं। बच्चे सांता को खत की जगह ई-मेल भेजते हैं। जवाब उन्हें मिलता है और क्रिसमस के दिन उनकी विश पूरी की जाती है।

की रात बच्चे इस उम्मीद के साथ अपने मोजे बाहर लटकाते हैं कि सुबह उनमें उनके लिए गिफ्ट्स होंगे। इसी प्रकार फ्रांस में चिमनी पर जूते लटकाने की प्रथा है। हॉलैंड में बच्चे सांता के रेंडियर्स के लिए अपने जूते में गाजर भर कर रखते हैं।

सांता का आज का जो प्रचलित नाम है वह निकोलस के डच नाम सिंटर क्लास से आया है। जो बाद में सांता क्लॉज बन गया। जीसस और मदर मैरी के बाद संत निकोलस को ही इतना सम्मान मिला। सन 1200 से फ्रांस में 6 दिसम्बर को निकोलस दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। क्योंकि इस दिन संत निकोलस की मृत्यु हुई थी। अमेरिका में 1773 में पहली बार सांता सेंट ए क्लॉज के रूप में मीडिया से रूबरू हुए।

आज के आधुनिक युग के सांता का अस्तित्व 1930 में आया। हैडन संडब्लोम नामक एक कलाकार कोका-कोला की एड में सांता के रूप में 35 वर्षों तक दिखाई दिया। सांता का यह नया अवतार लोगों को बहुत पसंद आया और आखिरकार इसे सांता का नया रूप स्वीकारा गया जो आज तक लोगों के बीच काफी मशहूर है।

इस प्रकार धीरे-धीरे क्रिसमस और सांता का साथ गहराता चला गया और सांता पूरे विश्व में मशहूर होने के साथ-साथ बच्चों के चहेते बन गए।

आज भी ऐसा कहा जाता है कि सांता अपनी वाइफ और बहुत सारे बौनों के साथ उत्तरी ध्रुव में रहते हैं। वहां पर एक खिलौने की फैक्ट्री है जहां सारे खिलौने बनाए जाते हैं। सांता के ये बौने साल भर इस फैक्ट्री में क्रिसमस के खिलौने बनाने के लिए काम करते हैं। आज विश्वभर में सांता के कई पते हैं जहां बच्चे अपने खत भेजते हैं, लेकिन उनके फिनलैंड वाले पते पर सबसे ज्यादा खत भेजे जाते हैं। इस पते पर भेजे गए प्रत्येक खत का लोगों को जवाब भी मिलता है। आप भी अपने खत सांता को इस पते पर भेज सकते हैं। सांता का पता है :-

सांता क्लॉज,सांता क्लॉज विलेज,

## शांति और न्याय का पैगाम देता क्रिसमस



### झारखंड में अइरसा और गोपो रोटी विशेष पकवान है

झारखंड के मसीही कुछ अलग अंदाज में क्रिसमस का त्योहार मनाते हैं। इस अवसर पर स्थानीय पकवान अइरसा रोटी का विशेष महत्व है। अइरसा रोटी के बिना क्रिसमस का त्योहार नहीं मनाया जाता है। यह चावल का पकवान होता है। यहां के लोग धान की खेती विशेष रूप से करते हैं जिसके कारण यह पकवान इस त्योहार के साथ जुड़ गया। वहीं गोपो रोटी भी पकाया जाता है। ग्रामीण परिवेश के मसीही इस पकवान पर विशेष ध्यान देते हैं। रात्रि अनुष्ठान में पारंपरिक वाद्य-यंत्रों के साथ जीजस के जन्म लेने की खुशियां मनाते हैं।

### कैरोल गाने का प्रचलन है

क्रिसमस के पहले कैरोल गाने की परंपरा है। 13वीं सदी में फ्रांस, जर्मनी और इटली में क्रिसमस के अवसर पर क्रिसमस के अवसर गीत गाया जाता था। बाद में यह क्रिसमस के साथ ऐसे जुड़ गया है, यह कह पाना मुश्किल है किस तरह से यह क्रिसमस के साथ जुड़ गया है।

### शांति और न्याय का पैगाम देता है क्रिसमस-

पूरे विश्व में क्रिसमस का त्योहार बड़ ही उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाता है। छोटानागपुर में इसाई समुदाय के लोग इसे बड़े दिन के रूप में मनाते हैं। वैसे तो मसीहियों का सबसे बड़ा त्योहार ईस्टर है लेकिन जन्म पर्व को ही बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। ईसा मसीह के जन्म के दिन को क्रिसमस के रूप में मनाया जाता है। विभिन्न स्थानों पर अपनी पंरपराओं एवं रीति-रिवाज के साथ बड़ी श्रद्धा, आस्था, भक्ति और निष्ठा से मनाते हैं।

जीजस के अनुयायी मसीही कहलाये। क्रिसमस त्योहार के साथ कई बातें जुड़ी हुई हैं। इस त्योहार के साथ क्रिसमस ट्री, सांता क्लॉज, चरनी, अइरसा रोटी, केक आदि का विशेष महत्व है।

## सात जनवरी को भी मनाया जाता है क्रिसमस

कोरनेलियुस मिंज



**क्रिसमस** दो शब्दों के मेल से बना है, क्रिस और मस। क्रिस का अर्थ है ईसा मसीह और मस का अर्थ है ईसाइयों का प्रार्थनामय समूह । मध्यकाल में अंग्रेजी के शब्द क्रिस्टेमसे और पुरानी अंग्रेजी शब्द क्रिस्टेसमैसे से क्रिसमस शब्द बना। सन 1038 ई में क्रिसमस शब्द आया। वैसे तो क्रिसमस 25 दिसंबर को मनाया जाता है लेकिन रूस, जार्जिया, मिस्त्र, अरमेनिया, यूक्रेन और सर्बिया आदि देशों में सात जनवरी में मनाया जाता है। ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार 25 दिसंबर और रोमन कैलेंडर सात जनवरी को मनाया जाता है। ईसा मसीह का जन्म दिन और तिथि को लेकर संदेह है लेकिन कहा जाता है सबसे पहले रोम के बिशप लिबेरियुस ने इसाई सदस्यों के साथ मिलकर 354 ई में 25 दिसंबर को क्रिसमस मनाया था। इसके बाद धीरे धीरे पूरी दुनिया में यह तिथि स्थापित हो गयी। हालांकि 432 ई में मिस्र में पुराने जुलियर कैलेंडर के अनुसार छह जनवरी क्रिसमस मनाया गया था। वहीं अब क्रिसमस के स्थान पर एक्समस का नाम भी प्रचलित हो गया है। 16वीं शताब्दी के मध्य से क्राइस्ट शब्द को रोमन अक्षर एक्स से दर्शाने की प्रथा चल पड़ी। उसी शब्द के कारण अब क्रिसमस को एक्समस भी कहा जाता है। भारत सहित दुनिया के ज्यादातर लोग इसी नाम से पर्व को बोलते हैं।

## आधुनिक क्रिसमस ट्री का प्रचलन पश्चिमी जर्मनी की देन

इस त्योहार के साथ क्रिसमस ट्री का बड़ा महत्व है। यह पौधा डगलस वृक्ष, बालसम या फिर फर का होता है। जिसे क्रिसमस के दिन सजाया जाता है। भारत में कृत्रिम क्रिसमस ट्री को सजाने की परंपरा है। इसकी शुरुआत प्राचीन काल में मिस्त्रवासियों और चीनियों व हिब्रू लोगों ने की थी। यूरोप के लोग सदाबहार पेड़ों को सजाते थे। ये लोग सदाबहार पेड़ों की मालाओं, पुष्पहारों को जीवन की निरंतरता का प्रतीक मानते थे। उनका विश्वास था कि पौधों को घरों में सजाने से बुरी आत्माएं दूर रहती हैं। आधुनिक क्रिसमस ट्री की शुरुआत पश्चिमी जर्मनी से हुई। मध्यकाल में एक लोकप्रिय नाटक के मंचन के दौरान गार्डन को दिखाने के लिए फर पौधे का प्रयोग किया गया। जिस पर सेव लटकाये गयें इस पेड़ को स्वर्ग वृक्ष का प्रतीक दिखाया गया था। उसके बाद जर्मनी के लोग 24 दिसंबर को फर के पेड़ से घर की सजावट करनी शुरु की।द विक्टोरिया काल में इन पेड़ों पर मोमबत्तियां, टॉफियां और बढ़िया किस्म के केक को रिबन व कागज की पट्टियों से पेड़ को सजाया जाता था। इंगलैंड में प्रिंस अल्बर्ट ने 1841 को विडसर कैसल में पहला क्रिसमस ट्री लगाया था।



## बच्चों के प्रिय हैं सांता क्लॉज, 17वीं सदी तक सांता क्लॉज लोकप्रिय हो गये थे

क्रिसमस की रात सांता क्लॉज द्वारा बच्चों के लिए उपहार लाने की मान्यता है। सांता क्लॉज की प्रथा निकोलस ने चौथी-पांचवीं सदी में शुरु हुई। वे एशिया माइनर के बिशप थे। उन्हें बच्चों से बेहद प्यार था। उनका उद्देश्य था कि क्रिसमस के दिन गरीब और अमीर सभी प्रसन्न रहें। उनकी सदभावना और दयालुता के किस्से लंबे अरसे तक कथा कहानियों में चलते रहे। एक कथा के अनुसार उन्होंने कॉन्स्टेटाइन प्रथम के स्वप्न में आकर तीन सैनिक अधिकारियों को मृत्यु दंड से बचाया था। 17वीं सदी तक संत निकालेस सांता क्लॉज के रूप में लोकप्रिय हुए। सांता क्लॉज नाम डेनर्माक के लोगों की देन है। वर्तमान में क्रि समस का सबसे अधिक आकर्षक चीज सांता क्लॉज है। बच्चे क्रिसमस क ो सांता क्लॉज से जानते हैं। यह काफी आकर्षक और भारी भरकम शरीर वाला होता है। गैर मसीहियों को ये खूब भाता है।

## 12वीं सदी में चरनी की शुरुआत हुई

क्रिसमस में चरनी का बड़ा महत्व है। इसके बिना क्रिसमस का त्योहार अधूरा है, या यूं कहें चरनी के बिना इस त्योहार को नहीं मनाया जा सकता है। इसकी शुरुआत की कथा भी दिलचस्प है। संत फ्र ांसिस असीसी ने चरनी की शुरुआत की थी। उन्होंने 12वीं सदी में इसकी शुरुआत की थी। जीजस के जन्म को पर्व के अवसर पर प्रदर्शित करने का यह आकर्षक तरीका है। सभी मसीही अपने घरों में चरनी सजाते हैं और उसमें माता मरियम, युसूफ के साथ बालक येसु को रखा जाता है। चरनी के पास विशेष प्रार्थना की जाती है।

## पूरी दुनिया में सामाजिक पर्व बना क्रिसमस

**ईसाइयों** का सबसे महत्वपूर्ण त्योहार क्रिसमस विश्व भर में 25 दिसम्बर को खूब हर्षोल्लास से मनाया जाता है। क्रिसमस की पूर्व संध्या यानि 24 दिसंबर से ही क्रिसमस से जुड़े कार्यक्रम शुरू हो जाते हैं। यूरोपीय और पश्चिमी देशों में इस दौरान खूब रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। भारत में गोवा राज्य में क्रिसमस की काफी धूम रहती है इसके अलावा विभिन्न शहरों की बड़ी चर्चों में भी इस दिन सभी धर्मों के लोग एकत्रित होकर प्रभु यीशु का ध्यान करते हैं। क्रिसमस की पूर्व संध्या पर लोग प्रभु की प्रशंसा में कैरोल गाते हैं और क्रिसमस के दिन प्यार व भाईचारे का संदेश देने एक दूसरे के घर जाते हैं।



**सामाजिक पर्व बना क्रिसमस**

क्रिसमस अब सिर्फ एक धार्मिक पर्व नहीं रहा बल्कि इसने सामाजिक पर्व का रूप धारण कर लिया है तभी तो अब सभी समुदायों के लोग बढ़-चढ़कर इसे मनाते हैं और आपस में खुशियां बांटते हैं। क्रिसमस हंसी- खुशी का त्यौहार है इस दिन विश्व भर के गिरजाघरों में प्रभु यीशु की जन्मगाथा की झांकियां प्रस्तुत की जाती हैं और गिरजाघरों में प्रार्थना की जाती है। क्रिसमस को सभी ईसाई लोग मनाते हैं और आजकल कई गैर ईसाई लोग भी इसे एक धर्मनिरपेक्ष, सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाते हैं। बाजारवाद ने भी इस पर्व के प्रचार में बड़ी भूमिका निभाई है। क्रिसमस के दौरान उपहारों का आदान ?प्रदान, सजावट का सामान और छुट्टी के दौरान मौजमस्ती के कारण यह एक बड़ी आर्थिक गतिविधि भी बन गया है।

## क्रिसमस की पुरानी कहानी

-शुभा



**एक बार** ईश्वर ने ग्रैबियल नामक अपना एक दूत मैरी नामक युवती के पास भेजा। ईश्वर के दूत ग्रैबियल ने मैरी को जाकर कहा कि उसे ईश्वर के पुत्र को जन्म देना है। यह बात सुनकर मैरी चौंक गई क्योंकि अभी तो वह कुंवारी थी, सो उसने ग्रैबियल से पूछा कि यह किस प्रकार संभव होगा? तो ग्रैबियल ने कहा कि ईश्वर सब ठीक करेगा। समय बीता और मैरी की शादी जोसेफ नाम के युवक के साथ हो गई। भगवान के दूत ग्रैबियल जोसेफ के सपने में आए और उससे कहा कि जल्द ही मैरी गर्भवती होगी और उसे उसका खास ध्यान रखना होगा क्योंकि उसकी होने वाली संतान कोई और नहीं स्वयं प्रभु यीशु हैं। उस समय जोसेफ और मैरी नाजरथ जोकि वर्तमान में इजराइल का एक भाग है, में रहा करते थे। उस समय नाजरथ रोमन साम्राज्य का एक हिस्सा हुआ करता था। एक बार किसी कारण से जोसेफ और मैरी बैथलेहम, जोकि इस समय फिलस्तीन में है, में किसी काम से गए, उन दिनों वहां बहुत से लोग आए हुए थे जिस कारण सभी धर्मशालाएं और शरणालय भरे हुए थे जिससे जोसेफ और मैरी को अपने लिए शरण नहीं मिल पाई। काफी थक ?हारने के बाद उन दोनों को एक अस्तबल में जगह मिली और उसी स्थान पर आधी रात के बाद प्रभु यीशु का जन्म हुआ। अस्तबल के निकट कुछ गडरिए अपनी भेड़ें चरा रहे थे, वहां ईश्वर के दूत प्रकट हुए और उन गडरियों को प्रभु यीशु के जन्म लेने की जानकारी दी। गडरिया उस नवजात शिशु के पास गए और उसे नमन किया।

यीशु जब बड़े हुए तो उन्होंने पूरे गलीलिया में घूम ?घूम कर उपदेश दिए और लोगों की हर बीमारी और दुर्बलताओं को दूर करने के प्रयास किए। धीरे ?धीरे उनकी प्रसिद्धि चारों ओर फैलती गई। यीशु के सद्भावनापूर्ण कार्यों के कुछ दुश्मन भी थे जिन्होंने अंत में यीशु को काफी यातनाएं दीं और उन्हें क्रूस पर लटकाकर मार डाला। लेकिन यीशु जीवन पर्यन्त मानव कल्याण की दिशा में जुटे रहे, यही नहीं जब उन्हें क्रूस पर लटकाया जा रहा था, तब भी वह यही बोले कि 'हे पिता इन लोगों को क्षमा कर दीजिए क्योंकि यह लोग अज्ञानी हैं।' उसके बाद से ही ईसाई लोग 25 दिसम्बर यानि यीशु के जन्मदिवस को क्रिसमस के रूप में मनाते हैं।

# साक्षी के सपोर्ट में आए वीरेंद्र सिंह, लौटाएंगे अपना पद्मश्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ के नये अध्यक्ष के चुनाव के साथ ही एक बार फिर से पहलवानों ने मोर्चा खोल दिया है। पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह की जगह संजय सिंह नये अध्यक्ष नियुक्त किये गये हैं। उनकी नियुक्ति पर भी साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया जैसे पहलवानों ने अपनी निराशा जाहिर की। सिर्फ इतना ही नहीं साक्षी ने मीडिया के सामने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नम आंखों के साथ कुश्ती छोड़ने की घोषणा कर दी। इसके अलावा बजरंग पूनिया ने प्रधानमंत्री आवास के बाहर फुटपाथ पर अपने पुरस्कार को छोड़ दिया। वहीं अब गूंगा पहलवान के नाम से मशहूर वीरेंद्र सिंह ने भी अपने पद्म श्री अवॉर्ड को लौटाने की घोषणा की है। इस तरह एक बार फिर से भारतीय कुश्ती महासंघ के खिलाफ पहलवानों ने अपना मोर्चा खोल दिया है। वीरेंद्र सिंह ने ट्विटर पर पद्मश्री अवॉर्ड को लौटाने की घोषणा करते हुए कहा कि वह अपनी बहन और देश की बेटी के सम्मान के लिए पद्मश्री लौटा देंगे। इसके अलावा उन्होंने देश से शीर्ष खिलाड़ियों से भी उन्होंने अपील की है कि वह भी अपना निर्णय लें और विरोध प्रदर्शन में शामिल हों। बता दें कि वीरेंद्र सिंह डेफ ओलंपिक में भारत के जाने-माने नाम हैं। उन्होंने देश के लिए 3 गोल्ड और



2 ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए हैं। साल 2021 में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के हाथों उन्हें पद्मश्री सम्मान मिला था।

### क्या है पूरा मामला?

भारतीय कुश्ती संघ और पहलवानों के बीच लंबे समय से संघर्ष जारी है। देश के शीर्ष पहलवानों ने पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। इसके बाद उन्हें पद से हटा दिया गया। बृजभूषण सिंह पर महिला पहलवानों का शोषण करने का आरोप लगाया गया था और करीब 40 दिन तक उन्हें खिलाफ विरोध प्रदर्शन चला था।वहीं अब जब नए संघ प्रमुख की नियुक्ति हुई है तो पहलवानों ने यह कह कर एक बार फिर से मोर्चा खोल दिया है कि संजय सिंह बृज भूषण शरण सिंह के गुट के आदमी हैं। यही कारण है कि साक्षी मलिक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में टेबल पर जूता रखकर कुश्ती छोड़ने का ऐलान कर दिया।

# हरमनप्रीत की बेहतरीन गेंदबाजी से भारत ने कसा ऑस्ट्रेलिया पर शिकंजा, एकमात्र टेस्ट में बनाई पकड़

- भारत की तरफ से स्नेह राणा और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 2-2 विकेट लिया
- भारत ने अपनी पहली पारी में बनाए 406 रन, चार बल्लेबाजों ने लगाया अर्धशतक
- ऑस्ट्रेलिया के 5 विकेट गिरे, पास है 45 रन की बढ़त

एजेंसी

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के तीसरे दिन बेहतरीन गेंदबाजी के साथ भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अपना शिकंजा कस लिया है। तीसरे दिन के खेल के आखिरी सेशन में कप्तान हरमनप्रीत कौर ने दो विकेट लेकर मेहमान टीम को झकझोड़ कर रख दिया। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 233 रन बनाए थे और इस तरह से उसने 46 रन की बढ़त हासिल कर ली है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के 219 रन के जवाब में अपनी पहली पारी में 406 रन बनाकर 187 रन की बढ़त हासिल की थी।हरमनप्रीत ने ताहलिया मैकग्रा (177 गेंदों में 73 रन, 10 चौके) को क्लीन बोल्ड किया और फिर खतरनाक दिख रही एलिसा हिली (32) को एलबीडबल्यू आउट किया। स्टंप उखड़ने के समय एनाबेल सदरलैंड 12 और एशलीग गार्डनर सात रन पर खेल रही थी। तीसरा दिन ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा। भारत ने सुबह अपनी पारी सात विकेट पर 376 रन से आगे बढ़ाई और उसने आधे घंटे के खेल में ही 30 रन जोड़कर अपने बाकी बचे तीन विकेट गंवा दिए।

### भारतीय गेंदबाजों के नहीं चली ऑस्ट्रेलियाई टॉप ऑर्डर


सदरलैंड (41 रन देकर दो विकेट) ने भारत के निचले क्रम के बल्लेबाजों को आउट करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कल की अविजित बल्लेबाज पूजा वस्त्राकर (47) और रेणुका सिंह (08) को जबकि किम गार्थ ने दीप्ति शर्मा (78) को आउट किया लेकिन इससे पहले



भारतीयों ने दो नए रिकॉर्ड बनाए। दीप्ति ने अपनी पारी में 171 गेंद का सामना किया और नौ चौके लगाए। भारत का 406 रन का योग ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक स्कोर है। दीप्ति और वस्त्राकर के बीच आठवें विकेट के लिए 122 रन की साझेदारी भारत की तरफ से नया रिकॉर्ड है। ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी (33) और फोएबे लीचफील्ड (18) ने सतर्क शुरूआत की लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने उन्हें बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। ऋचा घोष ने मूनी को रन आउट करके भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद स्नेह राणा (54 रन देकर दो विकेट) ने लीचफील्ड को बोल्ड किया जो रिवर्स स्वीप करने से चूक गई थी।

### फील्डिंग में छा गए भारतीय खिलाड़ी

एलिस पेरी बड़ी पारी खेलने के मूड में दिख रही थी लेकिन भारतीय विकेटकीपर यास्तिका भाटिया ने राणा की गेंद पर उनका शानदार कैच लेकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। पेरी ने 91 गेंद पर पांच चौकों की मदद से 45 रन बनाए। उन्होंने मैकग्रा के साथ तीसरे विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी की। राणा ने राजेश्वरी गायकवाड़ की गेंद पर पहली स्लिप में मैकग्रा का कैच छोड़ा जिसका फायदा उठाकर यह ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज अर्धशतक बनाने में सफल रही। इसके बाद जब वह 52 रन पर खेल रही थी तब हरमनप्रीत की पहली गेंद पर उन्हें पगबाधा आउट दे दिया गया था, लेकिन डीआरएस की मदद से वह क्रीज पर टिकी रही। लेकिन हरमनप्रीत कुछ देर बाद ही उनका विकेट लेने में सफल रही। उनकी गेंद मैकग्रा के बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर विकटों में समा गई थी। विकेट से स्पिनरों को खास मदद नहीं मिल रही थी जिसके कारण भारतीय गेंदबाजों को संघर्ष करना पड़ा। राजेश्वरी गायकवाड़ ने 27 ओवर किए लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। उनकी गेंद पर हालांकि हीली को दो जीवनदान मिले थे।




# बांग्लादेश तीसरे वनडे में नौ विकेट से जीता

एजेंसी

**नेपियर।** बांग्लादेश को शनिवार को यहां तीसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड को नौ विकेट से हराने के लिए महज 15 ओवर लगे जिससे मेजबान टीम की घरेलू मैदान पर 17 मैचों में चली आ रही जीत की लय टूट गयी। न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की वनडे श्रृंखला 2-1 से जीत ली। न्यूजीलैंड ने पहले वनडे में 44 रन और दूसरे वनडे में सात विकेट से जीत हासिल की थी। न्यूजीलैंड को 31.4 ओवर में महज 98 रन पर समेटने के बाद कप्तान नजमुल हुसैन शांटो ने 42 गेंद में नाबाद 51 रन बनाये और अनामुल हक ने 33 गेंद में 37 रन का योगदान दिया जिससे बांग्लादेश ने 19 प्रयासों में न्यूजीलैंड पर वनडे में पहली जीत हासिल की। बांग्लादेश ने शनिवार को न्यूजीलैंड को दोनों टीमों के बीच हुए वनडे में उसके न्यूनतम स्कोर पर आउट किया। तंजिम हसन साकिब ने 14 रन देकर तीन विकेट और शोरिफुल इस्लाम ने 22 रन देकर तीन विकेट झटके। इस तरह दोनों ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। सौम्य सरकार ने भी 18 रन देकर तीन विकेट चटकाये जिससे न्यूजीलैंड की टीम बांग्लादेश के खिलाफ 162 रन के पिछले न्यूनतम वनडे स्कोर से कम स्कोर में सिमट गयी। बांग्लादेश के कप्तान शांटो ने टॉस जीतकर मैकलीन पार्क पर गेंदबाजी का फैसला किया जो आमतौर पर बल्लेबाजी के लिए सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। पिच पर काफी घास थी जिसका शोरिफुल और शाकिब ने पूरा फायदा उठाया। न्यूजीलैंड का शीर्ष क्रम चरमरा गया और 70 रन तक उसने छह विकेट गंवा दिये थे। न्यूजीलैंड के लिए पारी की सबसे बड़ी साझेदारी विल यंग (26 रन) और टॉम लाथम (21 रन) के बीच तीसरे विकेट के लिए 36 रन की रही। इन दोनों के अलावा केवल दो अन्य बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। इसके बाद सरकार ने जोश क्लार्कसन (16 रन), एडम मिल्ने (04) और आदित्य अशोक (10 रन) के विकेट झटके। अंतिम विकेट मुश्फिकुर रहीम (36 रन देकर एक विकेट) के नाम रहा।

## द. अफ्रीका व भारत पहले टेस्ट में बारिश का खतरा

**सेंचुरियन।** क्यूरेटर ब्रायन ब्लॉय ने शनिवार को कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है और सुपरस्पोर्ट पार्क की पिच का तेज गेंदबाजों के लिए मददगार होने की उम्मीद है जिससे बल्लेबाजों को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। सेंचुरियन के क्यूरेटर ने कहा कि टेस्ट के शुरूआती दिन और दूसरे दिन के ज्यादातर हिस्से में खेल की संभावना बहुत कम है तथा भारी बारिश के कारण तापमान में गिरावट होगी जिससे स्पिनरों को ज्यादा मदद नहीं मिलेगी।ब्लॉय ने कहा कि से कहा- तापमान काफी कम होगा जैसे 20 डिग्री। अभी तापमान 34 डिग्री है और यह गिरकर 20 डिग्री तक पहुंच जाएगा। मैं नहीं जानता कि हालात कैसे होंगे कि हमें पहले दिन खेलने को मिलेगा या नहीं। उन्होंने कहा- उम्मीद करता हूं कि कुछ खेल हो और तीसरे दिन यह ठीक रहेगा लेकिन मुझे नहीं पता कि पिच पर कितना टर्न होगा। ब्लॉय ने कहा कि अगर पिच कवर रहेगी तो पहले बल्लेबाजी करना मुश्किल होगा। अगर पिच 2 दिन में ज्यादातर समय ढकी रहेगी तो पहले बल्लेबाजी करना थोड़ा पेचीदा हो सकता है क्योंकि यह काफी लंबे समय तक ढकी रहेगी और हमें नहीं पता कि मौजूदा स्थिति में यह कितने समय में खेलने के लिए तैयार होगी।

## साक्षी मलिक के घर जाना प्रियंका का निजी फैसला: ब्रजभूषण शरण सिंह



**गोण्डा।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्लूएफआइ) के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने शनिवार को कहा कि अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी साक्षी मलिक के बुलावे पर उनके घर जाना कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी का व्यक्तिगत फैसला है। नंदनीनगर स्टेडियम में पत्रकारों से बातचीत में उन्होने पहलवान बजरंग पुनियां द्वारा फुटपाथ पर पद्मश्री सम्मान रखने को भी उनका निजी फैसला करार देते हुये कहा खिलाड़ी राजनीति करते है या खेलते है ये उन पर निर्भर है। महिला पहलवान साक्षी मलिक के संन्यास पर कहा जो छूट गया वो छूट गया। ये समय किसी को नीचा दिखाने का नहीं है।

## सऊदी प्रो लीग में अल नस्र की जीत में रोनाल्डो ने किया गोल, इंटर मियामी से जुड़े सुआरेज

**नयी दिल्ली।** सुपरस्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अपनी टीम अल नस्त्र के लिए सऊदी प्रो ली फुटबॉल के मुकाबले में पेनाल्टी पर गोल कर दिया। उनकी टीम अल नस्त्र ने अल एत्तिफाक को 3-1 से हराया।पहले हाफ में एलेक्स टैल्स ने 43वें मिनट में गोल करके अल नस्त्र का खाता खोला और टीम को इस हाफ में 1-0 की बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में मासेली ब्रोजोविच ने 59वें मिनट में गोल दागकर अल नस्त्र को 2-0 की बढ़त दिलाई। इस बीच, अल नस्त्र को पेनाल्टी मिली और रोनाल्डो ने इस पर गोल दाग दिया। एत्तिफाक के लिए एकमात्र गोल अल कुवेकीबी ने 85वें मिनट में किया। अमेरिकी फुटबॉल क्लब इंटर मियामी ने स्ट्राइकर लुइस सुआरेज के साथ एक साल के लिए करार किया। वह मियामी के सुपरस्टार फॉरवर्ड मेसी के दोस्त हैं और दोनों ही बार्सिलोना क्लब के लिए एक साथ खेल चुके हैं।

## केरल को हरा कर यूपी नाकआउट दौर में

**बड़ौदा।** खेल के हर विभाग में केरल को बौना साबित करते हुये उत्तर प्रदेश ने अंडर 16 विजय मर्चेंट ट्राफी के नाकआउट चरण में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। जीएसएफसी ग्राउंड पर केरल की पहली पारी में 90 रन बनाये जिसके जवाब में उत्तर प्रदेश 348 रन बना कर पहली पारी में 258 रन की उपयोगी बढत हासिल की। दूसरी पारी में हालांकि केरल के बल्लेबाजों ने संघर्ष किया और 289 रन बना लिये। मात्र 31 रनो के विजय लक्ष्य को यूपी ने तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।

# ब्रजभूषण का करीबी हूं, डमी नहीं: संजय सिंह

एजेंसी

**गोण्डा।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्लूएफआइ) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह नें शनिवार को कहा कि यह सच है कि वह निर्वतमान अध्यक्ष और सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी है मगर डमी नहीं है और करीबी होना कोई गुनाह नहीं है। संजय सिंह ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा मैं पिछले 12 वर्षो से फेडरेशन से जुड़ा हूं और पूर्व में बनारस कुश्ती संघ का अध्यक्ष रहा हूं। पिछले करीब एक वर्ष से रुकी कुश्ती पुनः दौड़ पड़ी है और नई फेडरेशन के नेतृत्व में भारत का परचम कुश्ती की दुनियां में फिर से लहरायेगा। ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक के संन्यास और और बजरंग पुनिया के पदक लौटाने को उनका निजी फैसला बताते हुये सिंह ने कहा साक्षी मलिक ने उन्हे फेडरेशन का अध्यक्ष नहीं बनाया बल्कि वे उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर लोकतांत्रिक तरीके से हुये चुनाव में विजयी हुये है और जहां तक देश के प्रतिनिधित्व का सवाल है तो जिन्हें देश के लिये खेलना है, उन्होंने चुनाव



परिणाम आते ही लंगोट कस ली है। खेलने वाले ओलंपिक व अन्य टूनार्मेंट की जोरदार तैयारियों में जुटे है लेकिन जिन्हें सिर्फ राजनीति करना है वे सियासत कर रहे है। उन्होने कहा कि कुश्ती महासंघ से मान्यता बहाली का ईमेल द्वारा आवेदन भेज दिया गया है शीघ्र ही डब्लूएफआई की मान्यता बहाल होने की उम्मीद है। आगामी 28 से 30 दिसम्बर तक नेशनल कुश्ती अंडर 15 और अंडर 20 टूनार्मेंट का आयोजन किया गया है जिसमें देशभर से पहलवान जुटेंगे।

## पद्म सम्मान को फुटपाथ पर रखना शर्मनाक : खंडेलवाल

**नयी दिल्ली।** भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव में संजय सिंह के निर्वाचन के विरोध में पहलवान बजरंग पुनिया द्वारा पद्मश्री सम्मान फुटपाथ पर रखे जाने को शर्मनाक कृत्य बताते हुए व्यापारी नेता तथा कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि पद्म सम्मान देश का अभिमान हैं। उसको विरोध स्वरूप फुटपाथ पर रख कर लौटाना देश का अपमान है। उन्होने कहा कि बजरंग के इस कृत्य को किसी भी सूरत में जायज नहीं ठहराया जा सकता है। इससे देश में आंदोलन कर्मी पहलवानों के बारे में कोई अच्छा संदेश नहीं गया है जिसका उन्हें निश्चित रूप से अब पता लग गया होगा। अपने मुद्दे के लिये फुटपाथ पर पद्म सम्मान रखना, उस खूबी का भी अपमान है जिसके लिये पद्म सम्मान दिया गया था।

## अंडर 19 विश्व कप से पहले भारतीय टीम खेलेगी ट्राई सीरीज

**नयी दिल्ली।** भारत की अंडर-19 टीम अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्व कप से पहले जोहानिसबर्ग में



मेजबान दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला खेलेगी। बीसीसीआइ के बयान के अनुसार त्रिकोणीय श्रृंखला जोहानिसबर्ग में खेली जाएगी जिसमें प्रत्येक टीम एक दूसरे से 2 बार आमने-सामने होगी। भारत की अंडर-19 टीम अपना अभियान 29 दिसंबर को अफगानिस्तान की अंडर-19 टीम के खिलाफ शुरू करेगी और फिर 2 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका अंडर-19 टीम से भिड़ेगी। फाइनल 10 जनवरी को खेला जाएगा। अंडर-19 विश्व कप दक्षिण अफ्रीका के ब्लोमफोंटेन में 19 जनवरी से शुरू होगा। भारत को ग्रुप ए में बांग्लादेश, आयरलैंड और अमेरिका के साथ रखा गया है और टीम अपना अभियान 20 जनवरी को बांग्लादेश के खिलाफ शुरू करेगी।

# ओलंपिक क्वालीफायर हॉकी के लिए हमारी प्रतिबद्धता दिखाने का मौका : सलीमा टेटे

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शीर्ष भारतीय मिडफील्डर सलीमा टेटे ने शनिवार को कहा कि 13 जनवरी से यहां शुरू होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर सिर्फ 2024 पेरिस खेलों के लिए कट हासिल करने के लिए नहीं है बल्कि महिला हॉकी टीम के लिए यह खेल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाने का मौका भी है। भारत सहित 8 टीम यहां पेरिस ओलंपिक के लिए दाव पर लगे तीन स्थान हासिल करने की कोशिश करेंगी जिसमें मेजबानों की भिड़ंत शुरूआती दिन अमेरिका से होगी। सलीमा टेटे ने कहा कि रांची में यह टूनार्मेंट सिर्फ क्वालीफिकेशन के लिए ही नहीं है बल्कि यह उस खेल के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और जज्बे को दिखाने का मौका भी होगा जिसे हम पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ



प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं, उम्मीद है कि हम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लेंगे। भारत को पूल बी में अमेरिका, न्यूजीलैंड और इटली के साथ रखा गया है जबकि पूल ए में जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य की टीम हैं। भारतीय टीम हांगझोउ एशियाई खेलों के दौरान ओलंपिक के लिए स्वतः क्वालीफाई करने का मौका चूक गयी थी और यहां पेरिस के लिए कट हासिल करने का एक और प्रयास करेगी। तोक्यो ओलंपिक के लिए भारतीय टीम का हिस्सा रहीं 21 साल की खिलाड़ी ने कहा कि घरेलू मैदान पर दर्शकों के समर्थन से टीम को अपना लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। झारखंड के सिमडेगा जिले की खिलाड़ी सलीमा ने कहा कि रांची लौटना हमेशा ही घर वापसी जैसा लगता है। इस शहर का मेरे दिल में एक विशेष स्थान है, जहां हॉकी के प्रति मेरा लगाव बढ़ा और मैंने अपना कौशल निखारा। उन्होंने कहा कि दर्शकों का समर्थन और उनकी ऊर्जा शानदार है, उनके उत्साह से मैदान पर हमारा भी उत्साह बढ़ता है। हम मैदान पर दर्शकों के लिए ऐसा पल बनाने का प्रयास करेंगे जो वे संजोकर रखें। भारतीय टीम ने साल के शुरू में रांची में ही महिलाओं की एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हासिल की थी। भारत 14 जनवरी को न्यूजीलैंड से खेलेगा जबकि पूल के अंतिम मैच उसकी भिड़ंत 16 जनवरी को इटली से होगी।

## भारत करेगा अमेरिका के खिलाफ अभियान की शुरूआत

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में 13 से 19 जनवरी से खेले जाने वाले एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में भारत की महिला टीम की पहली भिड़ंत अमेरिका से होगी। भारतीय टीम पूल बी में अपना अगला मैच 14 जनवरी को न्यूजीलैंड के साथ खेलेगी जबकि 16 जनवरी को उसका मुकाबला इटली से होगा। पेरिस ओलंपिक 2024 में जगह बनाने के लिये भारतीय टीम इन दिनो आगामी प्रतियोगिता के लिये जम कर पसीना बहा रही है।



# मैनचेस्टर सिटी ने पहला क्लब विश्व कप खिताब और 2023 की 5वीं ट्राफी जीती



एजेंसी

**जेद्दा (सऊदी अरब)।** मैनचेस्टर सिटी ने यहां क्लब विश्व कप फाइनल में फ्लूमिनेसे को 4-0 से हराकर 2023 में पांचवां खिताब अपने नाम किया। मैनचेस्टर सिटी ने महज 40 सेकेंड के अंदर ही बढ़त बना ली थी जब जूलियन अल्वारेज ने गोल दागा। फ्लूमिनेसे के कप्तान निनो के 27वें मिनट में किए गए आत्मघाती गोल से मैनचेस्टर सिटी की बढ़त दोगुनी हो गई और फिर फिल फोडेन ने 72वें मिनट में टीम का तीसरा गोल किया। अल्वारोज ने 88वें मिनट में अपने दूसरे गोल से मैनचेस्टर सिटी को 4-0 पर ला दिया। इससे मैनचेस्टर सिटी ने पहला क्लब विश्व कप खिताब अपनी झोली में डाला और उसने यूरोप को फीफा की इस क्लब प्रतियोगिता के 17 चरण में 16वीं ट्राफी दिलाई। मैनचेस्टर सिटी इस साल एफए कप, प्रीमियर लीग, चैम्पियंस लीग और सुपर कप खिताब जीत चुका है। पेप गुआर्डियोला इस जीत से तीन विभिन्न टीमों के साथ क्ल विश्व कप जीतने वाले पहले कोच बन गए। उन्होंने बार्सिलोना को 2009 और 2011 में यह खिताब दिलाया था। फिर 2013 में बायर्न म्यूनिख को भी यह ट्राफी दिलाई थी। गुआर्डियोला ने शांति से इस जीत का जश्न मनाया, वह फ्लूमिनेसे के कोच फर्नांडो डिनिज को सांत्वना देने पहुंचे, उनसे हाथ मिलाया और उनके कंधों पर हाथ रखा। फिर वह फेलिपो मेलो के साथ गले मिलते और मुस्कुराते दिखे।

# महाबोधि मंदिर में विश्व शांति के लिए विशेष प्रार्थना आयोजित

## दलाई लामा समेत 35 देशों के श्रद्धालुओं ने की शिरकत

एजेंसी



**गया।** विश्व शांति को लेकर बिहार के बोधगया में महाबोधि मंदिर स्थित स्तूपा के पास बोधि वृक्ष के नीचे विशेष प्रार्थना की गई। बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा के सान्निध्य में 35 देशों के बौद्ध धर्म के विद्वान और बौद्ध श्रद्धालु शामिल हुए। शनिवार की सुबह में विश्व की शांति को लेकर विशेष प्रार्थना शुरू हुई।

बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा सुबह के करीब 8:00 बजे अपने प्रवास स्थल बोधगया के तिब्बती मंदिर से निकले और महाबोधि मंदिर को रवाना हुए. इसके बाद वहां विश्व शांति की प्रार्थना शुरू हुई। महाबोधि मंदिर में विश्व शांति के लिए प्रार्थनाबौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा विशेष पूजा में हुए शामिलमहाबोधि मंदिर में विशेष प्रार्थना महाबोधि मंदिर में शनिवार को विश्व में शांति की कामना को लेकर विशेष प्रार्थना की गई। बौद्ध धर्म गुरू दलाई लामा ने दीप प्रज्वलित कर इसका शुभारंभ किया। इसके बाद विश्व शांति की कामना को लेकर प्रार्थना शुरू हुई। तकरीबन एक घंटे से अधिक समय तक विश्व शांति की कामना को लेकर प्रार्थना की गई। इसमें अंतर्राष्ट्रीय संघ फोरम के कार्यक्रम में शामिल होने आए 35 देशों के बौद्ध धर्म के विद्वान और बौद्ध श्रद्धालु शामिल हुए। महाबोधि मंदिर में विश्व शांति के लिए प्रार्थनामहाबोधि मंदिर में विश्व शांति के लिए विशेष प्रार्थनाबुद्धम शरणम् गच्छामि से हुआ गुंजायमानः महाबोधि मंदिर में विश्व शांति की कामना को लेकर हुई विशेष प्रार्थना में बुद्धम शरणम् गच्छामि से मंदिर परिसर गुंजायमान हुआ। विश्व शांति की प्रार्थना 14वें बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा के सान्निध्य में बौद्ध विद्वानों एवं श्रद्धालुओं द्वारा अपने-अपने देश की भाषाओं में की गई। भारतीय भाषा के साथ विश्व शांति की कामना की प्रार्थना शुरू हुई। इसके बाद श्रीलंका, म्यांमार, थाईलैंड, बांग्लादेश, कंबोडिया, ताइवान, कोरिया, वियतनाम, तिब्बत जापान आदि देशों की भाषाओं में विश्व शांति की प्रार्थना की गई।

# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** प्रशासनिक अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों, गणमान्यों आदि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। एसडीओ राजीव कुमार, बीडीओ सह सीओ आलोक वरन केसरी, प्रमुख कुंदन कुमार महतो, मुखिया मनोज कुमार यादव, झामुमो अध्यक्ष लंबोदर महतो, झामुमो नेता शंकर पोद्दार, प्रधान सोरेन आदि ने ग्रामीणों से कहा कि सरकार की यह सोच है कि इस शिविर के माध्यम से प्रत्येक निवासियों को किसी न किसी सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कराई जाए।

# इंडी गठबंधन की एकता से भाजपा में बेचैनी : तेजस्वी

एजेंसी

**पटना।** बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने लोकसभा चुनाव 2024 में बिहार में कोई लड़ाई नहीं है। भारतीय जनता पार्टी की ओर से इंडिया गठबंधन में मतभेद और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नाराजगी की खबरों पर उन्होंने कहा कि यह बीजेपी की बेचैनी का नतीजा है लेकिन सच यही है कि हमलोग एकजुट हैं। इंडिया गठबंधन मिलकर आम चुनाव में

### हमारे सामने बिहार में कोई लड़ाई नहीं



बीजेपी को सत्ता से उखाड़ फेकेंगे। बिहार में लड़ाई कहां है। बिहार में किस बात की लड़ाई है। बोलने और दावे करने वाले जो भी कह लें लेकिन बिहार में बीजेपी के लिए कुछ नहीं बचा है। बीजेपी को बेचैनी है, क्योंकि इंडिया गठबंधन पूरी तरह से एकजुट है। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार बीजेपी के लोग ऐसे ही कुछ से कुछ बोलते है, इससे कोई फर्क नही पड़ता है। जनता सब देख रही है और समय आने पर ऐसे लोगों को जनता जवाब देगी। बिहार की जनता इनके झांसे के आनेवाली नहीं है। ये बात वो भी जानते है, बावजूद इसके वो धर्म और जाति के नाम पर कुछ से कुछ बोलते रहते हैं।

### क्या नीतीश कुमार नाराज हैं?

इस सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि बीजेपी के लोग इंडिया गठबंधन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नाराजगी की झूठी खबर फैलाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन इससे कोई फायदा नहीं होने वाला। उन्होंने कहा कि बिहार में हमारे सामने इनका खाता भी नहीं खुलेगा, क्योंकि यहां कोई लड़ाई ही नहीं है। इसीलिए भारतीय जनता पार्टी के अंदर बेचैनी है।

# चोरी की 11 बाइक समेत 4 गिरफ्तार, जेल भेजे गये

**दुमका।** उपराजधानी दुमका पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नगर थाना पुलिस बाइक चोर गिरोह के चार सदस्य को गिरफ्तार करते हुए 11 बाइक जप्त करने में सफल हुई। इसकी जानकारी प्रेसवार्ता कर एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने शनिवार को दी। एसपी ने बताया कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हो रहे वाहन चोरी कि घटना को देखते हुए चोरी पर लगाम लगाने के लिए एसडीपीओ, सदर मो नूर मुस्तफा अंसारी एवं जरमुंडी, एसडीपीओ अमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। सूचना के आधार पर नगर थाना पुलिस, दिग्घी थाना एवं रामगढ़ थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में चार युवकों को दो संदिग्ध मोटरसाइकिल के साथ रसिकपुर रेलवे स्टेशन के पास पकड़ने में सफल हुई। पूछताछ पर दोनों मोटरसाइकिल चोरी का निकला। जिसके आधार पर नगर थाना कांड सं 300/23 के धारा 414/34 दर्ज किया गया। पकड़े गए चारों युवकों ने स्वीकृति बयान के आधार पर चोरी के अन्य 9 मोटरसाइकिल की बरामदगी हुई। बाइक की बरामदगी पाकुड़ जिला के पाकुड़िया थाना क्षेत्र से की गई। बरामद बाईक में से दुमका जिला के विभिन्न थाना क्षेत्र से पूर्व में चोरी किए गए वाहन भी शामिल है।

## एक नजर में

### लोक अदालत में 14 वादों का निष्पादन 9 लाख 84 हजार रूपए का राजस्व मिला

**चतरा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वावधान में एवं प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतरा के मार्गदर्शन मे जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रभारी सचिव कमल रंजन के द्वारा मासिक लोक अदालत का आयोजन जिला व्यवहार न्यायालय चतरा में आयोजित किया गया। इस मासिक लोक अदालत में कुल 14 वादों का निष्पादन एवं 9,84,100 रुपए का सरकारी राजस्व प्राप्त हुआ। इस लोक अदालत में 3 बेंचों का गठन किया गया था। बेंच संख्या 01. राजेश कुमार सिंह जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम चतरा,सदस्य सीताराम यादव एवं दिनेश कुमार सिन्हा अधिवक्तागण। बेंच संख्या 02. में कमल रंजन अवर न्यायधीश तृतीय सह न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी चतरा सदस्य विनोद कुमार पाठक एवं सत्येन्द्र नारायण सिन्हा पैनल अधिवक्तागण। बेंच संख्या 03.में मुक्ति भगत अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सह प्रधान दंडाधिकारी किशोर न्याय बोर्ड चतरा, एवं सदस्य अक्षय कुमार सिंह एवं प्रवीण रंजन पैनल अधिवक्तागण उपस्थित थे।

### रमना में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**रमना।** प्रखंड के सिलीदाग पंचायत सचिवालय में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिप अध्यक्ष शांति देवी, प्रमुख करुणा सोनी, बीडीओ संजय कुमार, सीओ बासुदेव राय, मुखिया अनिता देवी ने संयुक्त रुप से दिप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में परिसंपतियों के वितरण के साथ-साथ मनरेगा से कुप निर्माण, दीदी बांडी योजना की स्वीकृति दिया दिया। योजना के स्वीकृति पत्र प्राप्त होने के बाद लाभुकों में खुशी देखी गई। इस अवसर पर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार जरूरतमन्दों के घर तक पहुंचकर विकास योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। ग्रामीणों को चाहिए कि वे शिविर के माध्यम से सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं को लेकर अपने जीवन स्तर में सुधार करें।

### डीसी ने आयोजित कार्यक्रम का किया निरीक्षण

**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान जिले के विभिन्न पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का जायजा लेने कान्हाचट्टी प्रखंड के चारु पंचायत सचिवालय पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पहुंच एक एक कर लाभुकों को लाभान्वित करने हेतु विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। तत्पश्चात कल्याण मंच पर पहुंच द्वीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया और झारखंड स्टेट लाइलीहुड प्रमोशन सोसायटी के दीदियों के बीच आत्मनिर्भर बनाने हेतु चेक के माध्यम से राशि का वितरण, लाभुकों के बीच योजनाओं का स्वीकृति पत्र व समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित गोदभराई रस्म में भी शामिल हुएं। वहीं प्रखंड क्षेत्र के बूथ नंबर 417 एवं 493 राजकीय बुनियादी विद्यालय कान्हाचट्टी पहुंच।

### भाजयुमो ने की मंडल कार्यसमिति विस्तार को लेकर बैठक

**गढ़वा।** प्रखंड के डुमरो नारायणपुर में शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा गोवावल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी के नेतृत्व में मंडल कार्यसमिति विस्तार सह मंडल सशक्तिकरण के निमित्त बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत पं.दीनदयाल उपाध्याय एवं ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

### जमशेदपुर पुलिस ने किया पैदल गश्त

**जमशेदपुर।** पुलिस अधीक्षक, नगर के आदेशानुसार आगामी पर्व एवं त्योहारों के मद्देनजर नशाखोरी, अड्डाबाजी, छेड़खानी, तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं पुलिस तथा आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से बिरसानगर, सोनारी, जुगसलाई, बमामाईन्स एवं शहर के अन्य थाना अन्तर्गत संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करते हुए पैदल गश्ती की गई।

### एनटीटीएफ गोलमुरी में क्रिसमस समारोह

**जमशेदपुर।** क्रिसमस समारोह शुक्रवार को एनटीटीएफ में बहुत खुशी और उत्सव के साथ आयोजित किया गया। सभी विद्यार्थियों ने एक सार्थक और मनोरंजक संगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसने क्रिसमस का सार्थक आध्यात्मिक संदेश दिया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में इवेंजलिकल बैपटिस्ट चर्च के पास्टर एवं हॉटलाइन इंटरनेशनल मिनिस्ट्री के नॉर्थ इंडिया डायरेक्टर रेव शिशिर रिचर्ड जॉन मौजूद रहे। क्रिसमस पर नृत्य नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें ईसा मसीह के जन्म की घटनाओं को दशार्या गया था। संस्थान की प्राचार्य प्रीता जॉन ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर प्राचार्य प्रीता जॉन, रमेश राय, स्मृति, रंजीत कुमार सिंह, किशोर, पंकज कुमार गुप्ता,बीपी आचार्य, हरीश, मृण्मोय, मंजर एवं अन्य सभी मौजूद रहे।

### वाईएमसीए ने कुष्ठ रोगियों को कराया भोजन

**जमशेदपुर।** बाराद्वारी स्थित गांधी आश्रम में कुष्ठरोगियों और उनके परिवारों को रखा जाता है, के 30 से अधिक वंचित व्यक्तियों ने साकची परिसर में यंग मेन्स क्रिश्चियन एसोसिएशन (वाईएमसीए) की एक सामुदायिक आउटरीच पहल 'फीड द नीड' में भाग लिया। क्रिसमस के उपलक्ष्य में 'जॉय ऑफ गिविंग' कार्यक्रम के हिस्से के रूप में आयोजित इस पहल में पादरी मधु नायक ने क्रिसमस उत्सव के सही अर्थ और प्रभु यीशु मसीह के जन्म के पीछे के वास्तविक आनंद के बारे में जानकारी दी, जो न केवल सांसारिक उत्सवों तक सीमित है, बल्कि पापों से क्षमा और शाश्वत मुक्ति का ज्ञान। इस अवसर पर पादरी बबन साह ने बंगाली ईसाई भक्ति गीत गाए जबकि बच्चों ने क्रिसमस गीत प्रस्तुत किए।

# हिंदी हमारी संस्कृति और सभ्यता की महत्वपूर्ण कड़ी : न्यायमूर्ति पाठक

**सातवां अंतर्राष्ट्रीय श्रीनाथ हिन्दी महोत्सव संपन्न**




समापन सत्र में दीप जलाते जस्टिस डॉ एसएन पाठक व अन्य अतिथि।

**महोत्सव में तृतीय दिवस पर उपस्थित हुए अतिथि गण-** विमला पाठक, शिवम पाठक, सचिव राजीव चौरसिया, कोल्हान विवि के पूर्व वित्त पदाधिकारी डॉ पी के पाणी, डॉ संजय भूईया, एनएसएस समन्वक डॉ दारा सिंह, अधिवक्ता सुदिपता दास आदि उपस्थित थे। महोत्सव के दौरान तीन पुस्तकों का विमोचन हुआ। जिनके लेखक श्रीनाथ विवि के कुलपति डॉ गोविंद महतो, भूगोल विभाग के अध्यक्ष भावेश कुमार और डॉ जे एल पी राजू रहे।

**सातवां अन्तर्राष्ट्रीय श्रीनाथ हिन्दी महोत्सव के तृतीय दिवस की प्रतियोगिताएं –** वाक चातुर्य, रेडियो श्रीनाथ, लघु नाटिका (अंतिम चरण) कहानी से कविता तक इत्यादि सम्पन्न हुई इन प्रतियोगिताओ के निर्णायक उमर खान, कृष्णा सिन्हा, आर जे मनोज, आर जे राज, आर जे अभय, डॉ नीलिमा कुमारी पटेल, विद्या तिवारी, पद्मा मिश्रा इत्यादि उपस्थित थे।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय में विगत तीन दिनों से चले आ रहे सातवां अंतर्राष्ट्रीय श्रीनाथ हिंदी महोत्सव पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। उक्त महोत्सव के तृतीय दिवस के चिन्तन-मनन का विषय था- न्यायिक प्रक्रिया मे हिन्दी भाषा की उपयोगिता। समारोह के अंतिम दिन झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति डॉ एस एन पाठक मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप मे उपस्थित हुए। उनके साथ सरायकेला खरसावां के जिला न्यायाधीश विजय कुमार एवं झारखण्ड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल, सचिव राजीव चौरसिया उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने महोत्सव के अंतिम दिन के कार्यक्रमो का आरंभ दीप प्रज्वलित कर किया। न्यायमूर्ति डॉ एस एन पाठक ने अपने संबोधन को गुरु मंत्र से आरंभ करते हुए आगे बढ़ाते हुए कहा कि टैगोर के अनुसार भाषा वह माध्यम है, जिससे हम अपने गहनतम विचारों का आदान-प्रदान करते हैं। कबीर ने हिंदी को अपनाया, मीरा ने मान दिया और आजादी के दीवाने इसके साथ ही अपनी लड़ाई रहे थे। हमे हिंदी को आत्मसात करना होगा, उसको अपनाना होगा। न्यायिक प्रक्रिया में यदि हिंदी भाषा की उपयोगिता की बात की जाए तो इस बारे में उन्होंने कहा कि नागरिकों को अपनी संवैधानिक अधिकारों का बोध भी हिंदी भाषा के द्वारा होता है।

उन्होंने कहा कि यदि एक व्यक्ति को केवल मुकदमा हार एवं जीत से समझ में आए और वह पूरी न्यायिक प्रक्रिया को न समझे क्योंकि पूरी प्रक्रिया अंग्रेजी मे थीं, तो इससे बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण बात दूसरी नहीं हो सकती है। न्यायमूर्ति ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस देश की न्यायिक प्रक्रिया में हमने हिंदी को नहीं अपनाया है, लेकिन वह दिन दूर नहीं है, जब न्यायालय में हिंदी कार्य प्रणाली का सहारा बनेगी। हिंदी का अपना एक महत्व है। हिंदी हमारी संस्कृति और सभ्यता की महत्वपूर्ण कड़ी है, इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। हिंदी की उपयोगिता से न्यायिक प्रक्रिया में समरसता को बढ़ावा मिलेगा। हिंदी का प्रयोग हमें गर्व से करनी चाहिए। देश के विद्वानों को भी अपनी भाषा पर गर्व होना चाहिए न कि विदेशी भाषा पर। रूस, अमेरिका, चीन, इंग्लैंड, अपनी भाषा का प्रयोग करके ही आगे बढ़ें हैं, इससे हमें सीखने की आवश्यकता है।

# कैट-2023 के नतीजे घोषित टाइम जमशेदपुर ने एक और सिटी टॉपर दिया

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** 2011 से शहर/राज्य टॉपर देने की प्रवृत्ति को जारी रखते हुए, टाइम जमशेदपुर ने 99.85 परसेंटाइल के साथ स्टील सिटी को अपना नवीनतम सिटी टॉपर- तनय रंजन देकर एक और मील का पत्थर हासिल किया है। (शहर में कुल 7 में से) 99 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 6 छात्रों के रिकॉर्ड प्रदर्शन के साथ, संस्थान ने प्रबंधन शिक्षा के लिए प्रवेश परीक्षा की तैयारी के क्षेत्र में एक निस्संदेह प्रमुख के रूप में अपनी योग्यता साबित की है। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद, गैर-इंजीनियर छात्रों ने परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। तनय और जगप्रीत दोनों ने अपने अनुकरणीय प्रदर्शन से साबित कर दिया है कि गैर-इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि के साथ भी, छात्र 99.5 परसेंटाइल की बाधा को तोड़ सकते हैं, अगर वे पर्याप्त मेहनत करें और सही मार्गदर्शन प्राप्त करें। टाइम जमशेदपुर को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि हमारी छात्रा अनुषा प्रियदर्शी 99.79 परसेंटाइल के प्रदर्शन के साथ झारखंड की महिला राज्य टॉपर हैं। अनुषा प्रिदर्शी-99.79% और शुभ्रा आनंद-98.8 प्रतिशत ने दिखाया है कि ऐसा कुछ भी नहीं है जो एक महिला हासिल नहीं कर सकती। इस वर्ष, हमारे पास कई महिला छात्र हैं जिन्होंने परीक्षा में उत्तीर्ण किया है- श्रुति अग्रवाल- 97.68%', श्रुति मिश्रा- 97.61%', पूजा कुमारी- 95.63%' और लकी गर्ग- 95%। टाइम जमशेदपुर ने इस साल रिकॉर्ड प्रदर्शन किया है। 1. रिकॉर्ड 4 छात्रों ने 99.6% परसेंटाइल से अधिक अंक हासिल किये। 6 छात्रों ने 99% परसेंटाइल से अधिक अंक लाया। 40 से अधिक छात्रों ने 90%परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किये।

### दुर्गा सोरेन सेना जिला कमेटी की बैठक संपन्न

**चतरा।** सिमरिया प्रखंड किसान भवन में दुर्गा सोरेन सेना जिला कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता चतरा जिला अध्यक्ष धनेश्वर गंझु एवं संचालन जिला महासचिव संतोष नायक ने किया। बैठक में केंद्रीय प्रवक्ता राजकिशोर कमल और पिंकू ने कहा कि सरकार द्वारा सभी योजनाओं में जितना खर्च किया जा रहा है। जिले के तमाम अफसर ईमानदारी पूर्वक योजना गरीब ग्रामीण तक पहुंचाएं।

# 29वीं सब जूनियर नेट बॉल चैंपियनशिप बॉयज एंड गर्ल्स 2023 -24 का आयोजन 27 तक

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** ऐतिहासिक गांधी मैदान, गोड्डा में 29वीं सब जूनियर नेटबॉल चैंपियनशिप बॉयज एंड गर्ल्स 2023 -24 के सफल संचालन को लेकर विधायक, महागामा विधानसभा क्षेत्र सह झारखंड नेटबॉल के एशोसिएशन की आयोजन सचिव दीपिका पांडे सिंह एवं नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडिया डेवलपमेंट कमिटी के चेयरमैन हरिओम कौशिक के द्वारा प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर मीडिया कर्मियों को महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विधायक के द्वारा बताया गया कि जिले में आयोजित होने वाले 29वीं सब जूनियर नेट बॉल चैंपियनशिप बॉयज एंड गर्ल्स 2023 24 का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया जा रहा है। आप सभी जिले वासियों से अनुरोध है कि आगामी 27 तारीख तक खेल का आनंद लें। माननीय विधायक के द्वारा बताया गया कि मैच के आयोजन में किसी भी प्रकार की चूक ना हो जिनके लिए जिला प्रशासन के द्वारा विधि व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया है, साथ ही साथ स्वास्थ्य विभाग के द्वारा खिलाड़ियों के चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। खेल के आयोजन में किसी भी प्रकार की कमी ना रहे उनके लिए उन्होंने विभिन्न राजनीतिक दलों एवं सभी समुदाय के वर्गों से अपील किया कि आप लोग सभी कार्यक्रम के आयोजन में अपना अपना सहयोग करें ताकि कार्यक्रम सफल हो सके। ज्ञात हो कि 29वीं राष्ट्र स्तरीय सब जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन आगामी 24 .12 2023 तक आयोजित की जाएगी एवं 24.12 2023 से 27 .12. 2023 तक द्वितीय फास्ट-5 नेटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 के खेल का आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल की भावना को लेकर हेतु अपील की। माननीय विधायक के द्वारा विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों के साथ परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल के आयोजन में होने वाली समस्याओं की जानकारी ली गई। विधायक के द्वारा गांधी मैदान में खिलाड़ियों के लिए ससमय भोजन,पेयजल एवं शौचालय स्वास्थ्य जांच एवं बिजली की निर्वात आपूर्ति को लेकर संबंधित पदाधिकारी एवं खेल संघ के अधिकारियों से विचार -विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया डेवलपमेंट कमिटी के चेयरमैन हरिओम कौशिक के द्वारा झारखंड में खेल के आयोजन को लेकर बताया गया कि यहां पर खेल का सर्वाधिक महत्व है। इसे हम भली भांति समझ सकते हैं सभी खिलाड़ियों में खेल की भावना समाहित है। वे अधिकतर रुचि लेकर खेल रहे हैं, विभिन्न राज्यों से आए हुए खिलाड़ियों के संबंध में उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न राज्य के खिलाड़ी भी काफी उत्साहित हैं उन्हें खेल में काफी आनंद लग रहा है।

कर्नाटक के सचिव गिरीश गोड़ा, नेटबॉल के जिला कोच सुश्री मोनालिसा, नेटबॉल के सचिव गुंजन झा नेटबॉल के अध्यक्ष अजीत सिंह, उपाध्यक्ष बैद्यनाथ देहरी, सहित नेटबॉल संघ के प्रतिनिधि गण सहित आयोजन कमिटी के सदस्य नवनीत ओझा सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे।

## पेज 1 का शेष

### झारखंड में गाजर...

लेकिन जब अधिकारी खुद उनके घर पहुंच रहे हैं तो ग्रामीणों को भी हर चीज की जानकारी हो रही है। अब आम जनता भी यह समझ रही है सरकार ने उसके लिए किस तरह की योजना बनायी है। **रोज हो रहीं हैं नियुक्तियां :** सीएम ने कहा कि राज्य में सरकारी, गैर सरकारी एवं स्वरोजगार हेतु कार्य किया जा रहा है। लगातार नियुक्ति निकाली जा रही है। रामगढ़ का पतरातु प्रखंड पर्यटन स्थल है। यहां के युवा दर्शनीय स्थल में स्वरोजगार के लिए रोजगार सृजन योजना का लाभ लेकर आर्थिक स्वावलंबन की ओर अग्रसर हो सकते हैं। इस कार्य में सरकार आपकी मदद करेगी। इस कार्यक्रम में बिरसा सिंचाई योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, जाति प्रमाण पत्र, साइकिल डीबीटी, मनरेगा, वन पट्टा से जुड़े मामले, आयुष्मान कार्ड, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, धोती साड़ी लूंगी वितरण, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लाभुकों को सौगात मिली। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख और श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने भी लोगों को योजनाओं की जानकारी दी। **बच्चियों से भी मिले सीएम :** कार्यक्रम समाप्ति के बादसीएम जब जाने लगे तब उनकी नजर गोला के यूएसएच बरियातु स्कूल में पढ़ाई कर रही अफसाना एवं राखी पर पड़ी। दोनों मुख्यमंत्री की तस्वीर को थामे थी। श्री सोरेन सीधे उन बच्चियों के पास गये और उसके साथ तस्वीर ली। इन बच्चियों की उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। वहीं पतरातु प्रखंड के जयनगर पंचायत के शिविर में पदाधिकारियों से कहा कोई भी जरूरतमंद पेंशन के लाभ से वंचित न रहे।

### अब झारखंड से भी...

**झारखंड में एक आरपीओ और 15 पीपीएससी :** राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने विदेश मंत्रालय से झारखंड राज्य सहित देश भर में कार्यरत पासपोर्ट सेवा केंद्रों की संख्या तथा चिप-आधारित ई-पासपोर्ट शुरू करने की योजना से सम्बंधित जानकारी मांगी थी। इसी के आलोक में विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने बताया है कि वर्तमान में 37 क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों (आरपीओ) के अंतर्गत 93 पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) और 434 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) कार्य कर रहे हैं। इनमें से 1 पासपोर्ट सेवा केंद्र और 15 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीपीएससी) झारखंड राज्य में स्थित हैं। इसके अलावा देश में 93 पासपोर्ट सेवा केंद्रों और 434 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र संचालित हो रहा है। केंद्र सरकार ने झारखंड में भी ई-पासपोर्ट सेवा शुरू करने की योजना बनायी है।

### प्राण प्रतिष्ठा को...

जिसमें रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए देश भर के विद्वानों और चोटी के ज्योतिषाचार्य से प्राण प्रतिष्ठा के समय को निर्धारित करने के लिए कहा था। **अयोध्या बनेगा छावनी :** 22 जनवरी, को अयोध्या में भगवान श्रीराम के नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राम नगरी में तैयारी जोर-शोर से चल रही है। समारोह से ठीक पहले अयोध्या का चप्पा-चप्पा सुरक्षा के घेरे में लाया जा रहा है। योगी सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था का पूरा खाका तैयार किया है। सीआरपीएफ, यूपीएसएसएफ, पीएसी और सिविल पुलिस चप्पे-चप्पे पर मौजूद रहेगी। तकनीक का इस्तेमाल भी किया जा रहा है। एआई बेस्ड सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जायेगी। अयोध्या में बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने पर बैन रहेगा।

### भारत अब गाल नहीं...

**जो आतंकी पालता है, वही शिकार होता है :** जयशंकर ने कहा कि, दुनिया यह देख रही है कि जो देश आतंक को पोषित करता है, वही खुद उसका शिकार हो जाता है। आतंकवाद से लड़ने के लिए तीन मोर्चों पर काम होना चाहिए जो हो भी रहा है। पहली महत्वपूर्ण बात है कि हम खुद ऐसी क्षमता, मानसिकता और इच्छाशक्ति कैसे विकसित करें। पिछले एक दशक में आप ये बदलाव देख सकते हैं। दूसरा, आतंकवाद को नाजायज ठहराना होगा। बाकी दुनिया को नहीं सोचना चाहिए कि ये भारत-पाकिस्तान का कोई पुराना झगड़ा है। हमें ये स्पष्ट करना होगा कि आतंकवाद देशों के बीच वैध प्रतिस्पर्धा से बाहर है। हां, देश आपस में प्रतिस्पर्धा करेंगे, लेकिन कुछ नियम तो हैं। कोई उन नियमों को नहीं तोड़ सकता। इसलिए कूटनीति, राजनीति, कानून, सुरक्षा सभी इसमें शामिल हैं। उदाहरण के लिए गृह मंत्री जी 'नो मनी फॉर टेरर' के लिए बहुत काम कर रहे हैं। आखिरकार, आतंक को पैसों से ही बढ़ावा मिलता है।

# कैलिफोर्निया में मंदिर की दीवार पर लिखा भारत विरोधी नारा

## भारत ने की निंदा, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

एजेंसी

**वॉशिंगटन/ नयी दिल्ली।** अमेरिका में खालिस्तान समर्थक शरारती तत्वों ने एक हिंदू मंदिर को निशाना बनाया है। इन तत्वों ने इस मंदिर की दीवार पर भारत विरोधी नारे लिखकर सामाजिक ताने-बाने पर चोट करने की कोशिश की है। यह घटना कैलिफोर्निया के नेवार्क शहर की है। नेवार्क पुलिस ने घटना की गहन जांच का आश्वासन दिया है। इस घटना से संबंधित सचित्र विवरण हिंदू अमेरिका फाउंडेशन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया है। इसमें स्वामी नारायण मंदिर की दीवारों पर नारे लिखे दिख रहे हैं। भारत और भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ काले रंग के स्प्रे पेंट से यह नारे लिखे गए हैं। हिंदू




अमेरिका फाउंडेशन ने मांग की है कि इस घटना की जांच घृणा अपराध के रूप में की जाए। मंदिर से संबद्ध लोगों ने नेवार्क पुलिस और न्याय विभाग को इसकी सूचना दी है। उल्लेखनीय है कि यह पहली बार नहीं है जब अमेरिका में मंदिरों को खालिस्तान समर्थकों ने निशाना बनाया हो। अमेरिका के अलावा कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि कनाडा के सरे शहर में कुछ समय पहले खालिस्तान समर्थकों ने हिंदू मंदिर के मेन गेट पर पोस्टर चिपकाकर आतंकी हरदीप सिंह निज्जर का समर्थन किया था। इस वर्ष जनवरी में तीन हिंदू मंदिरों को मेलबर्न में निशाना बनाया गया था। यहां भी खालिस्तानी समर्थकों ने मंदिरों पर नारे लिखे थे। नेवार्क की घटना पर अमेरिकी-भारतीय राजनीतिज्ञ बर्ट ठाकुर ने एक्स पर लिखा है-'हिंदू समुदाय के भाइयो और बहनों, मैं नफरत और असहिष्णुता की छाया के खिलाफ खड़ा हूं। कैलिफोर्निया के नेवार्क में हमारे पवित्र हिंदू मंदिर का अपमान, केवल एक इमारत पर हमला नहीं है, यह हमारी आत्मा और हमारे मूल्यों पर खुला हमला है। घृणा अपराध हमारे समाज के ताने-बाने पर जहरीला दाग है।

भारत ने अमेरिका में कैलिफोर्निया प्रांत के नेवार्क में स्वामीनारायण मंदिर वासना संस्था के श्री स्वामीनारायण मंदिर में भारत विरोधी पेंटिंग किये जाने की कड़ी निंदा की है और अमेरिकी प्रशासन से इस बारे में दोषियों के खिलाफ कठोर एवं त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

सैनफ्रांसिस्को स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि हम कैलिफोर्निया के नेवार्क में एसएमवीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर को भारत विरोधी भित्तिचित्रों से विरूपित करने की कड़ी निंदा करते हैं। इस घटना से भारतीय समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं। हमने इस मामले में अमेरिकी अधिकारियों द्वारा त्वरित जांच और तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई के लिए दबाव डाला है।

विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने भी इस घटना पर गहरा रोष व्यक्त किया है। विहिप के प्रवक्ता विनोद बंसल ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा,₹ कैलिफोर्निया के नेवार्क में एसएमवीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर को भारत विरोधी भित्तिचित्रों से विरूपित करने की अत्यधिक निंदा की जाती है। इससे भारत की धार्मिक और देशभक्ति की भावना को ठेस पहुंची है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और अमेरिकी अधिकारियों द्वारा उपद्रवियों और आतंक समर्थकों के खिलाफ त्वरित जांच और त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है।

# कांग्रेस ने नियुक्त किये 12 महासचिव और 12 प्रभारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को अपनी टीम में बड़ा बदलाव करते हुए 12 महासचिवों और 12 प्रदेश प्रभारियों की नियुक्ति की। पार्टी के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल की और से जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। झारखंड के प्रभारी अविनाश पांडे बदले गए। प्रियंका गांधी के स्थान पर पार्टी महासचिव अविनाश पांडे को उत्तर प्रदेश का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। इनमें सबसे प्रमुख नाम प्रियंका गांधी वाड्रा का है जिन्हे महासचिव के तौर पर बरकरार रखा गया है लेकिन फिलहाल उन्हें किसी प्रदेश का प्रभार या कोई अन्य जिम्मेदारी नहीं दी गई है। वह पिछले करीब पांच

- **प्रियंका गांधी वाड्रा को किसी प्रदेश का प्रभार या कोई अन्य जिम्मेदारी नहीं दी गई**
- **मिलिंद देवरा और विजय इंदर सिंघला बने संयुक्त कोषाध्यक्ष**
- **सचिन पायलट बने छतीसगढ़ के प्रभारी**

वर्षों से उत्तर प्रदेश की प्रभारी की भूमिका निभा रही थीं।

वेणुगोपाल संगठन महासचिव बने रहेंगे तथा महासचिव जयराम रमेश भी पार्टी की संचार विभाग के प्रभारी की जिम्मेदारी निभाते रहेंगे। अजय माकन पार्टी कोषाध्यक्ष की भूमिका निभाते रहेंगे। उनके साथ दो नेताओं मिलिंद देवरा और विजय इंदर सिंघला को संयुक्त कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

रणदीप सिंह सुरजेवाला से मध्य प्रदेश के प्रभार वापस लिया गया है



और अब वह सिर्फ कर्नाटक के प्रभारी बने रहेंगे। उनके स्थान पर जितेंद्र सिंह को मध्य प्रदेश के प्रभारी की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंप गई है।

सिंह पहले से ही असम के प्रभारी की भूमिका निभा रहे हैं। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट को महसचिव नियुक्त करने के साथ ही छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया गया है। महासचिव कुमारी सैलजा को छत्तीसगढ़ से हटाकर उत्तराखंड के प्रभारी की जिम्मेदारी सौंप गई है। सुखजिंदर सिंह रंधावा राजस्थान के प्रभारी बने रहेंगे।



## पीएम मोदी से मिले छत्तीसगढ़ के सीएम

**नयी दिल्ली। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को अपने दो विधायकों के साथ राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, विष्णु देव साय, डिप्टी सीएम, अरुण साव और विजय शर्मा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले।**

## 'दंगल' के सात साल पूरे सना शेख ने मनाया जश्न

**मुंबई।** स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म दंगल से डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस फातिमा सना शेख शनिवार को फिल्म की रिलीज के सात साल पूरे होने का जश्न मनाया। इसमें फातिमा ने पहलवान गीता फोगाट की भूमिका निभाई थी। यह महावीर सिंह फोगाट और उनकी बेटियों गीता और बबीता पर आधारित एक बायोपिक है। यह फिल्म सिर्फ एक सिनेमाई मनोरंजन नहीं थी, इसमें वास्तविक जीवन की कुश्ती चैंपियन की कहानी दिखाई गई थी, जिसका किरदार फातिमा ने निभाया था। फातिमा ने अपनी यात्रा पर विचार करते हुए कहा कि दंगल को सात साल हो गए हैं, एक ऐसी फिल्म जिसने सिनेमा में मेरी शुरूआत की और मुझे खुशियों से भरी यादें दीं। दंगल से लेकर धक



धक तक मेरा फिल्मी करियर खुशी, आंसुओं और दुःख के साथ भावनाओं का उतार-चढ़ाव भरा सफर रहा है। उन्होंने कहा कि गीता फोगाट हमेशा मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखेंगी और इस किरदार को मिले सभी प्यार के लिए मैं आभारी हूं।

## उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बना :योगी

**बिजनौर।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकसित भारत संकल्प यात्रा के क्रम में शनिवार को बिजनौर पहुंचे। योगी ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 121वीं जयंती के अवसर पर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने लाभार्थियों को चेक और लैपटॉप दिए। योगी ने बिजनौर के नजीबाबाद में स्थित एक निजी स्कूल में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बन गया है। गंगा एक्सप्रेसवे से मेरठ से वाया बिजनौर और हरिद्वार को जोड़ेंगे। पहले उत्तर प्रदेश की पहचान दंगों के लिए होती थी। दंगाइयों को खुली छूट मिली हुई थी। अब डबल इंजन की सरकार में उत्तर प्रदेश में दंगे नहीं होते।

# ईडी ने तेजस्वी यादव को फिर भेजा समन

**लैंड फॉर जॉब मामले में पूछताछ के लिए पांच जनवरी को बुलाया**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नौकरी के बदले जमीन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को फिर नया समन भेजा है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने तेजस्वी यादव को 5 जनवरी को दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है।

आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि ईडी ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को पूछताछ के लिए फिर समन जारी किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने तेजस्वी को 5 जनवरी को नई दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे पहले ईडी ने तेजस्वी को 22



दिसंबर और लालू प्रसाद यादव को 27 दिसंबर को पेश होने के लिए समन भेजा था।

हालांकि, वे कल ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए। जानकारी के मुताबिक बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के वकील ने ईडी से पूछताछ में शामिल होने के लिए अगली तारीख की मांग की थी। दरअसल, ईडी इस मामले में 11 अप्रैल को तेजस्वी यादव से करीब आठ घंटे तक पूछताछ कर चुका है लेकिन पहली बार उसने लालू प्रसाद यादव को भी इस मामले में समन जारी किया है। जांच एजेंसी ने यह समन दिल्ली के व्यवसायी और बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के करीबी अमित कात्याल की गिरफ्तारी के एक महीने बाद नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में जारी किया है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह समन सीबीआई के 18 मई, 2022 को लालू प्रसाद यादव, पूर्व सीएम राबड़ी देवी और मीसा भारती सहित 17 लोगों के खिलाफ नौकरी के बदले जमीन लेने के आरोपों को लेकर दर्ज एफआईआर के आधार पर जारी की है।

# यूपी में 60 हजार सिपाही की होगी बहाली

एजेंसी

**लखनऊ।** योगी सरकार ने शनिवार को प्रदेश के युवाओं को बड़ी सौगात देते हुए प्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। प्रदेश के युवाओं को काफी समय से यूपी पुलिस में सिपाही के 60 हजार से ज्यादा रिक्त पदों की भर्ती का इंतजार था, जो आज खत्म हो गया। प्रदेश के युवा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट https://uppbpb.gov.in/ पर जाकर सारी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी पुलिस में सिपाही के 60,244 पदों को भर्ती करने के निर्देश दिये थे। इसी क्रम में, शनिवार को बोर्ड की ओर से भर्ती का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। इसमें से अनारक्षित के लिए 24102 पद, ईडब्ल्यूएस के लिए 6024 पद, अन्य पिछड़ा

**नोटिफिकेशन जारी**

- **भर्ती में 20 प्रतिशत महिलाओं को दिया गया आरक्षण आवेदन शुल्क 400 रुपये**
- **ऑनलाइन माध्यम से आवेदन 27 दिसंबर से शुरू होगी**

वर्ग के लिए 16264 पद, अनुसूचित जाति के लिए 12650 पद, अनुसूचित जनजाति के लिए 1204 पद आरक्षित हैं। नोटिफिकेशन में महिलाओं के लिए आरक्षण भी निर्धारित कर दिया गया है। नोटिफिकेशन में दिए गए क्षैतिज आरक्षण में दी गयी जानकारी के तहत सम्पूर्ण पदों में से 20 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण दिया गया है। यूपी पुलिस सिपाही भर्ती में ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया 27 दिसंबर से शुरू हो जाएगी, जो 16 जनवरी 2024 जारी रहेगी। वहीं, शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि 18 जनवरी है। आवेदन पत्र के साथ ही उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क भी जमा करना




होगा, जो यूपीपीबीपीबी की ओर से 400 रुपये तय किया गया है। भर्ती के लिए सामान्य, ओबीसी एवं अनुसूचित जाति से आने वाले पुरुष उम्मीदवारों की न्यूनतम लम्बाई 168 सेमी और महिलाओं की न्यूनतम लंबाई 152 सेमी होनी चाहिए जबकि अनुसूचित जनजाति श्रेणी से आने वाले पुरुष उम्मीदवारों की न्यूनतम लंबाई 160 सेमी एवं महिला उम्मीदवारों की न्यूनतम लंबाई 147 सेमी होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि भर्ती में चयनित होने के लिए उम्मीदवारों को पहले लिखित परीक्षा में शामिल होना होगा।

इसके बाद लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन एवं फिजिकल स्टैंडर्ड टेस्ट के लिए आमंत्रित किया जाएगा। यूपी पुलिस कॉन्स्टेबल पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवार ने भारत में विधि द्वारा स्थापित बोर्ड द्वारा 10वीं एवं 12वीं कक्षा उत्तीर्ण या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त इसके समकक्ष योग्यता प्राप्त की हो। वहीं, इस भर्ती में आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए।


वहीं, अधिकतम आयु के तौर पर उम्मीदवार ने 22 वर्ष की आयु प्राप्त न की हो, यानी अभ्यर्थी का जन्म 2 जुलाई 1998 से पहले एवं 1 जुलाई 2005 के बाद नहीं होना चाहिए। आरक्षित श्रेणी से आने वाले उम्मीदवारों को ऊपरी आयु में छूट प्रदान की जाएगी।

## मराठा समाज को मिलेगा न्याय : शिंदे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को कहा कि मराठा आरक्षण के लिए मराठा नेता मनोज जारांगे पाटिल को अब आंदोलन करने की नौबत नहीं आएगी। शनिवार को सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की क्यूरेटिव पिटीशन स्वीकार कर ली है। इसी पिटीशन की सुनवाई 24 जनवरी 2024 को होने वाली है और मराठा समाज को न्याय मिलेगा। मुख्यमंत्री ने मीडिया कर्मियों से कहा कि मनोज जारांगे को धीरज रखना चाहिए। राज्य सरकार मराठा समाज को आरक्षण देने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रही है। वर्ष 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मराठा समाज को आरक्षण दिया था, लेकिन इसके बाद सरकार बदली और मराठा आरक्षण सुप्रीम कोर्ट में नहीं टिक सका। उनकी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में क्यूरेटिव पिटीशन दाखिल किया था, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। इसकी सुनवाई के समय राज्य सरकार वकीलों के माध्यम से मराठा समाज के बारे में पक्ष रखेगी और मराठा समाज को निश्चित न्याय मिलेगा।

## एक नजर में

### जनकपुर धाम को भी मिला रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण



**काठमांडू।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए नेपाल के जनकपुरधाम को भी निमंत्रण पत्र मिला है। यह निमंत्रण पत्र श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट की तरफ से भेजा गया है। जनकपुरधाम भगवान राम की ससुराल है। जनकपुरधाम स्थित जानकी मंदिर के प्रमुख महंथ राम तपेश्वर दास और उत्तराधिकारी महंथ रामरोशन दास को निमंत्रण पत्र मिल गया है। निमंत्रण पत्र को साझा करते हुए महंथ रामरोशन दास ने इसे एक ऐतिहासिक क्षण बताया है। अत्यंत ही भाव विह्वल होकर महंथ ने कहा कि माता जानकी के घर में होने जा रहे भव्य समारोह के लिए निमंत्रण मिलने से सम्पूर्ण जनकपुरधामवासियों का हृदय प्रसन्न है। उन्होंने कहा कि माता जानकी की ससुराल में होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा की प्रतीक्षा वर्षों से थी। श्रीराम जन्मभूमि पर बनने वाले भव्य मंदिर के शिलान्यास में भी जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था।

### इजराइल ने लेबनान व गाजा में दागी मिसाइलें



**तेल अवीव।** गाजा पट्टी में छिड़े युद्ध के 78वें दिन शनिवार सुबह इजराइल की वायुसेना ने लेबनान में धावा बोला। इसके अलावा इजराइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने गाजा शहर और मध्य गाजा के कई स्थानों पर हमला किया। आईडीएफ ने गाजा में लड़ाई के दौरान फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास की लंबी सुरंग में छुपे आतंकवादियों को मार गिराया है। मारे गए आतंकवादियों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। इजराइल के प्रमुख अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार सीमा पर जारी लड़ाई के बीच इजराइल की वायुसेना ने सुबह से अब तक दक्षिणी लेबनान के कफ्र किला इलाके में कई बार हमला बोला है। यरुशलम पोस्ट के अनुसार इजराइल की वायुसेना ने गाजा शहर और मध्य गाजा के अन्य स्थानों में शनिवार सुबह ताबड़तोड़ मिसाइल और रॉकेट दागे हैं। इससे दीर अल-बाला क्षेत्र में भारी तबाही हुई है।

### जम्मू में 12वीं सदी की दुर्लभ मूर्तियां मिलीं



**जम्मू।** अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि 12वीं शताब्दी ईस्वी की भगवान शिव और देवी इंद्राणी की मूर्तियों की एक जोड़ी यहां खुदाई में मिली है। अधिकारियों ने कहा कि प्राचीन मूर्तियां जम्मू के बाहरी इलाके में भौर शिविर में खुदाई के दौरान मिलीं और बाद में उन्हें अभिलेखागार, पुरातत्व और संग्रहालय विभाग ने अपने कब्जे में ले लिया। अधिकारियों ने कहा कि यह पाया गया है कि 12वीं शताब्दी ईस्वी की मूर्तियां बहुत दुर्लभ हैं। अधिकारियों ने कहा कि ये मूर्तियां देवी इंद्राणी के मानव रूपों को दशार्ती हैं, जिनका माप 28 ७ 13 .5 इंच है, वजन 55 किलोग्राम है और भगवान शिव की मूर्ति का माप 21 ७ 14 इंच है, जिनका वजन 40 किलोग्राम है। उन्होंने कहा कि पुरातत्व की सहायक निदेशक संगीता शर्मा के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम ने भौर शिविर का दौरा किया और संरक्षण के लिए मूर्तियों को अपने कब्जे में ले लिया।

### एनएचआइडीसीएल के वार्षिक परिणाम घोषित

**नयी दिल्ली।** सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी राष्ट्रीय राजमार्ग और बुनियादी ढांचा विकास निगम लिमिटेड-एनएचआईडीसीएल ने 2022-23 के परिणाम घोषित किए हैं जिसमें कंपनी का लाभांश बढ़कर लगभग दोगुना दर्ज किया गया है। कंपनी के निदेशक मंडल की शुक्रवार को यहां हुई वार्षिक आम बैठक में कंपनी के 2022-23 के वित्तीय परिणाम घोषित किए गये जिसके अनुसार 2022-23 में कंपनी का कार्य निष्पादन मूल्य बढ़कर 19,309 करोड़ रुपए हो गया जो 2021-22 में 14,953 करोड़ रुपए था। कम्पनी ने समीक्षा वर्ष में 42.61 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दशार्ते हुए कहा कि चालू वर्ष में उसका राजस्व 474.22 करोड़ रुपए हो गया जो 2021-22 में 332.53 करोड़ रुपए था। कंपनी के पीएटी 98.34 प्रतिशत के सराहनीय सुधार के साथ 224.70 करोड़ पहुंचा जो पहले साल113.29 करोड़ रुपए था। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2021-22 में प्रति शेयर आय 11 रुपए से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 21.82 रुपए हो गया। वित्त वर्ष 2020-21 में लाभांश का वितरण भी 34 करोड़ से बढ़कर वित्त 2022-23 में 67.47 करोड़ रुपए हो गया है।

### महिला सशक्तीकरण महत्वपूर्ण : राष्ट्रपति

**जैसलमेर ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिला सशक्तीकरण को अपने आप में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि कोई भी देश अपनी पचास प्रतिशत आबादी की उपेक्षा करके आगे नहीं बढ़ सकता। श्रीमती मुर्मू शनिवार को शहीद पूनम सिंह स्टेडियम में आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण अपने आप में महत्वपूर्ण है। महिला सशक्तीकरण और महिलाओं की वर्क फोर्स में सामान भागीदारी, सामाजिक और आर्थिक प्रगति में भी अहम योगदान देती है। कोई भी देश 50 प्रतिशत आबादी की उपेक्षा करके आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अधिक आर्थिक स्वायत्तता, व्यक्तिगत स्वतन्त्रता और राजनीतिक शक्ति प्राप्त हो, इस दिशा में केन्द्र सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। सरकार ने वर्क फोर्स में महिलाओं की भागीदारी और उनके रोजगार की गुणवत्ता में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आज भी सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में जेंडर के आधार पर प्राथमिकता जैसी समस्याएं बनी हुई हैं।

VERMA PRESS®
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !